* ओड़िशा संस्करण

9 YEARS

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 23 जून, 2024, रविवार, वर्ष 09, अंक 243, आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वितीय, संवत 2081, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00







# नीट का पेपर झारखंड से लीक हुआ, छह हिरासत में

- रांची से भेजे गये थे सभी जगहों पर प्रश्नपत्र
- जली बुकलेट का नंबर हजारीबाग का
- मास्टर माइंड सिकंदर का बेटा रांची के हरमू में चलाता है दुकान



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नीट पेपर लीक मामले के तार अब झारखंड से भी जुड़ रहे हैं। बिहार पुलिस ने देवघर से आधा दर्जन आरोपी को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी देवघर जिले के देवीपुर थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहे थे। सभी आरोपी पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज मामले में संदिग्ध हैं। गिरफ्तार आरोपी में बिहार के नालंदा जिले के छविलापुर थाना क्षेत्र स्थित बलदार विगहा निवासी पंकु कुमार, परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, चिंटू उर्फ बलदेव कुमार, नूरसराय थाना क्षेत्र के दरुआरा निवासी काजू उर्फ प्रशांत कुमार, एकंगरसराय थाना क्षेत्र के अजीत कुमार और राजीव कुमार उर्फ कारू का नाम शामिल है। वहीं, रांची से सभी जगह प्रश्न पत्र भेजे जाने की बात समाने आ रही है, तो जली बुकलेट हजारीबाग के होने की सूचना है। जानकारी के मुताबिक पेपर लीक का सरगना संजीव मुखिया के नीचे अमित और नीतीश काम करते थे। अमित लाइजनर का काम करता है। सिकंदर ने अनुराग और आयुष जैसे कई अभ्यर्थियों को पास कराने का ठेका लिया था। चिंटू के मोबाइल पर पेपर के जवाब आये थे। सवालों के जवाब रातों रात पटना के लर्न एंड प्ले स्कूल पहुंचा दिये गये। वहां पहले से मौजूद अनुराग और आयुष जैसे छात्रों ने जवाब का रट्टा मारा और अगली सुबह परीक्षा देने गये।

### हजारीबाग का था जला हुआ बुकलेट

बिहार पुलिस का कहना है कि 5 मई को नीट की परीक्षा हुई थी। इस दौरान सूचना मिली थी कि कुछ अभ्यर्थी और सेंटर के पास पेपर पहले से पहुंच गया है और उसे रटवाया जा रहा है। पुलिस जब वहां पहुंची, तो जला पेपर मिला और बुकलेट नंबर 6136488 बरामद की गयी थी। सूत्रों की मानें तो यह बुकलेट हजारीबाग के एक सेंटर की है। इससे यह माना जा रहा है कि पेपर झारखंड से ही लीक हुआ था।

### 30-32 लाख में पेपर की डील की थी सिकंदर ने

नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार सिकंदर यादवेंद्र मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने 30 से 32 लाख रुपये में पेपर की डील की थी। इसके बाद चार अभर्थियों को उसने पेपर 40-40 लाख रुपये में बेचा था। बताया जा रहा है नीट का पेपर सबसे पहले झारखंड के हजारीबाग से लीक हुआ था। सिकंदर यादवेंद्र ने दानापुर पटना के आयुष कुमार, समस्तीपुर के अनुराग यादव, रांची के अभिषेक कुमार और गया के शिवनंदन कुमार को पेपर देने की बात कही है। 5 मई को होनेवाली नीट की परीक्षा के लिए सिकंदर यादवेंद्र ने चारों अभ्यर्थियों को 4 मई की रात को पटना के रामकृष्णा नगर में जाकर पेपर सौंपा। उस वक्त अमित आनंद और नीतीश कुमार भी उसके साथ मौजूद थे। इसके बाद रातभर सभी को पेपर रटवाया गया, लेकिन 5 मई को पटना के बेली रोड से चारों अभ्यर्थियों को एक झारखंड नंबर की गाड़ी से हिरासत में ले लिया गया था, जिसके बाद पेपर लीक के खुलासे हुए थे।

### रांची की कूरियर कंपनी में जांच

नीट पेपर लीक मामले में आशंका जतायी जा रही है कि रांची से ही सभी जगह पर प्रश्नपत्र भेजे गये थे। इसकी जांच चल रही है। इस मामले में सदर थाना क्षेत्र में स्थित कूरियर सर्विस कंपनी रडार पर हैं। बिहार आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) की टीम मामले की जांच करने रांची पहुंची है। टीम ने कूरियर सर्विस के कार्यालय में भी जांच की। टीम द्वारा कूरियर सर्विस कंपनी के दफ्तर में दबिश दी गयी है। जानकारी के अनुसार कूरियर कंपनी से नीट के प्रश्न पत्र कई शहरों में भेजे गये थे। टीम ने सीसीटीवी और कागजात खंगाले हैं। टीम यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कौन व्यक्ति कूरियर सेंटर में कूरियर देने के लिए आया था।

### सिकंदर यादवेंदु का है रांची से कनेक्शन

नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड सिकंदर यादवेंदु जूनियर इंजीनियर के पद पर बिहार में बहाल हुआ था। वह समस्तीपुर जिले के बिथान का रहनेवाला है। एक दशक में ही उसने रसूखदारों से नजदीकी बना ली। बड़े राजनेताओं का वह खास बन गया। नीट पेपर लीक में वह मास्टरमाइंड है। उसका झारखंड से कनेक्शन निकला है। सिकंदर यादवेंदु का रांची के बरियातू में घर है। हरमू में उसके बेटे की दुकान है। वह लालू प्रसाद का करीबी कहा जा रहा है। चारा घोटाले में जब लालू प्रसाद रांची जेल में थे, तब सिकंदर यादवेंदु उनसे मुलाकात किया करता था।

### एनटीए में सुधार के लिए सात सदस्यीय कमेटी का एलान

नयी दिल्ली (अजाद सिपाही)। शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की परीक्षाओं में गड़बड़ियां रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए सात सदस्यीय हाइलेवल कमेटी का एलान किया। असरो के पूर्व चेयरमैन और आइआइटी कानपुर के पूर्व डायरेक्टर के राधाकृष्णन इसके चीफ होंगे। यह कमेटी दो महीने में शिक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

### पेपर लीक हुआ तो 10 साल जेल, एक करोड़ तक जुर्माना

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। देश में एंटी-पेपर लीक कानून यानी पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू हो गया है। केंद्र ने शुक्रवार की आधी रात इसका नोटिफिकेशन जारी किया। यह कानून भर्ती परीक्षाओं में नकल और अन्य गड़ब?ड़ियां रोकने के लिए लाया गया है। इस कानून के तहत पेपर लीक करने या उत्तर शीट के साथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम तीन साल जेल की सजा होगी। इसे 10 लाख रुपये तक के जुर्माने के साथ पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है। परीक्षा संचालन के लिए नियुक्त सर्विस प्रोवाइडर अगर दोषी होता है, तो उसे 5 से 10 साल तक की जेल की सजा और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना होगा। सर्विस प्रोवाइडर अवैध गतिविधियों में शामिल है, तो उससे परीक्षा की लागत वसूली जायेगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 12 फरवरी को बिल को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया था।

# जमीन दलाल कमलेश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

- कांके थाना में आर्म्स एक्ट के तहत दायर कराया गया मामला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जमीन दलाल कमलेश कुमार के खिलाफ कांके थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। कमलेश के ठिकानों पर शुक्रवार (21 जून) को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने छापेमारी की थी। उसके ठिकानों से एक करोड़ रुपये और 100 कारतूस बरामद हुए थे।

**इडी ने कई बार जारी किया था समनः** रांची में भूमि घोटाला मामले में जमीन दलाल कमलेश कुमार को इडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। जमीन घोटाला के आरोपी अफसर अली और शेखर कुशवाहा के यहां इडी की छापेमारी में मिले दस्तावेज से यह पता चला कि इस रैकेट में कमलेश भी शामिल है। पूछताछ में शेखर कुशवाहा ने भी इडी को बताया था कि फर्जी दस्तावेज बना कर कमलेश कुमार ने कई जमीनों का सौदा किया है। इस मामले में इडी की ओर से उसे कई बार समन जारी किये गये, लेकिन वह एक बार भी पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुआ। कमलेश कुमार ने चामा, नगड़ी और लॉ यूनिवर्सिटी के पास कई जमीनों का सौदा किया था। उसने कई पुलिस अफसरों को जमीन बेची।

### कांके थाना में दर्ज हुई प्राथमिकी

कमलेश लगातार प्रवर्तन निदेशालय (इडी) से समय मांगता रहा। छह साल पहले फोटोग्राफी छोड़ कर उसने पूरी तरह जमीन दलाली को अपना पेशा बना लिया। जमीन की दलाली करते-करते उसने कई पुलिस अफसरों और राजनेताओं से संबंध स्थापित कर लिये। नेताओं और मंत्रियों के साथ तसवीर खिंचवा कर वह प्रशासनिक अधिकारियों में यह संदेश देता था कि उसके लिंक ऊपर तक हैं। इसके बाद शुक्रवार (21 जून) को इडी ने उसके ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में उसके घर से एक करोड़ रुपये नकद और 100 कारतूस बरामद हुए। यहां से जमीन के भी कुछ कागजात इडी ने बरामद किये हैं। इसके बाद शनिवार (22 जून) को राजधानी रांची के कांके थाना में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### चांदनी चौक स्थित फ्लैट में पड़ी थी रेड

इडी ने कांके रोड के चांदनी चौक स्थित एस्टर ग्रीन अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 603-सी में छापेमारी की थी। यह फ्लैट कमलेश ने भाड़े पर लिया है। इसी फ्लैट से इडी की टीम ने एक करोड़ रुपये, जमीन के कारोबार से जुड़े कई दस्तावेज और राइफल के 100 कारतूस बरामद किये। हालांकि, उसके घर से राइफल नहीं मिली।

### अफसर के घर से मिली थी 200 एकड़ से ज्यादा जमीन की सेल डीड

अफसर अली के घर से मिले दस्तावेजों की जांच के दौरान ही इडी को पता चला कि 200 एकड़ से ज्यादा जमीन की फर्जी सेल डीड बनी थी। इसमें कुछ जमीनों की खरीद-बिक्री में कमलेश भी लिप्त था। इडी ने सरकार को दस्तावेज सौंपते हुए इस मामले की जांच कराने का आग्रह किया, लेकिन सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# विधायक बनने के बाद गांडेय पहुंचीं कल्पना

- जनता की समस्याओं की टटोल रहीं नब्ज
- ऑन द स्पॉट समस्याओं के समाधान का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गांडेय।** विधायक बनने के बाद पहली बार कल्पना सोरेन विधानसभा क्षेत्र गांडेय पहुंचीं। इस दौरान जनता और जनप्रतिनिधियों से मिल कर गांडेय की समस्याओं की नब्ज टटोलने का प्रयास करती दिखीं। साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर उसके समाधान का निर्देश भी दिया। कुछ समस्याओं के निदान को लेकर ऑन द स्पॉट निर्देश दिया। विधायक को पहली बार अपने बीच पाकर जनता का दिल भी बाग-बाग हुआ। कोई माला पहना कर तो कोई जोहार कर अभिनंदन करता दिखा। कल्पना सोरेन भी जनता के बीच हाथ जोड़ कर आभार जताती नजर आयीं। कई जगहों पर उन्होंने महिलाओं के साथ सेल्फी भी ली। कल्पना सोरेन तीन दिनों तक गांडेय की जनता के बीच रहेंगी। इस दौरान जन समस्याओं से नजदीक से रू-ब-रू होंगी। साथ ही इसके निदान की दिशा में भी पहल करेंगी। कल्पना सोरेन से मिलने काफी संख्या में लोग जुटे। कई मुखिया भी इस दौरान कल्पना सोरेन से मिले और गांडेय इलाके की जनसमस्या कर चर्चा की। इस दौरान सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी कल्पना सोरेन के साथ मौजूद थे।



### आते ही अधिकारियों के साथ की बैठक

विधायक कल्पना सोरेन ने क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में पहुंच कर आमजनों का आभार प्रकट किया और उनकी समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। गिरिडीह स्थित सर्किट हाउस में जिला के डीसी सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर कई निर्देश भी दिये। इस दौरान राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद भी थे। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, डीडीसी दीपक दुबे, अपर समाहर्ता विजय सिंह बिरुआ के अलावे कई अधिकारी मौजूद रहे। कल्पना सोरेन ने सबसे पहले सभी अधिकारियों से एक-एक कर परिचय लिया और इसके बाद गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को कई दिशा निर्देश भी दिये।

### धरातल पर दिखेगा काम: कल्पना

इस दौरान कल्पना सोरेन ने कहा कि चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान गांडेय की जनता से पहली बार मुखातिब होने का मौका मिला। अब विधायक बनने के बाद पहली बार उनके पास जाकर उनकी समस्याओं को जानने का मौका मिला है। अब आमने-सामने लोग खुल कर विधायक से मिल पायेंगे। अभी तक कागजों पर कितना काम चल रहा है और वह काम धरातल पर कितना हुआ है, यह देखना होगा। जनता की समस्याओं का निदान सिर्फ कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर करके दिखायेंगे। काम कर-के दिखाना है, बोल कर काम करने वालों पर विश्वास नहीं करती। यहां की जनता ने चुना है, तो काम करके दिखाऊंगी। आनेवाले चार महीने के अंदर बहुत कुछ करना है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# दूसरे के घाव को कब तब मरहम समझेगी भाजपा

## ■ दलबदलुओं की मंशा को समझें, नहीं तो सभी को होगा नुकसान

## ■ तपे-तपाये कैडरों और मौसमी नेताओं के बीच फर्क करना ही होगा

**आजाद सिपाही विशेष**

**18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के दौरान और चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद कई तरह की दिलचस्प कहानियां और आंकड़े सामने आये हैं, आ रहे हैं। इन आंकड़ों में से एक दिलचस्प आंकड़ा दलबदलुओं के स्ट्राइक रेट के बारे में है और खास कर भाजपा में दलबदलुओं के प्रति सम्मोहन की। देश में अब तक हुए चुनाव में एकाध अवसरों को छोड़ कर कभी दलबदलुओं का चुनावी प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और यह बात इस बार भी साबित हुई। लेकिन लगता है कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा इससे सीख नहीं ले रही है। इस बार के चुनाव में भी उसने अपने कई सीटिंग सांसदों का टिकट काट कर दूसरे दलों से आये नेताओं को टिकट दिया और इसका परिणाम उसे भुगतना पड़ा है। यह केवल भाजपा के साथ नहीं हुआ है, बल्कि हर उस पार्टी के साथ हुआ है, जो पाला बदलने वाले नेताओं को अपने तपे-तपाये कैडरों से अधिक महत्व देती हैं, उन्हें तरजीह देती हैं, टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारती हैं। इससे पार्टी के पुराने कैडर खुद को उपेक्षित तो महसूस करते ही हैं, उनके आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचती है, पार्टी के लिए काम करने का उनका हौसला खत्म होता है। 2024 के चुनाव में भाजपा के साथ ठीक ऐसा ही हुआ। उसने 2014 के बाद दूसरे दलों से पार्टी में आये 110 लोगों को टिकट दिया, लेकिन उनमें से 62 फीसदी को जनता ने नकार दिया। यही हाल कांग्रेस और दूसरे दलों का भी रहा। इसलिए अब राजनीतिक दलों को, खास कर भाजपा को इस तरह के प्रयोग से बचना होगा और उन्हें अपने तपे-तपाये कैडरों और मौसमी नेताओं के बीच के अंतर को समझना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो फिर चुनाव-दर-चुनाव उनके लिए समस्या बढ़ती जायेगी। भारत की राजनीति में क्या है दलबदलुओं का इतिहास और भाजपा को इस घाव ने कैसे अपने शिकंजे में लेकर नुकसान पहुंचाया है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

भाजपा, जो दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है, उसे आखिर खुद की पार्टी की बजाय दूसरे दलों के नेताओं में ज्यादा इंटरेस्ट क्यों रहता है। उसे खुद के नेताओं या कैडर पर भरोसा क्यों नहीं रहता। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 441 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिसमें उसने 110 दलबदलुओं को टिकट दिया था। ये दलबदलू मोदी युग के हैं, यानि 2014 के बाद से जिन्होंने दल बदला था। इनमें से करीब 62 प्रतिशत उम्मीदवार चुनाव हार गये। यानी 2024 लोकसभा चुनाव में जनता ने दलबदलुओं को नकार दिया। इस बार 2024 के चुनाव से पहले कम से कम 25 नेता दूसरी पार्टियों से भाजपा में शामिल हुए थे। इनमें से 20 नेता हार गये। पार्टी ने ऐसे वक्त पर भी दलबदलुओं का सहारा पाने की कोशिश की, जब 2019 में उसे अकेले 303 सीटें आयी थीं। यानी चार सौ पार वाले जिन्न ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया था। अगर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का हाल ऐसा है, तो फिर आगे भगवान ही मालिक है।

आखिर भाजपा आलाकमान को खुद के लोगों की उपेक्षा करने का ज्ञान कब और कहां से प्राप्त हुआ। खुद की पार्टी के सीटिंग सांसदों का टिकट काटना ही था, तो पांच साल, अगर वे सांसद अपने क्षेत्र में काम नहीं कर रहे थे, तो उनकी मॉनिटरिंग दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी क्यों नहीं कर रही थी। चलिए सीटिंग सांसदों का टिकट काटा भी गया, तो मौका खुद की पार्टी के लोगों को मिलना चाहिए था। अगर मौका नहीं दिया गया, तो यह हर उन भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ छलावा है, जिन्होंने अपनी सारी जिंदगी पार्टी में खपा दी, जो जीवन भर झंडा ढोते रह गये, जयकारा लगाते-लगाते उनके चेहरों पर झुर्रियां आने लगीं। लेकिन आखिरकार उन्हें क्या मिला, उपेक्षा। भाजपा का जो सिद्धांत रहा है, उसमें कोई भी अपनी मर्जी थोप नहीं सकता। अगर ऐसा होता है, तो उसे जवाब भी उसी अंदाज में मिलता है। एक तरफ खुद के नेताओं को टिकट मिलता नहीं और दूसरी तरफ दूसरे दलों के नेताओं को पार्टी में शामिल करा कर पार्टी के कार्यकर्ताओं को कहा जाता है कि उसे सपोर्ट करें। इसका मतलब तो यही हुआ कि प्रेमिका की शादी किसी और से हो गयी और मेहमाननवाजी भी खुद को ही करनी पड़ रही। अब ऐसे में तो मामला गड़बड़ायेगा ही। एक उपेक्षित व्यक्ति से आप इस बात की उम्मीद कैसे रख सकते हैं कि वह अपना सब कुछ दांव पर लगा कर दूसरे दल से आये नेता को जीताने में अपनी पूरी ऊर्जा लगायेगा। उसका मनोबल तो पहले ही टूट चुका है। हर कोई संत-महात्मा थोड़े न है कि उसे फर्क नहीं पड़ेगा। आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि पार्टी के कार्यकर्ता दूसरे दलों से आये नेताओं के लिए पलक-पांवड़े बिछा के रखेंगे और गायेंगेः तारों का चमकता गहना हो, फूलों की महकती वादी हो, उस घर में खुशहाली आये, जिस घर में तुम्हारी शादी हो। यह सब फिल्मों में ही होता है, असल जिंदगी में गिव एंड टेक ही चलता है। टिकट वितरण कोई खेल का पास थोड़े है कि अपने सगे-संबंधियों या नियर और डियर वन को बांट दिया। पहले उम्मीदवार को तो पहचानिये, तब जाकर गुटबाजी कीजिए ।गुटबाजी एक-दूसरे को कमजोर करने का ही माध्यम है। इसका असल फायदा कोई तीसरा ही उठा लेता है।



ठीक यही हुआ है 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ। यूपी इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। यूपी में तो भाजपा के आंतरिक सर्वे में ही पता चल गया था कि कई सीटिंग एमपी हार जायेंगे, लेकिन उनका टिकट नहीं काटा गया। क्यों! यह सवाल बहुत बड़ा है। यूपी में जो परिणाम आया, उससे फायदा किसे हुआ। किसी को नहीं, बल्कि और तरह-तरह की बातें सामने आने लगीं, जो पार्टी के हक में नहीं हैं। व्यक्ति तो छोड़िए, पार्टी कमजोर हुई। अगर भाजपा अपनी ही पार्टी के नेताओं का पैर नहीं खींचती, तो उसे बहुमत अकेले दम पर हासिल हो जाता। बात अगर यहीं रुक जाती, तो बेहतर था, लेकिन यह गुटबाजी वाली बीमारी भाजपा में अब कैंसर की तरह फैल रही है। भाजपा को दूसरे का घाव पालने में बड़ा मजा आ रहा है। लेकिन इसी घाव ने अब अपना असली रंग दिखाना शुरू कर दिया है। अब दूसरे दलों से आये नेताओं ने हारने के बाद भाजपा के बड़े नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक पर आरोप मढ़ना शुरू कर दिया है कि यही लोग हैं मेरी हार का कारण, नहीं तो मैंने झंडा गाड़ ही दिया था। यहां दो सवाल उठते हैं, जिसकी समीक्षा पार्टी को करनी चाहिए। एक तो दलबदलुओं को किस आधार पर टिकट दिया गया, जो हार गये और दूसरा जिन सीटिंग एमपी के खिलाफ एंटी इनकमबेंसी थी, तो भी उन्हें टिकट किसके कहने पर दिया गया। इसके बारे में समीक्षा करनी जरूरी है।

इस चुनाव में यह भी देखा गया कि आरएसएस की भी उपेक्षा हुई। संघ ने जहां-जहां पार्टी को चेताया, उसे अनसुना कर दिया गया। संघ ने पहले ही चेता दिया था कि दलित वोट भाजपा से छिटकने वाला है, लेकिन भाजपा में बैठे संगठन के लोगों ने उनकी एक न सुनी। वे 400 पार वाला नारा कान में डाल सो रहे थे। यही 400 पार वाला नारा भाजपा के लिए ओवरडोज हो गया। ठीक वैसे, जैसे अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय इंडिया शाइनिंग और फील गुड वाला नारा ओवरडोज हो गया था। इस बार संगठन और उसके लोग निश्चिंत थे कि अबकी बार 400 पार ही है। वैसे इस बार भाजपा के लिए 400 पार असंभव नहीं था। लेकिन भाजपा ने खुद इसे संभव होने नहीं दिया। अगर पश्चिम बंगाल की बात करें, जब 2019 में पार्टी को 18 सीटें आयी थीं, तब ऐसा लगा कि बंगाल अब परिवर्तन मांग रहा है। यह परिवर्तन भी होता, अगर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व बंगाल में पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ हुई हिंसा का जवाब देता। जब भाजपा के छोटे-छोटे कार्यकर्ता मारे जा रहे थे, तब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व क्या कर रहा था। आखिर क्यों कोई भी अपनी जान जोखिम में डाल कर आपकी सेवा करेगा। कोई खैरात तो उसने खाया नहीं है। अगर भाजपा पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा का मुंहतोड़ जवाब देती, तब उसे 18 से 12 पर नहीं आना पड़ता। बंगाल में उसकी सीटें जरूर बढ़तीं। यूपी में भी अगर भाजपा अति-आत्मविश्वास का शिकार नहीं होती, तो उसे 29 सीटें नहीं गंवानी पड़ती। इस बार तो और सीटें झोली में आतीं।

भाजपा अपने अंतर्कलह का शिकार हो गयी। कोई अगर किसी से सवाल करेगा कि झारखंड में सबसे बड़ा नेता कौन है, तो जवाब मिलेगा शिबू सोरेन। जिस शिबू सोरेन को भाजपा के सुनील सोरेन ने हराया था, उनका ही टिकट जब पार्टी ने काट दिया और दूसरे दल से आयीं सीता सोरेन को टिकट दे दिया गया, तो नतीजा क्या होना चाहिए। लोग तो यहीं बोलेंगे कि फिफ्टी-फिफ्टी चांस है जीतने-हारने का। लेकिन सुनील सोरेन ने तो शिबू सोरेन जैसे कद्दावर को हराया था, एक मौका तो उन्हें दिया ही जा सकता था। आखिरकार क्या हुआ, अब सीता सोरेन आज भाजपा नेताओं पर बरस रही हैं। कह रही हैं कि वह भितरघात का शिकार हुई हैं। प्रदेश नेतृत्व तक पर उन्होंने प्रहार कर दिया।

दलबदलुओं का कॉनफिडेंस भी गजब का होता है। अगर वह चुनाव जीतता है, तो सारा क्रेडिट खुद लेता है और अगर हारता है, तो इसका ठीकरा पार्टी के माथे फोड़ देता है। फिर अपना पुराना या नया ठिकाना तलाशता है।

### इस बार नकारे गये दलबदलू

2024 लोकसभा चुनाव में जनता ने दलबदलुओं को नकार दिया है। चुनाव से पहले कम से कम 25 नेता दूसरी पार्टियों से बीजेपी में शामिल हुए थे। इनमें से 20 नेता हार गये हैं। कांग्रेस के टिकट से चुनाव लड़ने वाले सात दलबदलू उम्मीदवारों में से केवल दो को ही जीत मिली है। यानी जीत का स्ट्राइक रेट लगभग 28% रहा है। कमोबेश ऐसा ही हाल अन्य पार्टियों के दलबदलू नेताओं का भी है। भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं का हाल भी कुछ अलग नहीं रहा। दल बदलना नेताओं के लिए नयी बात नहीं है। नेता कई कारणों मसलन-टिकट न मिलने, दूसरी पार्टी में जीत की संभावना अधिक दिखने आदि से पार्टी बदलते हैं। इस वजह से देश में कई बार राजनीतिक अस्थिरता का दौर देखा गया है।

### दलबदलुओं का इतिहास: कभी खुशी कभी गम

भारतीय राजनीति में दलबदल का इतिहास काफी पुराना है। पहले और चौथे लोकसभा चुनाव के बीच दो दशक की अवधि में दलबदल के 542 मामले सामने आये थे। दलबदलू नेताओं के लिए सबसे अच्छा 1977 का आम चुनाव रहा था। आपातकाल के ठीक बाद हुए इस चुनाव में इंदिरा गांधी से मुकाबले के लिए कई राजनीतिक ताकतों ने हाथ मिलाया। तब चुनाव में उतरे 2439 उम्मीदवारों में से 6.6 प्रतिशत यानी कुल 161 दलबदलू थे। इनकी सफलता दर 68.9 प्रतिशत थी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। 1980 के लोकसभा चुनाव में कुल 4629 उम्मीदवारों में से 377 यानी 8.1 प्रतिशत दलबदलू थे। इनमें से 20.69 प्रतिशत सफल हुए। 1984 का साल कांग्रेस में आने वाले दलबदलुओं के लिए अच्छा साबित हुआ। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के प्रति सहानुभूति की लहर चल रही थी। तब कांग्रेस ने 32 दलबदलू उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें 26 को जीत मिली। 1984 में भाजपा ने अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ा। तब पार्टी से 62 दलबदलू उम्मीदवार लड़े थे, लेकिन किसी को भी जीत नहीं मिली। अगर 2004 के लोकसभा चुनावों की बात करें तो कुल उम्मीदवारों में दलबदलू उम्मीदवारों का हिस्सा 3.9 प्रतिशत था और उनकी सफलता दर 26.2 प्रतिशत थी। 2014 में भाजपा के टिकट पर लड़ने वाले दलबदलू उम्मीदवारों की सफलता दर 66.7 प्रतिशत थी, वहीं कांग्रेस के लिए यह आंकड़ा 5.3 प्रतिशत था। 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल आठ हजार से अधिक उम्मीदवारों में अलग-अलग दलों के 195 दलबदलू उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें से केवल 29 को ही जीत मिली। तब भाजपा के कुल उम्मीदवारों में 5.3 प्रतिशत दलबदलू थे, जिनमें से 56.5 प्रतिशत को जीत मिली। कांग्रेस के कुल उम्मीदवारों में 9.5 प्रतिशत दलबदलू थे, जिनमें से जीत सिर्फ पांच प्रतिशत को मिली। इस प्रकार 2019 के आम चुनावों में दलबदलू नेताओं की सफलता दर 15 प्रतिशत से कम रही, जबकि 1960 के दौर में औसतन लगभग 30 प्रतिशत दलबदलू नेता चुनाव जीत रहे थे।

---

## रांची पहुंचे भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान

# आज दिनभर मैराथन बैठकों का दौर

- सह प्रभारी हिमंता विश्व सरमा आज आयेंगे
- 6 जुलाई तक भाजपा का एक वृक्ष मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा लोकसभा चुनाव के बाद सांगठनिक कार्यक्रम और विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है। इसी सिलसिले में भाजपा के प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रभारी सह केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व सरमा नयी जिम्मेवारियों के साथ पहली बार झारखंड आ रहे हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को सेवा विमान द्वारा नयी दिल्ली से चलकर रांची पहुंचे। विभागीय बैठक के बाद शिवराज सिंह भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न बैठकों में भाग लेंगे। विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व सरमा 23 जून को रांची पहुंचेंगे। इसके बाद बिश्व सरमा लीची बागान, जगन्नाथपुर में पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पौधरोपण करेंगे। बिश्व सरमा कार्यक्रम के बाद प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे और बैठक में शामिल होंगे।

**आगामी कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी :** आगामी कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने बताया कि भाजपा के प्रेरणास्रोत डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के शहादत दिवस 23 जून से लेकर उनकी जयंती 6 जुलाई तक पार्टी द्वारा बूथ स्तर पर एक वृक्ष मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।



**कार्यकर्ताओं में उत्साह**

मनोनयन के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के रांची आगमन पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इधर, शनिवार को प्रदेश कार्यालय में पार्टी द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी के लिए बैठक हुई। इसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, सरोज सिंह सहित अन्य शामिल हुए। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

---

## कांग्रेस सोशल मीडिया की बैठक में विधानसभा चुनाव पर मंथन

**रांची।** कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने शनिवार को चार राज्यों झारखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली के सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी, चेयरमैन और स्टेट को-ऑर्डिनेटर्स के साथ बैठक की। जूम एप्लीकेशन के माध्यम से हुई बैठक में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव पर विस्तृत रूप चर्चा हुई। बैठक में झारखंड से सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव के दौरान किये गये कार्यों का विस्तृत ब्योरा दिया। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के दिशा-निर्देश पर सभी सीटों पर कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से बातों और मेनिफेस्टो को तेजी से जनता के बीच ले गये। बैठक में सोशल मीडिया के राष्ट्रीय समन्वयक अभय तिवारी, नलिन मिश्रा, प्रशांत पांडेय, संजय कुमार भी मौजूद थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

---

# जेपीएससी से अनुशंसा के आठ साल बाद मिली नौकरी

- 2016 से आयोग ने की थी अनुशंसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जेपीएससी 2016 से अनुशंसित दो अभ्यर्थियों को झारखंड सरकार में नौकरी मिल गयी। झारखंड प्रशासनिक सेवा में इन्हें नियुक्त किया गया है। दोनों अभ्यर्थी अनारक्षित कोटि के हैं। राज्य सरकार ने राजीव कुमार को उप समाहर्ता पद पर नियुक्त करते हुए पलामू जिला प्रशिक्षण के लिए आवंटित किया है।

वहीं पवन कुमार को अनारक्षित कोटि की मूक-बधिर श्रेणी में परिक्ष्यमान उप समाहर्ता के रूप में औपबंधिक रूप से नियुक्त करते हुए साहिबगंज जिला में जिला प्रशिक्षण के लिए पदस्थापित किया है। अभ्यर्थियों की परिक्ष्यमान अवधि नियुक्ति की तिथि से दो वर्षों की होगी। संतोषजनक सेवा नहीं हुई, तो सेवा समाप्त कर दी जा सकती है अन्यथा सेवा बढ़ायी जायेगी। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। दरअसल, दोनों अभ्यर्थियों ने जेपीएससी 2016 की नियुक्ति परीक्षा अनारक्षित श्रेणी से दी थी और उत्तीर्ण भी किये। जेपीएससी ने इनकी नियुक्ति की अनुशंसा की, जिसके बाद कार्मिक विभाग 29 जुलाई 2020 को अधिसूचना जारी की और 30 दिनों के अंदर उप समाहर्ता के पद पर योगदान देने को कहा। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि निर्धारित तिथि के अंदर उन्होंने योगदान नहीं किया तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। उस वक्त पवन कुमार और राजीव कुमार वायुसेना में एयरमेन के पद पर कार्यरत थे, लेकिन वायुसेना की ओर से विरमित नहीं किये जाने की वजह से वह झारखंड में योगदान नहीं दे सके। पूरे मामले में दोनों ने उस वक्त दिल्ली हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ऐसे में मुख्यमंत्री झारखंड द्वारा यह निर्देश आया कि इस मामले में कोर्ट का फैसला आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाये। न्यायालय ने पवन कुमार और राजीव कुमार के पक्ष में फैसला सुनाया।

# झारखंड में हो रहा बालू का अवैध खनन

- एनजीटी के आदेश की उड़ रहीं धज्जियां
- राज्य में बालू घाटों की संख्या 796
- अभी तक बालू घाटों की नहीं हो पायी है नीलामी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 796 बालू घाट हैं, लेकिन आज तक इन बालू घाटों की नीलामी नहीं हो पायी है। इस वजह से झारखंड के सभी जिलों में बालू का अवैध खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे से बालू की कालाबाजारी हो रही है। ट्रैक्टर, ट्रक और हाइवा से खुलेआम बालू ढोया जा रहा है। प्रशासन और खान विभाग खानापूर्ति के लिए कभी-कभार कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इससे बालू के अवैध खनन पर कोई खास असर नहीं पड़ रहा है। राज्य के लगभग सभी जिलों में अवैध बालू उठाव का खुला खेल जारी है। बीते ढाई साल में अवैध बालू खनन के खिलाफ राज्यभर में अब तक 2452 मामले दर्ज हुए हैं। इस दौरान 2551 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि 4283 वाहन जब्त किये गये हैं।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने झारखंड में 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगायी है। नदियों का इको सिस्टम बनाये रखने के लिए मानसून के दौरान हर साल इस अवधि तक बालू के उठाव पर रोक रहती है। यह रोक देश के अन्य राज्यों में भी है। कुछ राज्य इसका पालन भी कर रहे हैं, लेकिन झारखंड में एनजीटी के आदेश को ताक पर रख कर बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। आलम यह है कि बालू तस्कर उन जिलों की नदियों से भी बालू निकाल रहे हैं, जहां घाटों का टेंडर तक नहीं हुआ है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 24.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.37 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |



# बलिदान और संघर्ष, स्वाभिमान से संवारेंगे झारखंडी अरमान: सुदेश

- गौरवशाली अतीत और संघर्ष से समझौता नहीं, बदलेंगे राज्य के हालात
- आजसू पार्टी ने राज्य भर में मनाया बलिदान दिवस
- युवाओं को अलग राज्य आंदोलन के इतिहास से कराया गया रू-ब-रू




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** युवाओं को समर्पित बलिदान दिवस के रूप में आजसू पार्टी ने स्थापना दिवस राज्यभर में मनाया। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो तमाड़ और सिल्ली विधानसभा में आयोजित बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि बलिदान और संघर्ष हमारा स्वाभिमान है। हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर झारखंडी अरमानों को पूरा करने की दिशा में संकल्पबद्ध होकर कार्य करना है। राज्य की अस्मिता की रक्षा का दायित्व हमारे कंधों पर है। सभी कार्यकर्ता समाज और संगठन के प्रति सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। गौरवशाली अतीत और संघर्ष से समझौता नहीं, हम बदलेंगे राज्य के हालात। बदली परिस्थितियों में हमें एक अच्छे और बेहतर झारखंड का निर्माण करना है। कार्यकर्ताओं को अपने संघर्ष और एकजुटता को धार देना होगा। राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालात को बदलने और झारखंड को विकास की पटरी पर वापस लाने के लिए एक साथ काम करना है।

## आंदोलनकारियों को किया गया सम्मानित

बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्र के युवाओं को आंदोलनकारियों ने इतिहास की जानकारी दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को ऐतिहासिक गौरव गाथा से जोड़ना और आंदोलनकारियों के विचारों को एकत्रित कर उनके अंदर राज्य के प्रति एक नयी ऊर्जा का संचार करना था। वीडियो चित्रण के माध्यम से युवाओं को झारखंड अलग राज्य आंदोलन की पीड़ा, वेदना, संघर्ष से अवगत कराया गया। इस दौरान पर्यावरण को स्वच्छ रखने और वर्तमान के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य देने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं ने हर विधानसभा क्षेत्र में पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

**हर विधानसभा क्षेत्र में मना बलिदान दिवस :** तमाड़ और सिल्ली- सुदेश कुमार महतो। गोमिया और डुमरी डॉ लंबोदर महतो। रामगढ़-चंद्र प्रकाश चौधरी और सुनीता चौधरी। मांडू- चंद्र प्रकाश चौधरी और निर्मल महतो। टुंडी और चंदनकियारी-उमाकांत रजक। जुगसलाई-राम चंद्र सहिस। खिजरी-हसन अंसारी। कांके-राजेंद्र मेहता। बड़कागांव-रौशन लाल चौधरी। सिसई-गुमला, बिसुनपुर- डॉ देवशरण भगत। हुसैनाबाद-कुशवाहा शिव पूजन मेहता। लोहरदगा-डॉ देवशरण भगत और नीरू शांति भगत। इचागढ़-हरेलाल महतो। हजारीबाग-विकास राणा। बरकट्ठा-प्रदीप मेहता। बरही-राज सिंह चौहान। मांडर- निर्मला भगत। हटिया-भरत काशी। चतरा-अशोक गहलोत। सिमरिया-गणेश गोंझू। लातेहार-लाल गुड्डू नाथ शाहदेव। गढ़वा-सतीश प्रसाद। जमुआ-दिनेश राणा। बेरमो-काशीनाथ सिंह। जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी सपन सिंह देव और कन्हैया सिंह। पोटका-डोमन टुडु। सरायकेला-रविशंकर मौर्य। धनबाद-बिनय सिंह। कोडरमा-राज कुमार मेहता। सिंदरी और निरसा-राधेश्याम गोस्वामी। देवघर-राजा सैनी। मधुपुर-महेश राय। दुमका, जामा, शिकारीपाड़ा-अजय सिंह। नाला-जोबा रानी पाल और राजेश महतो। जगरनाथपुर-डॉ रीना गोड्सरा। छतरपुर-संजय रंजन सिंह। गोड्डा- सुरेश महतो। जामताड़ा-तरुण गुप्ता। पाकुड़-अकील अख्तर। राजमहल-चुतरानंद पांडेय। बहरागोड़ा-फणी भूषण महतो। रांची-जीतेंद्र सिंह। सहित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में आजसू पाटी के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिवस मनाया।

# चितरंजन रेल इंजन कारखाने में ब्लास्ट, पांच लोग घायल




### कर्मचारियों की सुरक्षा की हो रही अनदेखी: इंद्रजीत

**ओम प्रकाश शर्मा**

**चितरंजन।** चितरंजन रेल इंजन कारखाना में शनिवार को टीपीटी सब स्टेशन नंबर-2 के समीप शॉप नंबर 59 के इलेक्ट्रिकल रिपेयरिंग शॉप में ब्लास्टिंग से पांच लोग घायल हो गये। इस घटना में एक ट्रांसफार्मर अचानक ब्लास्ट हो गया, जिसके कारण चितरंजन रेल इंजन कारखाना के तीन स्थाई कर्मचारी और दो ठेका कर्मचारी घायल हो गये। तीन घायलों को दुर्गापुर मिशन अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि दो कस्तूरबा गांधी अस्पताल में इलाजरत हैं। घायलों में असीम कुमार सिन्हा, चिन्मय किट्टी, तापस ठीकादार, नंदकिशोर रजक, रासबिहारी कर्मकार हैं। चिरेका के प्रवक्ता चित्रसेन मंडेला ने बताया कि घटना घटी है, जिसकी छानबीन चल रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना पाकर नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे के नेता इंद्रजीत सिंह समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। उन्होंने बताया कि जीएम के साथ मीटिंग में थे, तभी अचानक यह खबर मिली कि यहां कारखाने में ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हुआ है और जिसमें पांच लोग घायल हुए हैं। बताया कि ट्रांसफार्मर में ऑयल चेंज हो रहा था, उसी समय यह घटना घटी। कहा कि घटना दुखद है। प्राइवेट एजेंसी से जो ऑउटसोर्सिंग हो रहा है, उसका टारगेट 375 सेल देना है, लेकिन अभी तक तीन महीने में मात्र 25 सेल ही हो पाया है। करोड़ो रुपये की मशीन खरीदकर जो कंपनी ने टेंडर लिया है, वह मनमानी कर रही है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे किन्तु पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अदिक करना पड़ेगा।
- **वृष** — चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी,बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ,सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।
- **मिथुन** — सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **कर्क** — साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय।
- **सिंह** — स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा, आमदनी में वृद्धि होगी, नया परिचय का क्षेत्र बढ़ेगा।
- **कन्या** — कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, गम्भीरता और सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।
- **तुला** — रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।
- **वृश्चिक** — लोकप्रियता का विस्तार,अधूरा कार्य पूरा होगा, धन लाभ,मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **धनु** — गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **मकर** — गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **कुंभ** — परिस्थितियों में सुधार,बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** — नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे, दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# अंडर-15 और 20 जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप

## चयन के लिए झारखंड के पांच पहलवान आजमायेंगे दांव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अंडर-15 और 20 जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन थाइलैंड में होना है। इसके लिए भारतीय कुश्ती टीम का चयन 24 जून को नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21, यूपी में होना है। जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले देशभर के खिलाड़ी इसमें अपना दमखम दिखायेंगे। इसमें झारखंड के भी पांच प्लेयर्स शामिल हैं। झारखंड राज्य कुश्ती टीम एशियाई कुश्ती चयन ट्रायल के लिए नोएडा रवाना भी हो गयी है। झारखंड के पहलवानों को एशियन कुश्ती प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल में उम्दा प्रदर्शन करने को झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष जीशान कमर, के रवि कुमार, खेल निदेशक झारखंड सुशांत गौरव, मार्गदर्शक भोलानाथ सिंह, महासचिव रजनीश कुमार, बिजय शंकर सिंह, बबलू कुमार, उप निदेशक राज किशोर खाखा ने शुभकामनाएं दी है।

### ये प्लेयर्स ट्रायल में लेंगे हिस्सा

**बालक-** अनूप कुमार, हिमांशु कुमार, करण कुमार, अमित कुमार गोप।

**बालिका फ्री स्टाइल-** प्राची कुजूर।

# देवघर के पूर्व डीसी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अगस्त 2022 में सांसद निशिकांत दुबे को प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट पर रोकने के खिलाफ दिल्ली में जीरो एफआइआर दर्ज को निरस्त करने को लेकर तत्कालीन उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट ने प्राथी के खिलाफ अगले आदेश तक पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है। मामले में कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर प्रार्थी से जवाब मांगा है। दरअसल, पूर्व की सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि दिल्ली में दर्ज जीरो एफआइआर झारखंड पुलिस को सौंप दिया गया है। सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है कि 31 अगस्त 2022 को शाम में जब वह प्लेन से दिल्ली जा रहे थे, तो तत्कालीन उपायुक्त के कहने पर सुरक्षाकर्मियों ने देवघर एयरपोर्ट पर उन्हें रोका और जान से मारने की धमकी भी दी थी। उनके सरकारी कार्य में बाधा डालने का भी निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया है।

# अभिनेत्री अमीषा और शिकायतकर्ता अजय सिंह के बीच हुआ समझौता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** धोखाधड़ी मामले में फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच समझौता हुआ। डिस्ट्रिक्ट लेवल सर्विस ऑथोरिटी में हुई सुनवाई में दोनों पक्ष अमीषा पटेल और अजय कुमार सिंह वीडियो कांफ्रेंसिंग से उपस्थित हुए। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले का निष्पादन होना है। चेक बाउंस मामले में उक्त दोनों पक्षों के बीच पहले ही सुलह हो चुका है। 9 मार्च को रांची सिविल कोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अमीषा पटेल और शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के बीच पांच किस्तों में पूरा पैसा 2.75 करोड़ रुपये लौटाने की शर्त पर समझौता हुआ था। अमीषा पटेल ने अब तक शिकायतकर्ता को 1.51 करोड़ रुपये दे चुकी है। 1.24 करोड़ रुपये देना अभी बाकी है। बता दें कि देसी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह से ढाई करोड रुपये लिये थे। पैसा वापस मांगने पर इस राशि को अमीषा पटेल ने वापस नहीं किया था। अमिषा का दिया हुआ चेक भी बाउंस हो गया था। इसे लेकर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ साल 2018 में धोखधड़ी और चेक बाउंस का केस दर्ज कराया था।

# रांची में 25 जून से हाउस टू हाउस सर्वे

## मतदाता सूची में नये मतदाताओं का जोड़ा जायेगा नाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। इसमें उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान राहुल कुमार सिन्हा ने मतदाता सूची प्रकाशन को लेकर प्राप्त निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि 1 जुलाई 2024 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए 25 जुलाई से मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके अंतर्गत मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन 25 जुलाई को होगा। दावा और आपत्ति दाखिल करने की तिथि 25 जुलाई से 9 अगस्त तक है। विशेष अभियान तिथि 27-28 जुलाई और 3-4 अगस्त को तय है। दावों और आपत्तियों का निपटारा 19 अगस्त तक होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी इसी दिन होगा। राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि 25 जून से 24 जुलाई तक बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे का कार्य किया जायेगा। मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ को रंगीन मतदाता सूची दी जायेगी। इससे मिलान करते हुए पुराने लेमिनेटेड कार्ड को बदलने का कार्य किया जाना है। इस दौरान इस बात का भी ध्यान रखा जाना है कि नयी सूची में यदि किसी का फोटो साफ नहीं दिख रहा, तो वैसे कार्ड को भी बदलना है।

# रिटायर्ड सैनिकों और आश्रितों की समस्याओं पर 25 को सम्मेलन

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में 25 जून को 11 बजे से सम्मेलन होगा। जिला सैनिक कल्याण निदेशालय के स्तर से आयोजित इस सम्मेलन में रिटायर्ड सैनिकों, विधवाओं और आश्रितों का जुटान होगा। इसमें पेंशन संबंधित समस्याओं के अलावा पारिवारिक और जमीन संबंधी समस्याओं पर विचार होगा। साथ ही संबंधित समस्याओं के अलावा भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं और आश्रितों के कल्याण के लिए विचार-विमर्श किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी की ओर से इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने और इसका लाभ उठाने की अपील की गयी है।

# अर्बन हाट को लेकर चंपाई सरकार गंभीर

## काम को पूरा करने की कवायद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कांके स्थित अर्बन हाट का काम अब तक अधूरा पड़ा है। इसके बचे कामों को पूरा कराने के लिए रांची नगर निगम ने पहल की है। छठी बार इसके लिए इ-प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी किया है। इसके मुताबिक अर्बन हाट के शेष काम के लिए 10 करोड़ 62 लाख 86 हजार रुपये व्यय होंगे। जिसे भी यह कार्य आवंटित होगा, उसे 365 दिनों में निर्धारित कार्यों को पूरा करना होगा। आवेदन करते समय इएमडी के तौर पर 10.63 लाख रुपये और डॉक्यूमेंट कॉस्ट के तौर पर 29,500 रुपये लगेंगे। 24 जून से बिड जमा होंगे और 9 जुलाई तक इसके लिए समय सीमा तय रखी गयी है।

बता दें कि कांके में रॉक गार्डन के पास अर्बन हाट बनाये जाने की योजना है। 2019 में यह योजना तय हुई थी। हालांकि इसकी योजना अगस्त 2016 में बनायी गयी थी।

इसका उद्देश्य दिल्ली की तर्ज पर अर्बन हाट का निर्माण और क्षेत्रीय हस्तकला को प्रोत्साहन सहित विभिन्न कारीगरों को सशक्त करने का भी रखा गया है। इसके निर्माण पर अब तक पांच करोड़ से अधिक राशि खर्च कर दी गयी है। जो कुछ कमरे बनाये गये थे, वे बदहाल हो चुके हैं।

# मैनहर्ट घोटाला मामले में हाइकोर्ट में फैसला सुरक्षित

**रांची (आजाद सिपाही)।** मैनहर्ट घोटाला मामले में एसीबी में दर्ज पीइ की रिपोर्ट अब तक नहीं आने और मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं होने को लेकर दायर विधायक सरयू राय की याचिका की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने प्रार्थी के अधिवक्ता से पूछा कि जब आपको यह पता था कि मैनहर्ट को रांची में सीवरेज ड्रेनेज के डीपीआर काम दिये जाने में वित्तीय गड़बड़ी हुई है, तो फिर थाने में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज करायी। आप सिविल कोर्ट में शिकायतवाद भी दर्ज करा सकते थे, लेकिन विजिलेंस ब्यूरो में शिकायत कर मामले को छोड़ दिया।

# एसडीओ कोर्ट के आदेश के बावजूद भू माफिया की दबंगई

## आंदोलनकारी की जमीन लूटने में भी बाज नहीं आ रहे भू माफिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**


अभिलेख का अवलोकन किया गया। अभिलेख में संलग्न दस्तावेजों के अवलोकन से प्रतीत होता है कि सर्वे खतियान एवं पंजी-II में विवादी जमीन, जगेश्वर राम के नाम पर दर्ज है। प्रथम पक्ष, खतियानी रैयत से अनिबंधित डीड तथा ऑनलाईन राजस्व रसीद के आधार पर विवादी भूमि पर दावा कर रहे हैं। द्वितीय पक्ष, खतियानी रैयत के पोता कृष्णा राम उर्फ कृष्णा सिन्हा, पे० गणेश राम उर्फ मोहन सिन्हा के नामित प्रतिनिधि श्री उपेन्द्र सिंह से एकरारनामा के आधार पर दावा कर रहे हैं। द्वितीय पक्ष द्वारा उपरोक्त के समर्थन में समर्पित शपथ पत्र प्रथम दृष्टया संदेहास्पद प्रतीत होता है। हस्तक्षेपक के द्वारा ऐसा कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे उक्त के वैध उम्मीदवारी की पुष्टि हो सके। उभय पक्षों के बीच का विवाद स्वत्व से संबंधित प्रतीत होता है, जिसका निष्पादन वर्तमान वाद के तहत नहीं किया जा सकता है। पक्षकार सक्षम न्यायालय में पहल कर विवाद का समाधान करें। वाद की वैधानिक अवधि 60 दिन पूर्ण होने को है।

उपरोक्त आशय के साथ वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

**रांची।** न्यायालय अनुमंडल दंडाधिकारी रांची द्वारा आदेश दिये जाने के दो दिनों बाद ही डोरंडा मणिटोला विवादित जमीन पर भू-माफियाओं के द्वारा अवैध निर्माण खुलेआम कराया जा रहा है। झारखंड आंदोलनकारी और सत्ताधारी झामुमो के नेता आजम अहमद ने आरोप लगाया कि उक्त भूमि मुक्त भूमि जिसका खाता नंबर 69, प्लाट नंबर 60 और रकबा 20 डिसमिल है। उक्त भूमि श्री आजम की पुश्तैनी जमीन है। इसका डीड 1941 में इनके पिता स्व कुर्बान अली के नाम से है और जमीन पर आज तक इनके परिवार का कब्जा है। उक्त जमीन खाता नंबर 69 के प्लाट नंबर 279, 280, 281, 282, 285 और 287 का आज तक दाखिल खारिज रसीद इनके नाम पर कट रही है। इस संबंध में 20 जून को एसडीओ कोर्ट ने डोरंडा थाना को आदेश दिया कि प्रथम पक्ष मोहम्मद अलाउदीन वगैरह और मोहम्मद आवेश वगैरह को एक वर्ष के लिए दस हजार की राशि का बंधपत्र और उतनी ही राशि का दो प्रतिभूतियों के साथ 4 जुलाई तक जमा करें। कोर्ट के आदेश के दो दिनों के बाद ही उक्त भूमि पर अवैध रूप से काम आरंभ कर दिया गया। इसकी जानकारी डोरंडा थाना में श्री अहमद द्वारा दी गयी, पर थाना से कोई भी जवाब नहीं आया। इसके पूर्व 7 जून को भी एसएसपी रांची और डोरंडा थाना में आवेदन देकर इस अवैध निर्माण की जानकारी दी गयी। इसके बाद उक्त भूमि पर धारा 107 लगाया गया। तत्काल थाना ने काम बंद कराया, पर दूसरे ही दिन से वहां काम आरंभ हो गया। इससे साफ जाहिर है कि भू माफिया और अपराधियों की मिलीभगत से जबरन कब्जा करने का काम किया जा रहा है।

# संजीव लाल की जमानत पर सुनवाई 29 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर घोटाला मामले में आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी रहे संजीव लाल की ओर से एमपीएमएलए कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका पर अब सुनवाई 29 जून को होगी। मामले में इडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। दरअसल, टेंडर घोटाला मामले में इडी ने कार्रवाई करते हुए 6 मई 2024 को कई इंजीनियर, ठेकेदार और आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी। उस छापेमारी में संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से करीब 32.2 करोड़ रुपये बरामद हुए थे।

# राजस्व से जुड़े एक लाख से ज्यादा सर्टिफिकेट केस पेंडिंग

## धनबाद, गोड्डा और पलामू में सर्वाधिक केस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राजस्व से जुड़े एक लाख से अधिक सर्टिफिकेट केस लंबित हैं। इसमें धनबाद, गोड्डा और पलामू जिले में सबसे अधिक सर्टिफिकेट केस लंबित पड़े हैं।

बता दें कि सर्टिफिकेट केस तब किया जाता है, जब संबंधित एजेंसी अपना बकाया नहीं वसूल कर पा रही हो।

बकाया वसूलने में अक्षम होने पर एजेंसी डीसी के अधीन जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी के पास मामला दर्ज कराती है। बकायेदार का नाम, पता और वसूली की राशि का ब्योरा जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को भेजा जाता है।

नीलाम पत्र पदाधिकारी को पावर है कि वह बकाया वसूली के लिए बॉडी वारंट या कुर्की जब्ती करा कर सूद के साथ राशि वसूल सकता है।








## महास्नान के बाद 15 दिनों के लिए एकांतवास में गये भगवान जगन्नाथ

# 6 को नेत्रदान, 7 को महाप्रभु की ऐतिहासिक रथ यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगत नियंता भगवान श्री जगन्नाथ ज्येष्ठ पूर्णिमा पर महास्नान के बाद 15 दिनों के लिए एकांतवास के लिए चले गये। शनिवार को जगन्नाथ मंदिर भगवान जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहा। अवसर था प्रभु जगन्नाथ की स्नान यात्रा का। प्रभु के दर्शन को भक्त आतुर दिखे। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसी घर जाने से पूर्व बीमार पड़ जाते हैं। शनिवार को तीनो विग्रहों को शंख, घंट, भेर, ढाक और भक्तों के जयघोष के बीच गर्भगृह से महाप्रभु जगन्नाथ, सुभद्रा और भाई बलभद्र को स्नान मंडप में लाया गया । 51-51 मिट्टी के बर्तन से वैदिक मंत्र के साथ बारी बारी से तीनो विग्रहों को स्नान कराया गया।



मंदिर के पुजारी रामेश्वर पाढ़ी जी, कोषतूभ मिश्रा, सरयू नाथ मिश्र, श्रीराम महंती के द्वारा स्नान कराया गया। इस पूजा के यजमान मंदिर के प्रथम सेवक ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव होते हैं। इसके बाद महाप्रभु का श्रृंगार कर नये वस्त्रों को पहनाया गया। दिन के दो बजे मंगल आरती हुई। इसके बाद मालपुआ, आम, बादाम, इलाचिदाना का भोग लगाया गया। तीन बजे महाप्रभु की 108 मंगल आरती हुई। श्री जगन्नाथ अष्टकम, गीता का पाठ किया गया। इसके बाद महाप्रभु को एकांतवास में ले जाया गया, जहां पर आम जनों का मंदिर के पुजारियों का जाना निषेध हो जाता है और इसी बीच महाप्रभु का 15 दिनों का एकांतवास प्रारंभ हुआ। उनका औषधि से उपचार किया जाता है। कहा जाता है कि अधिक स्नान हो जाने से प्रभु बीमार पड़ जाते हैं और एकांतवास में चले जाते हैं। 6 जुलाई को नेत्रदान महोत्सव के दिन शाम के 4.30 बजे महाप्रभु फिर से बाहर निकलते हैं और भक्तों को दर्शन देंगे। 7 जुलाई को महाप्रभु की ऐतिहासिक रथ यात्रा होती है, जो शाम के चार से रथ पर चलते हुए मौसी बाड़ी को पहुंचाया जाता है। पुनः घूरती रथ यात्रा 17 जुलाई को होना है। इस धार्मिक अनुष्ठान में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास समिति के उपाध्यक्ष अशोक नरसरिया, न्यास समिति के सचिव मिथिलेश कुमार, ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव, विनोद कुमार, अनिल कुमार मिश्र उपस्थित हुए और भगवान का पूजा पाठ संपन्न कराया।

# श्री श्याम भंडारा का प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड स्थित श्याम मंदिर में भंडारा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में मोहनलाल खंडेलवाल, ममता देवी खंडेलवाल ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश, शिव परिवार, बजरंगबली को भंडारे का प्रसाद अर्पित किया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी, रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी... के भजन का गायन करके खंडेलवाल परिवार ने खाटूनरेश की मनुहार की। इसके बाद श्याम भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, मोहनलाल खंडेलवाल, ममता देवी खंडेलवाल, माधव प्रिया, अजय मारू, श्याम सुंदर शर्मा, मनोहर केडिया, अनुज मोदी, अमित सरावगी, पवन शर्मा, मनोज खेतावत, उपेंद्र पांडेय, मनीष वर्मा सहित 50 से ज्यादा स्वयं सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

**हनुमान चालीसा पाठ मंगलवार को :** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन दोपहर 4ण30 बजे से होगा। यह जानकारी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# सदर अस्पताल में हर्निया का हुआ सफल इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदर अस्पताल रांची के लेप्रोस्कॉपी सर्जरी विभाग ने एक ही मरीज के दो हर्निया का ऑपरेशन एक साथ किया। मरीज को रांची से बाहर रेफर कर दिया गया था, जहां वेल्लोर में उनसे तीन लाख का खर्च बताया गया था, पर सदर अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन आयुष्मान योजना के अंतर्गत हुआ। बता दें कि जमशेदपुर की रहने वाली 35 वर्षीय महिला काफी दिनों से पेट दर्द और सूजन को लेकर परेशान थी। जांच करने पर उन्हें पता चला कि उन्हें दो हर्निया है। सभी जरूरी जांच करने के बाद सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने उनका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन लेप्रोस्कोपिक विधि के द्वारा किया गया। इसमें दो छेद पाये गये। एक छेद में आंत फंसा हुआ था, जिसे छुड़ा कर जाली बिछा कर ऑपरेशन किया गया। दूसरा हर्निया नाभि के पास था, जिसमें नीचे के आंत आकर पूरी तरह से चिपका हुआ था। इसे छुड़ा कर बड़ी सी जाली बिछायी गयी। लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर अजीत कुमार, एनेस्थेटिक डॉ दीपक, ओटी असिस्टेंट संदीप, नंदिनी, शशि, नीरज ऑपरेशन टीम में शामिल थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मना वात्सल्यम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में दादा-दादी के सम्मान के लिए वात्सल्यम दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने एसडीजी भूमि पर जीवन को ध्यान में रखते हुए बायो रिद्म द सांग ऑफ लाइफ प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के द्वारा विद्यार्थियों ने माता-पिता और दादा-दादी के प्रति प्यार, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट जाहिर की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से की गयी। प्राचार्या परमजीत कौर ने स्कूल पत्रिका भी रिलीज किया। उन्होंने पीएम कौशल विकास योजना 3.0 के तहत सरला बिरला पब्लिक स्कूल द्वारा शुरू की गये कौशल हब कार्यक्रम के सहायक सौंदर्य चिकित्सक पाठ्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये। मानव जीवन के विभिन्न चरणों को, तितली के जीवन चक्र की गाथा से जोड़कर दिखाया गया। कार्यक्रम की सफलता दादा-दादी की मुस्कानों से लगायी जा सकती थी, जो पोते-पोतियों को प्रदर्शन करते देख अभिभूत हो गये। प्राचार्या ने कहा कि अगर बच्चों के दिमाग में केवल पैसा और सफलता ही डालेंगे, तो वे हर रिश्ते को बहुत भौतिकवादी दृष्टिकोण से तौलेंगे। अंततः पारस्परिक संबंधों में कभी सफल नहीं हो पायेंगे। हमें उन्हें ऐसे मूल्य देने की जरूरत है, जो सफलता और पैसे को समाहित कर सकें।



# झारखंड के विधायकों को मिला फंड

## पांच-पांच करोड़ से क्षेत्र का होगा विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांडेय विधानसभा उप चुनाव जीत कर आयी नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन सहित सभी 82 विधायकों को विधायक फंड मिल गया है। सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने पांच-पांच करोड़ रुपये का आवंटन आदेश जारी किया है। इस वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 410 करोड़ रुपये की निधि जारी की गयी है। इसमें जनजातीय क्षेत्र उपयोजना के तहत 44 विधानसभा क्षेत्र के विधायकों के लिए 220 करोड़ और अन्य क्षेत्र उपयोजना अंतर्गत 38 विधानसभा क्षेत्र के लिए 190 करोड़ रुपये दिये गये हैं।

ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने विधानसभा सदस्यों की अनुशंसा से ली जानेवाली विधायक योजना के कार्यान्वयन के लिए आवंटित राशि की जानकारी सभी उपविकास आयुक्त, निदेशक डीआरडीए, निदेशक राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, अपर




समाहर्ता, जिला पंचायत पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है।

सचिव ने स्पष्ट कहा है कि राशि की निकासी संबंधित जिलों के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा की जायेगी। निकासी की गयी राशि संबंधित विधानसभा क्षेत्रवार खोले गये बैंक खाता में रखी जायेगी। कार्यकारी एजेंसी, संवेदक, वेंडर को उनके द्वारा समर्पित मापी पुस्तिका, विपत्र और फोटोग्राफ की जांच के बाद ही राशि का भुगतान होगा। अब विधायकों से अनुशंसा प्राप्त कर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, नाली सहित अन्य विकास कार्य किये जा जायेंगे।

### टिकाऊ परिसंपत्तियों के सृजन पर जोर

ग्रामीण विकास सचिव ने स्पष्ट किया है कि आवंटित राशि का व्यय विधायकों द्वारा अनुशंसित योजनाओं पर विधायक योजना की गाइडलाइन के तहत किया जाये। इसके साथ ही निकासी की गयी राशि का खर्च स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रवृत्ति की टिकाऊ परिसंपत्तियों के सृजन पर ही किया जाये। निकासी की गयी राशि के बाद समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र भी हर हाल में जमा करने को कहा गया है। वहीं, यदि किसी विधानसभा सदस्य का निर्वाचन क्षेत्र एक से अधिक जिलों में पड़ता है, तो उनके द्वारा अनुशंसित योजना की राशि निकासी कर दूसरे जिलों को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

# रांची से शराब खरीद कर मुजफ्फरपुर में खपाने की थी तैयारी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची से शराब खरीद कर बिहार के मुजफ्फरपुर बेचने जा रहे आरोपी को आरपीएफ ने हटिया स्टेशन पर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से एक ट्रॉली में 21 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड बरामद की गयी है। आरोपी की पहचान बरियातू थाना क्षेत्र के उज्ज्वल कुमार के रूप में की गयी है। सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत स्टेशनों और ट्रेनों में अवैध शराब धर-पकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आरपीएफ पोस्ट हटिया और फ्लाइंग टीम ने हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच के दौरान पाया कि एक पुरुष संदिग्ध तरीके से हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर एक भूरे रंग के ट्रॉली बैग के साथ कुछ भारी चीज लेकर खड़ा था। संदेह के आधार पर उसे हिरासत में लिया गया और उसके बैग की जांच की गयी, तो उसकी ट्रॉली बैग में ब्लेंडर्स प्राइड की 21 बोतलें मिलीं। पूछे जाने पर उसने खुलासा किया कि उसने शराब हटिया से खरीदी थी और अधिक कीमत लेकर बेचने के लिए बिहार के मुजफ्फरपुर जा रहा था। आरपीएफ ने बरामद शराब जब्त कर ली। वहीं, आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

# समन की अवहेलना मामले में सुनवाई 12 जुलाई को

## हेमंत सोरेन की ओर से मांगा गया समय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा समन की अवहेलना मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रहे मामले को निरस्त करने का आग्रह करनेवाली याचिका की सुनवाई शनिवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के संज्ञान आदेश को चुनौती दी गयी है। हेमंत सोरेन की ओर से कोर्ट से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने उनके आग्रह को मंजूर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 जुलाई को निर्धारित की। कोर्ट ने मामले में इडी को भी जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

हेमंत सोरेन की ओर से इडी द्वारा दर्ज शिकायतवाद को निरस्त करने का आग्रह किया गया है। हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि इडी के जिस समन पर नहीं गये थे, उसका उन्होंने जवाब दे दिया था। इसके बाद वह समन लैप्स कर गया था। नये समन पर हेमंत सोरेन इडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और



समन का अनुपालन किया था। इडी ने दुर्भावना से प्रेरित होकर उन्हें बार-बार समन जारी किया था।

**सीजेएम कोर्ट ने मामले में लिया था संज्ञान :** बता दें कि इस संबंध में इडी की ओर से शिकायत 3952-2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गयी थी। शिकायतकर्ता इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवराज झा की ओर से बताया गया है कि हेमंत को इडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन इडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह इडी के समन की अवहेलना है। हेमंत इडी के समक्ष 20 जनवरी को आठवां और 31 जनवरी को दसवें समन में उपस्थित हुए थे।

# ओबीसी को नौकरियों में पांच वर्ष की मिले छूट

## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग कर रहा अध्ययन, अगले सप्ताह आयेगा प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में पिछड़ा वर्ग को राज्य में होने वाली नियुक्तियों में पांच साल की छूट मिले, इसके लिए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग तैयारी में है। जल्द ही इस मुद्दे को लेकर आयोग प्रस्ताव बनाने जा रहा है। इस प्रस्ताव को आयोग की अगले सप्ताह होने वाली मीटिंग में रखा जायेगा। फिलहाल आयोग प्रस्ताव बनाने को लेकर झारखंड के आसपास के राज्यों की व्यवस्था का अध्ययन कर रहा है। इस अध्ययन के बाद प्रस्ताव तैयार किया जायेगा, जिसे आयोग की



बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा।

**सभी कैटेगरी की नियुक्तियों में छूट की तैयारी :** आयोग की ओर से बताया गया है कि राज्य में ओबीसी की संख्या लगभग 50 फीसदी है। लेकिन अभी उन्हें नियुक्तियों में दो वर्ष की ही छूट मिलती है। उन्हें अधिक अवसर मिले, इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं। आयोग के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद का कहना है कि अभी इस विषय पर विचार चल रहा है।

हम दूसरे राज्यों की व्यवस्था का अध्ययन कर रहे हैं। आयोग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को जेपीएससी, जेएसएससी सहित अन्य नियुक्ति प्रक्रिया में उम्र सीमा में छूट दी जायेगी।

**बिहार-छत्तीसगढ़ की व्यवस्था का अध्ययन :** जानकारी के मुताबिक झारखंड में दो साल, बिहार में तीन साल और छत्तीसगढ़ में ओबीसी कैटेगरी को नियुक्ति में पांच साल की छूट मिलती है। अभी बिहार और छत्तीसगढ़ की व्यवस्था का अध्ययन किया जा रहा है। इसके बाद संविधान विशेषज्ञों और एक्सपर्ट की राय लेकर प्रस्ताव तैयार किया जायेगा। जिसके आधार पर आयोग सरकार तक अपने विचार को रखेगी।

### आरक्षण का दायरा बढ़ाने की भी बात

राज्य में ओबीसी को नौकरियों में उम्र सीमा की छूट देने पर विचार तो चल ही रहा है, इसके अतिरिक्त आरक्षण का दायरा बढ़ाने का भी प्रयास जारी है। 1 नवंबर, 2022 को तत्कालीन हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 77 प्रतिशत करने का विधेयक पारित किया था। इसमें एसटी को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत व एससी को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया था। विधेयक को नौवीं अनुसूची में शामिल करने की अनुशंसा करते हुए इसे राजभवन को भेजा गया था। पिछले साल एक आपत्ति के साथ इस विधेयक को राजभवन ने लौटा दिया।

# आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने पर जमादार सस्पेंड

रांची (आजाद सिपाही)। एसएसपी ने आरोपी को गिरफ्तार नहीं के मामले में एएसआइ को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर डॉक्टर भारती सिन्हा के बैंक खाते से 27 लाख की अवैध निकासी हुई थी। पुलिस ने इस घटना के मुख्य आरोपी सुनील साहू को गिरफ्तार किया था, लेकिन वह थाना से भाग गया था। सुनील साहू की गिरफ्तारी के लिए प्रयास नहीं करने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक ने केस के आइओ धीरज कुमार विश्वकर्मा को पहले शो कॉज किया। इसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### सीएमपीडीआइ की डिस्पेंसरी में चलाया गया स्वच्छता अभियान



रांची (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीएमपीडीआइ 30 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सीएमपीडीआइ के निदेशक तकनीकी शंकर नागाचारी ने स्वच्छता पखवाड़ा का नेतृत्व कर डिस्पेंसरी की साफ-सफाई की। इस अभियान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिल्पी स्वरूप, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सीमा कुमारी कच्छप, महाप्रबंधक, वरीय अधिकारी और कर्मचारियों ने भी अपना सहयोग दिया। इसके साथ ही सीएमपीडीआइ मुख्यालय रांची और इसके क्षेत्रीय संस्थानों द्वारा भी विभिन्न गतिविधियां चलायी गयीं। रांची के लोहराकोचा, धनबाद और येन्सा में जूट बैग का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्रीय संस्थान एक आसनसोल और क्षेत्रीय संस्थान-2 धनबाद में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। धनबाद में एकल उपयोग प्लास्टिक पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन और कूड़ेदान का वितरण किया गया। क्षेत्रीय संस्थान बिलासपुर के अधीनस्थ सिंहपुर कैंप द्वारा मास्क और सेनिटाइज़र का वितरण किया गया। साथ ही प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों पर लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

### झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ की नयी कमेटी ने कार्यभार संभाला




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड थोक वस्त्र विक्रेता संघ की नयी कमेटी ने कार्यभार संभाल लिया है। अध्यक्ष उमाशंकर कनोडिया ने कहा कि कपड़ा व्यवसाय की हर समस्याओं को जानना होगा और उसका तीव्र समाधान भी करना होगा। बैंक एंड फाइनांस उपसमिति संयोजक आशीष सिंघानिया ने केंद्रीय बजट में मांग पत्र तैयार कर वित्त मंत्रालय को भेजने की बात कही। मौके पर विक्रम खेतावत, हैप्पी किंगर, अमरचंद बेंगानी, महेश बजाज, विपुल जैन, सौरभ कटारुका, प्रमोद सारस्वत, मनमोहन मेहता, विवेक मेहता, सर्वेश बजाज, विक्रम जैन, राजेश कनोई, गौरव काबरा सहित अन्य मौजूद थे।

### सरकारी जमीन की लूट पर राजेंद्र प्रसाद ने जतायी चिंता



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी राजेंद्र प्रसाद ने सरकारी जमीन की लूट पर चिंता जतायी है। कहा है कि जितने भी अधिकारी सरकारी जमीन खरीदे हैं, उसकी जांच कर सरकार कार्रवाई करे। जमीन कारोबारी कमलेश कुमार के द्वारा सरकारी जमीन का नेचर बदलकर अवैध तरीके से खरीदी-बिक्री का मामला सामने आने के बाद झारखंड आंदोलनकारी-मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र ने कहा कि आज जिस तरह से अधिकारियों की मिलीभगत कर भूमि माफिया सरकारी जमीन का नेचर बदलकर अवैध तरीके से खरीद बिक्री कर रहे हैं। वह वाकई राज्य के लिए चिंता का विषय है। भूमि माफिया को कानून का खौफ नहीं है।

### मन की शांति के लिए साधन योग है: कुलपति



रांची (आजाद सिपाही)। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के नये प्रशासनिक भवन में डिपार्टमेंट ऑफ योगिक साइंस, एनएसएस, एनसीसी और बीएड विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने भी योगाभ्यास करते हुए कहा कि मन की शांति के लिए सबसे बढ़िया साधन योग है। उम्र बढ़ने के साथ ही शरीर पर उसका प्रभाव दिखने लगता है। इस कारण दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल कर लें, तो उम्र अधिक होने पर शारीरिक तौर पर कम समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। योग प्रशिक्षक अमित केसरी, मनीष कुमार, मिनी सहाय, परमेश्वर महतो और प्रिया कुमारी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास किया गया।

### समाजसेवी ने किया खीर प्रसाद का वितरण



रांची (आजाद सिपाही)। श्री शनि देव मनोकामना मंदिर में समाजसेवी सह मंदिर के मुख्य संरक्षक शंकर दुबे के द्वारा खीर प्रसाद का वितरण किया गया। शंकर दुबे ने सभी भक्तों के शनिदेव महाराज से प्रार्थना की।

### झामुमो युवा कमेटी के विस्तार पर चर्चा



रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो युवा मोर्चा की बैठक जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें लोकसभा चुनाव की समीक्षा की गयी। साथ ही रांची जिला के शेष प्रखंडों में कमेटी का गठन जल्द से जल्द करने का निर्णय लिया गया। साथ ही युवा मोर्चा रांची जिला कमेटी पर चर्चा की गयी। विधानसभा चुनाव में मजबूती से जीत दर्ज करने को लेकर रणनीति तैयार की गयी। बैठक में सोनू मुंडा, साजिद कौसर, विश्वजीत गोप, अल्ताफ अंसारी, रिशु रितेश, अशोक मुंडा, आरिज खान, योगेश भगत, रवि कुमार, सूरज गाड़ी, रोहित कुमार, मतस अंसारी, मो फिरोज, मो वसीम और अबुतलब अंसारी शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 जून, 2024
www.azadsipahi.in



# यूजीसी-नेट के बाद नीट पीजी परीक्षा भी स्थगित

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने लिया बड़ा फैसला, जल्द होगा नयी तारीखों का एलान**

**300 शहरों के 1000 से ज्यादा सेंटर पर रविवार को होनी थी परीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हालिया परीक्षाओं में गड़बड़ियों के मद्देनजर नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि रविवार को होने वाली नीट पीजी परीक्षा को टाल दिया गया है और एग्जाम की नयी तारीखों का एलान जल्द ही कर दिया जायेगा। इसे नेशनल बोर्ड ऑफ एजुकेशन इन मेडिकल साइंसेज कराता है। रविवार को 300 शहरों के 1000 से ज्यादा सेंटर पर यह एग्जाम होना था। कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता के संबंध में आरोपों की हाल की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए, स्वास्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल छात्रों के लिए राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा की प्रक्रियाओं की मजबूती का गहन मूल्यांकन करने का निर्णय लिया है। पिछले दो महीनों से एनटीए देश की दो सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं (नीट-यूजी और यूजीसी-नेट) में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक को लेकर विवादों में घिरा रहा है। खुद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का शीर्ष नेतृत्व प्रतियोगी परीक्षाओं- नीट और नेट में कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है।

## एनटीए के महानिदेशक सुबोध पद से हटाये गये, प्रदीप सिंह खरोला को प्रभार





**नयी दिल्ली।** एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। इसी के साथ उन्हें अनिवार्य वेट करने के लिए कहा गया है। बताया गया है कि हालिया परीक्षाओं में अनियमितताओं के मद्देनजर केंद्र सरकार ने यह फैसला किया है। बताया गया है कि भारतीय व्यापार प्रचार संगठन के चेयरमैन और एमडी प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**कौन हैं सुबोध सिंह**

उत्तर प्रदेश के मूल निवासी सुबोध कुमार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की से इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली से एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। पिछले जून में अपनी वर्तमान भूमिका संभालने से पहले, आइएएसअधिकारी सुबोध सिंह केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्यमंत्री रमन सिंह के अधीन 2009 से 2018 तक छत्तीसगढ़ सचिवालय में नौ साल तक सेवा की है।

## देश-विदेश की खबरें

### आंध्र के पूर्व सीएम के पार्टी ऑफिस पर चला बुलडोजर

**अमरावती (आजाद सिपाही)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी का निमार्णाधीन ऑफिस राज्य सरकार ने बुलडोजर से गिरा दिया है। यह कार्रवाई आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने की। गुंटूर के तड़ेपल्ली में यह ऑफिस 9365 वर्ग फीट में बनाया जा रहा था। इससे पहले, हैदराबाद महानगर निगम ने रेड्डी के लोटस पांड आवास से लगे फुटपाथ पर बना अवैध निर्माण तोड़ा था।

### शेख हसीना का नरेंद्र मोदी ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत दौरे का शनिवार को दूसरा दिन था। शनिवार को राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्हें सेरिमोनियल वेलकम दिया गया। मोदी ने कहा कि हमारा फोकस दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। बांग्लादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर बातचीत के लिए जल्द एक टेक्निकल टीम बांग्लादेश जायेगी।

### उरी में सुरक्षा बलों और आंतकियों के बीच मुठभेड़, दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के गोहलान इलाके में भारतीय सेना और संयुक्त सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। सुरक्षाबलों ने उरी के पास दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पायी है। ये दोनों घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। फिलहाल खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी था। मारे गये आतंकियों के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं है। सुरक्षाबल इनकी पहचान में जुटे हुए हैं।

### बिहार के सीवान में गंडक नहर पर बना पुल गिरा

**सीवान (आजाद सिपाही)।** बिहार में पांच दिनों में दूसरा पुल ढह गया। शनिवार सुबह सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर बना पुल अचानक टूट गया। एक पिलर के धंसते ही पुल भर-भराकर नहर में समा गया। हादसे का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साफ दिख रहा है कि पिलर अपनी जगह से खिसकता है, धीरे-धीरे पुल धराशायी हो जाता है। पुल के टूटने से दो गांव के बीच का आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। इससे पांच दिन पहले अररिया के सिकटी में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले मंगलवार को नदी में समा गया था।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य पुजारी का निधन

**वाराणसी (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का शनिवार सुबह निधन हो गया। 86 वर्षीय आचार्य पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और गंभीर बीमारी की चपेट में थे। लक्ष्मीकांत प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में पुजारियों की टीम में शामिल थे। उनका मर्णिकर्णिका घाट पर दाह संस्कार किया गया। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी।

# गांडेय में चल रही योजनाओं में तेजी लायें: कल्पना सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गांडेय।** विधायक कल्पना सोरेन ने गांडेय प्रखंड कार्यालय में ऑफिस का उद्घाटन किया किया गया। इसके बाद प्रखंड सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक ने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। ब्लॉक में चल रही तमाम सरकारी योजनाओं में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी उपस्थित रहे।

## पटना में लोक अदालत, 21 केस का निष्पादन



**हाजीपुर (आजाद सिपाही)।** रेल दावा अधिकरण पटना में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में 30 केसों को सूचीबद्ध किया गया था, जो रेल दुर्घटना-अप्रिय दुर्घटना से संबंधित थे। सूचीबद्ध केसों में पूर्व मध्य रेल हाजीपुर के 16 केस, पूर्व रेलवे कोलकाता के 11 केस और पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के तीन केस शामिल थे। सबसे पुराना केस वर्ष 2017 का था। लोक अदालत में पूर्व मध्य रेल हाजीपुर से प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक शिव कुमार प्रसाद, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक दावा डीके भारती और वरिष्ठ विधि अधिकारी दिग्विजय सिंह और पूर्व रेलवे कोलकाता से उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कोर्ट और दावा पवन कुमार की उपस्थिति रही। सूचीबद्ध केसों में से 21 केस में ही आवेदक उपस्थित हुए। रेल दावा अधिकरण पटना पीठ के सदस्य तकनीकी डॉ मधुकर सिन्हा द्वारा उक्त सभी केसों का निष्पादन किया गया, जो आवेदक के पक्ष में रहा। इसमें रेल मुआवजा की राशि 1.53 करोड़ दिया जायेगा।

## बच्चों की सोच और मानसिक स्थिति भिन्न होती है: समिता



**रांची (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में सीबीएसइ पटना द्वारा दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रशिक्षिका सह सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल की प्राचार्या समिता सिन्हा, डीएवी पुंदाग की पीजीटी इंदु प्रसाद ने किया। स्वागत प्राचार्य ललन कुमार ने किया। समिता सिन्हा ने कहा कि 10 से 19 वर्ष तक के विद्यार्थियों को पढ़ाते समय विशेष ध्यान देना चाहिए। इस उम्र के बच्चों की सोच और मानसिक स्थिति कुछ भिन्न होती है। तीसरे सत्र का विषय युवावस्था की समझ पर आधारित था। प्रशिक्षिका इंदु प्रसाद ने बताया कि एक शिशु अपने जीवन में विभिन्न अवस्थाओं से गुजरता है। इनमें से किशोरावस्था का मानसिक स्तर ही उसके जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करता है।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की घोषणा

# रांची में सितंबर में होगा खिलाड़ियों का जुटान

**सांसद खेल महोत्सव के माध्यम से जुटेंगे रांची लोकसभा क्षेत्र के खिलाड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** रांची में सांसद खेल महोत्सव 2024 का आयोजन 20 से 22 सितंबर को किया जायेगा। रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय होने वाले इस महोत्सव में दर्जन भर खेल शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य ओलंपिक में झारखंड से अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस निमित आयोजित बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने तैयारी का जायजा लिया। यह महोत्सव झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि होने वाले ओलंपिक में भारत के खिलाड़ी अधिक से अधिक पुरस्कार जीते। अपनी सशक्त भागीदारी निभायें। प्रधानमंत्री के इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से रांची में 20 से 22 सितंबर को संसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मुख्य आयोजन मोराबादी मैदान में होगा। इस बार सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक महिला खिलाड़ियों की भागीदारी हो, इस तरफ भी विशेष तैयारी की जा रही है।

**बैठक में ये रहे मौजूद :** पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारु, झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, संदीप वर्मा, चंचल भट्टाचार्य, संजीव वर्मा, एसके पांडेय, जगदीश सिंह जग्गू, शिवेंद्र दुबेएमिथलेश कुमार सिंह, परमेश्वर महतो, रामप्रसाद, प्रभाकर वर्मा, संजय झा, आदित्य कुमार सिंह, एसडी सिंह मौजूद थे।

**ये खेल होंगे शामिल**

सांसद खेल महोत्सव में आयोजित कराये जाने वाले खेल में एथलेटिक्स, वुशु, फेंसिंग, कुश्ती, कबड्डी, मालखंब, तीरंदाजी, महिला क्रिकेट, महिला फुटबॉल, महिला हॉकी, योग, शतरंज, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, सेपक टकरा, ताइक्वांडो शामिल है।

## मेडिका हॉस्पिटल में पूर्वी भारत के पहले दुर्लभ रोगी की सफल सर्जरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुदरत के करिश्मे अद्भुत और दुर्लभ होते हैं। भगवान महावीर सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में हाल ही में एक अतिदुर्लभ मरीज की जटिल सर्जरी की गयी। जनरल सर्जरी विभाग के कंसल्टेंट सर्जन डॉ गौतम चंद्र के पास रामगढ़ से एक 60 वर्षीय महिला गॉल ब्लाडर में स्टोन की शिकायत लेकर पहुंची। इस महिला की गिनती मेडिकल जगत में अतिदुर्लभतम श्रेणी में होती है, जिसे साइटस इंवर्टिस टोटलिस स्थिति कहा जाता है। इस स्थिति में रोगी के अंदरूनी सभी अंग विपरीत दिशा में होते हैं। महिला का हृदय, लीवर, गॉल ब्लाडर और आंतें सभी विपरीत दिशा में हैं।

इसके अतिरिक्त रोगी क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया से भी पीड़ित है, जिसका इलाज मेडिका के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ गुंजेश कुमार सिंह द्वारा किया जा रहा है। सर्जन डॉ गौतम चंद्र ने बताया कि रोगी की पित्त की थैली दाहिनी की जगह बायीं तरफ थी।

पित्त की थैली के स्टोन की जांच के बाद डॉ गौतम चंद्र प्रकाश ने लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी करने का निर्णय लिया। इस प्रकार की शारीरिक स्थिति के साथ यह दुनिया का 50वां ऑपरेशन और पूर्वी भारत का पहला ऑपरेशन था। लेप्रोस्कोपिक प्रणाली में 180 डिग्री का बदलाव कर सर्जरी करना जटिलतम श्रेणी में आता है।

## आइपीएस अफसरों को नये क्रिमिनल लॉ के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पुलिस के आइपीएस अफसरों को ऑफलाइन माध्यम से नये क्रिमिनल लॉ के बारे में जानकारी दी गयी। इसको लेकर शनिवार को अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नये क्रिमिनल लॉ के लागू होने के बाद, आपराधिक मामले में केस के आइओ को घटनास्थल पर जाना अनिवार्य होगा। घटनास्थल की फोटो लेने के साथ ही डिजिटल साक्ष्य भी जुटाना होगा, ताकि आरोपियों के खिलाफ मजबूत सबूत जुटाया जा सके। गौरतलब है कि नये क्रिमिनल लॉ को लेकर बीते 18 जून को गृह सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। गृह सचिव ने एसपी और उसके ऊपर रैंक के अधिकारियों के लिए नये क्रिमिनल लॉ पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा था। उसी के आलोक में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में डीजीपी के अलावा सभी एसपी, डीआइजी, आइजी, एडीजी रैंक के अधिकारी शरीक हुए। जिले के एसपी अपने जूनियर अफसरों को नये क्रिमिनल लॉ के बारे में जानकारी देंगे।

## रात के 8 बजे कोडरमा के होटल में ठांय-ठांय, दो युवकों की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित बाघीटांड के एक होटल में शनिवार रात 8 बजे ठांय-ठांय की आवाज हुई। इस गोलीबारी में दो युवकों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बाघीटांड में रांची पटना रोड के किनारे स्थित शांति मोटल में उक्त घटना हुई। दिन में हुए झड़प और विवाद के बाद रात के लगभग 8 बजे अपराधियों ने गोलीबारी की जिसमें जलवाबाद निवासी अमजार उर्फ राजन (32, पिता रेयाज उद्दीन) और नसीम (40) की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद इनमें एक को सदर अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद सभी अपराधी बिहार की तरफ भाग गये। यह भी बताया जाता है कि शाम को खाने के बाद विवाद हुआ था। अपराधी वहां से निकल कर तिलैया गये और फिर वापस आकर घटना को अंजाम दिया। होटल पहुंचे अपराधियों ने घटना के दौरान 5-6 गोली मार कर दो युवकों की हत्या कर दी। दोनों युवक होटल के कर्मी बताये जाते हैं। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पटना रांची रोड को जाम कर दिया।

### भू माफिया सजाउद्दीन जिला बदर

**रांची (आजाद सिपाही)।** पुलिस की अनुशंसा पर डीसी ने भू माफिया सजाउद्दीन अंसारी को जिला बदर किया है। सजाउद्दीन पिठोरिया इलाके में जमीन की खरीब-बिक्री का काम करता था। पुलिस की अनुशंसा पर डीसी के न्यायालय से उसे जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया। जारी आदेश में सजाउद्दीन को तीन महीने के लिए जिले से बाहर रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही थाना में उपस्थित होकर बंध पत्र भरने को भी कहा गया है।

### राजद की समीक्षा बैठक अब 25 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश की ओर से पलामू संसदीय क्षेत्र की समीक्षात्मक बैठक स्थगित कर गयी है। अब यह बैठक 25 जून को डाल्टनगंज स्थित चंद्रा रेसीडेंसी हॉल में दिन के दस बजे से होगी। यह निर्णय पलामू-गढ़वा के पार्टी के कार्यकर्ताओं के सुझाव पर लिया गया।

### 13 माह से नहीं मिला वेतन, आज कुलपति का घेराव

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय में वर्ष 2015-16 से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की स्थिति दयनीय है। दरअसल शिक्षकों को बीते लगभग 13 महीने से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इससे सभी शिक्षकों की आर्थिक स्थिति दयनीय है, लेकिन न सरकार और न विश्वविद्यालय को इनकी चिंता है। शिक्षकों ने कहा कि मानदेय को लेकर अक्टूबर माह से एचआरडी और विश्वविद्यालय के मध्य सिर्फ पत्राचार-पत्राचार का खेल खेला जा रहा है और हमारी स्थिति दिन प्रतिदिन दयनीय होती जा रही है। वहीं शिक्षक राजू हजाम ने कहा कि हम लोग पिछले सात वर्ष से शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कार्य कर रहे हैं। जब गैर शैक्षणिक कार्यों के लिए मानदेय की बात करते हैं, तो गैर शैक्षणिक कार्यों से अलग करने की कोशिश की जाती है। विश्वविद्यालय को समस्याओं पर संज्ञान लेना चाहिए। कहा कि इसे लेकर संघ ने निर्णय लिया है कि 23 जून को विश्वविद्यालय में कुलपति का घेराव किया जायेगा। बता दें कि रांची विश्वविद्यालय में 125 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है।

### अब सॉलिड गारबेज सकिंग गाड़ी से कूड़े का होगा उठाव

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची नगर निगम द्वारा स्मार्ट क्लीनिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई पहल की जा रही है। इसी कड़ी में निगम द्वारा अब एक सॉलिड गारबेज सकिंग गाड़ी की खरीदारी की गयी है। 15वें वित्त आयोग के पैसे से इसकी तैयारी की गयी है। शहर के मुख्य मार्गों की सफाई प्रतिदिन की जायेगी। इस मशीन के माध्यम से कूड़े को खींच लिया जायेगा। इसके अलावा जहां कहीं भी डंप कूड़े की शिकायत मिलेगी, वहां भी निगम की टीम के द्वारा इस मशीन के माध्यम से सफाई की जायेगी। इसके अतिरिक्त अन्य पथों पर भी इन मशीनों के द्वारा सफाई करायी जायेगी। इससे स्मार्ट क्लीनिंग को बढ़ावा मिलेगा और मैनुअल क्लीनिंग की आवश्यकता कम होगी। समय की बचत होगी। अपील करते हुए कहा है कि कूड़ा जहां तहां ना फेकें। सड़कों पर कूड़ा डंप ना करें। शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। क्षेत्र में निगम से जुड़े किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए निगम के कनेक्ट सेंटर 1800 570 1235 पर संपर्क कर शिकायत दर्ज करायें।

# अगस्त के पहले सप्ताह में कांटाटोली फ्लाइओवर का उद्घाटन

**कोताही बरतनेवाले संवेदक कंपनियों को हटाने का आदेश**

**80 फीसदी पूरी हो चुकी योजनाओं से जलापूर्ति जल्द**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नगर विकास और आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल ने जुडको के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शहरी पेयजलापूर्ति की योजनाओं के तहत जिनका काम 70 से 80 प्रतिशत तक पूरा हो गया है, उनसे जलापूर्ति शुरू करा दी जाये। बशर्ते जलशोधन संयंत्र और इंटेक वेल बन गया हो। श्री राजकमल ने शनिवार को जुडको के सभागार में योजनाओं की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिया। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिया कि कांटाटोली फ्लाइओवर का काम हर हाल में 31 जुलाई तक समाप्त कर अगस्त के प्रथम सप्ताह में उद्घाटन कराया जाये। समीक्षा बैठक में पीडीटी गोपाल जी, पीडी अरविंद कुमार मिश्रा और पीडीएफ अमित चक्रवर्ती सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

**रवींद्र भवन का काम अगस्त तक पूरा करने का लक्ष्य :** सचिव ने रांची के रवींद्र भवन का भी काम अगस्त माह के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं के समधान के लिए स्थानीय उपायुक्तों और अन्य विभागों के साथ समन्वय बनाकर काम में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। सचिव ने कहा कि शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को आवास लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निकायों में आवास मेला लगाया जाये। राजकमल ने पेयजल और स्वच्छता विभाग से समन्वय स्थापित कर आदित्यपुर की भांति रांची, मानगो, धनबाद और गिरिडीह की पेयजलापूर्ति संचालन के लिए जुडको को हैंडओवर लेने का आदेश दिया।

सचिव ने कहा कि रांची पेयजलापूर्ति फेज एक के राइजिंग पाइप बिछाने के लिए वैकल्पिक मार्ग पर काम शुरू कर यथासंभव पेयजलापूर्ति शुरू की जाये। रांची में जहां जहां फ्लाइओवर नहीं बन रहा हो, वहां पथ निर्माण विभाग से बात कर फुटओवर ब्रिज बनाने की दिशा में पहल करने का आदेश दिया। समीक्षा बैठक में सचिव ने धनबाद और जमशेदपुर में ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के लिए संबंधित उपायुक्त से पत्राचार कर जमीन मुहैया कराने की पहल करने का निर्देश दिया। यह भी निर्देश दिया कि जो योजनाएं 80 प्रतिशत पूरी हो गयी हैं, उन्हें मानव शक्ति लगा कर शत-प्रतिशत पूरा किया जाये। सचिव ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जो संवेदक एजेंसियां निर्धारित समयावधि में निर्धारित कार्य नहीं कर पायी हों उनसे स्पष्टीकरण पूछ कर जमानत राशि जब्त कर उन्हें हटाने का भी काम किया जाये। साथ ही इन कंपनियों की जगह पर नया टेंडर निकाला जाये।

# पीएम मोदी का कश्मीर दौरा

लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के बाद जम्मू-कश्मीर की अपनी पहली यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही वहां के लोगों की लोकतांत्रिक आकांक्षा को संबोधित किया। उन्होंने न केवल वहां जल्द चुनाव कराये जाने का संकेत दिया, बल्कि यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने में अब ज्यादा देर नहीं है। बेशक ये दोनों मुद्दे जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिल के करीब हैं, लेकिन इन पर ऐसी घोषणाओं से आगे बढ़ कर काफी कुछ करने की जरूरत है। पीएम मोदी ने अपनी दो दिवसीय यात्रा के पहले ही दिन इन दोनों मसलों का जिक्र किया, जो इस बात का संकेत है कि सरकार की प्राथमिकता सूची में ये दोनों मुद्दे काफी ऊपर हैं। फिर भी ये घोषणाएं वहां तत्काल खास उत्साह नहीं जगा पायीं, तो उसकी एक वजह यह भी है कि इनमें स्पष्टता की थोड़ी कमी पायी गयी। प्रधानमंत्री की बातों से यह साफ नहीं हुआ कि जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा कब तक दिये जाने की योजना है। यही कारण रहा कि पीएम मोदी के बयान के बाद वहां से यह मांग उठी कि सरकार को चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे देना चाहिए। विधानसभा चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट 30 सितंबर की समय सीमा तय कर चुका है, लेकिन चुनाव राज्य की विधानसभा के लिए होगा या केंद्रशासित क्षेत्र के लिए यह तय नहीं है और प्रधानमंत्री का बयान भी उस पर कोई रोशनी नहीं डालता है। इसमें दो राय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियों पर लगाम लगी है, लेकिन फिर भी ये घटनाएं पूरी तरह बंद नहीं हुई हैं। खास कर पीएम मोदी की यात्रा से कुछ पहले हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का अहसास कराने की कोशिश से बाज नहीं आ रहे। ऐसे में चुनावों के दौरान उनकी तरफ से बाधा डालने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 के तहत राज्य को हासिल विशेष दर्जे की समाप्ति के बाद किये गये कार्यों का उल्लेख किया और बताया कि कैसे उसके बाद विकास का फल राज्य के लोगों तक ज्यादा आसानी से और ज्यादा मात्रा में पहुंच रहा है, लेकिन इस बारे में राज्य के लोगों की क्या राय है यह चुनावों से जाहिर होगा। समय सीमा आगे न बढ़े लोकसभा चुनावों में वोटिंग का दशकों पुराना रिकॉर्ड टूटना जरूर एक उपलब्धि है, जो बताती है कि आतंकी तत्वों की लाख कोशिशों के बावजूद चुनाव प्रक्रिया के जरिए मुख्यधारा से जुड़ने की आम लोगों की इच्छा कम नहीं हुई है। इसलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि किसी भी सूरत में चुनाव की सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गयी समय सीमा आगे न बढ़ने दी जाये।

**पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 के तहत राज्य को हासिल विशेष दर्जे की समाप्ति के बाद किये गये कार्यों का उल्लेख किया और बताया कि कैसे उसके बाद विकास का फल राज्य के लोगों तक ज्यादा आसानी से और ज्यादा मात्रा में पहुंच रहा है, लेकिन इस बारे में राज्य के लोगों की क्या राय है यह चुनावों से जाहिर होगा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज हम विश्व वर्षा वन दिवस मना रहे हैं। हो सकता है कि कुछ लोगों को यह अजीब लगे, लेकिन जब इसे मनाये जाने की परंपरा शुरू हुई थी, तब तक संसार के आधे से अधिक वन साम्राज्य पर अपना मतलब साधने के लिए तैयार लोगों का कब्जा हो चुका था। यह सौ से अधिक वर्ष पहले आरंभ हुआ और अब इस सदी में कुछेक साल पहले अचानक ध्यान आया कि मानव जाति उस प्रकृति का कितना नाश कर चुकी है, जो हमारा संरक्षण करती है।**

# पीढ़ियों का सुरक्षा कवच है 'वर्षा वन'

**पूरन चंद सरीन**

अक्सर कहते-सुनते और देखते-पढ़ते यह बात सामने आती है कि मौसम के तेवर बदल रहे हैं। भयंकर गर्मी, भयानक सर्दी, विनाशकारी बाढ़, बेमौसम बरसात और बर्फबारी तथा जमीन खिसकने जैसी घटनाएं अपने देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में चिंता और बहस का विषय बन रही हैं। इस सब के मूल में केवल एक बात प्रमुख है और वह है बड़े पैमाने पर और अंधाधुंध तरीके से वन विनाश होना और वन संरक्षण का हवा-हवाई हो जाना। ग्लोबल वार्मिंग का कारण यही है।

**वर्षा वन दिवस :** आज हम विश्व वर्षा वन दिवस मना रहे हैं। हो सकता है कि कुछ लोगों को यह अजीब लगे, लेकिन जब इसे मनाये जाने की परंपरा शुरू हुई थी, तब तक संसार के आधे से अधिक वन साम्राज्य पर अपना मतलब साधने के लिए तैयार लोगों का कब्जा हो चुका था। यह सौ से अधिक वर्ष पहले आरंभ हुआ और अब इस सदी में कुछेक साल पहले अचानक ध्यान आया कि मानव जाति उस प्रकृति का कितना नाश कर चुकी है, जो हमारा संरक्षण करती है।

अमेरिका, यूरोप, एशियाई देश इसकी चपेट में सबसे अधिक आये हैं, जहां सड़कों, भव्य इमारतों के निर्माण, विशाल क्षेत्र में खेतीबाड़ी और बड़े-बड़े उद्योग लगाने के लिए सबसे आसान तरीका अपनाया गया। यह सोच थी कि जहां भी रुकावट हो, उसे जड़ से समाप्त कर दो। अवरोध करने वाले और कोई नहीं, हमारे जंगल थे, वनीय उपज थी और उनमें रहने वाले वनवासी या आदिवासी थे। विरोध के स्वर उठे, बहुत हाहाकार हुआ, आंदोलन हुए, अत्याचार सहे, लेकिन सब व्यर्थ, क्योंकि अपने पैरों पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने वाले को कौन रोक सकता है? आज सभी देशों से जलवायु परिवर्तन के संदेश आ रहे हैं।

**प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाती है। जीवनदायिनी नदियां विनाश लीला करती हैं।**



**आज अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया जैसे महाद्वीप ऐसी जीवन शैली अपना रहे हैं, जो अफ्रीका जैसी है, जहां जंगलों को साथी मान कर उन्हें अपनाया जाता है, उनके अनुसार स्वयं को ढाला जाता है। प्रकृति को असंतुलित होने से रोकना है, तो भविष्य की ऐसी भयावह कल्पना करनी होगी, जिसमें चारों ओर मरुस्थल, बंजर भूमि, अधिक या कम वर्षा से बाढ़ और सूखाग्रस्त धरती और आसमान से बरसती आग तथा पृथ्वी पर जल प्लावन के दृश्य होंगे।**

भारत इससे अछूता नहीं है और हमारी पूरी आबादी इसे महसूस कर रही है।

सामान्य जंगल तो सबने जीवन में कभी न कभी देखे होंगे। आज कल जंगल सफारी का चलन है और वहां पाये जाने वाले पशु-पक्षियों को निकट से देखने का मोह बढ़ रहा है। मैदानी इलाकों से निकल कर वन प्रदेशों में घूमना-फिरना, झरनों का सौंदर्य निहारना और नदियों तथा तालाबों में जलीय जीवों की अठखेलियां देखना कभी न भूल सकने वाला अनुभव है। बहुत से संरक्षित यानी जिन जीवों का शिकार नहीं किया जा सकता, उन्हें हाथ से छूना रोमांचक हो जाता है। उनकी सिहरन और हाथ से फिसलने का कौतुक बहुत समय तक महसूस होता रहता है। इन जंगलों में आधुनिक सुविधाओं, इंटरनेट और रहने तथा मौज-मस्ती करने के साधनों का विस्तार हो रहा है। इको टूरिज्म के नाम पर दूर-दराज की बस्तियों में आराम और खानपान के प्रबंध धन कमाने का जरिया बन चुके हैं।

चलिए एक वर्षा वन जैसे स्थान की सैर करते हैं। मेघालय में पवित्र गुफाएं या सैक्रेड ग्रोव के रूप में विशाल वनस्थली है। वहां की खासी जाति इसका संरक्षण करती है। बहुत पहले यहां के निवासियों ने इसका विकास शुरू किया। खेती की झूम प्रथा अर्थात जरूरत के अनुसार जंगल काट कर उस जगह को समतल बनाना और वहां खेती करना और जब जमीन उपजाऊ न रहे, तो उसे छोड़ कर अगली जगह के जंगल काट कर खेती करना। दोबारा उसी जगह खेती करने का चक्र 40-50 साल बाद आता था और तब तक वहां जंगल फिर से पनप जाते थे, जिन्हें काट कर उपजाऊ जमीन मिल जाती थी और खेतीबाड़ी होती थी। जनसंख्या के दबाव के कारण यह अवधि 2-4 वर्ष की रह गयी, जिसका परिणाम पूरे नार्थ ईस्ट में देखा जा सकता है।

प्रकृति अपना रौद्र रूप दिखाती है। जीवनदायिनी नदियां विनाश लीला करती हैं। अनेक सदियों पहले यहां के लोगों ने अनुमान लगा लिया होगा कि क्या होने वाला है, इसलिए वन संरक्षण के ऐसे उपाय किये कि वन सुरक्षित रहें। उन्होंने एक बहुत बड़े क्षेत्र का चुनाव किया, जहां हर समय वर्षा होती रहती थी और इसे पवित्र गुफा का नाम दिया, ताकि यहां से कोई एक पत्ता तक न ले जा सके। वर्षा वन की तीन परतें होती हैं। सबसे पहले घना प्रदेश जहां घुप अंधेरा रहता है। यहां जलवायु में उमस और गर्मी रहती है, जिससे विभिन्न वनस्पतियां पनपती हैं। एक बहुत बड़ी कैनोपी बन जाती है। घास, पात और पेड़ों से लिपटी लताएं झुंडों में बढ़ती हैं। प्राकृतिक जल स्रोत उपलब्ध हैं और कल कल ध्वनि से संगीत का आनंद आता है।

पूजा स्थल भी हैं, जहां स्थानीय देवता की पूजा होती है। लोग ऊपर से झांक रही सूर्य की किरणों के प्रकाश में विधि विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। आसपास जो फफूंद है, उसे बनने में सैंकड़ों वर्ष लगे हैं। वनस्पति विज्ञान के शोधार्थी अध्ययन करते हैं। उल्लेखनीय है कि इन्हें एक झटके में नष्ट किया जा सकता है। कुदरत की मेहनत का पल भर में सर्वनाश हो सकता है।

**उपयोगिता और वास्तविकता :** वर्षा वन और इनमें बसे जीवों की उपयोगिता के बारे में इतना ही कहना काफी होगा कि विश्व की लगभग आधी औषधियां इन्हीं की बदौलत प्राप्त हुई हैं। यहां की हर्बल संपदा अनेक गंभीर रोगों के उपचार में काम आती है। दुर्भाग्य से इस कुदरती खजाने पर डाका पड़ रहा है। तस्करी के धंधे में लगे लोग चोरी कर रहे हैं और अमीर देशों को बेच रहे हैं। वर्षा वन की दूसरी परत एक विशाल छाते की तरह है और तीसरी 60 से 80 मीटर तक के ऊंचे वृक्ष हैं। पेड़ों का अद्भुत संसार दिखाते ये वर्षा वन अपने आप में अनमोल ही नहीं, पीढ़ियों की धरोहर हैं, आगामी पीढ़ी के रक्षक हैं। आज पेड़ काट कर और फिर उनके स्थान पर नये लगाने का नाटक बहुत हो गया। केवल इतना ही कर लें कि जंगलों की बहुत कम कटाई करते हुए सड़कें बनायें, कह सकते हैं कि सिर्फ छंटाई करें तो भी वन विनाश पर रोक लग सकती है। विकास का कोई विरोध नहीं है।

आज अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया जैसे महाद्वीप ऐसी जीवन शैली अपना रहे हैं, जो अफ्रीका जैसी है जहां जंगलों को साथी मान कर उन्हें अपनाया जाता है, उनके अनुसार स्वयं को ढाला जाता है। प्रकृति को असंतुलित होने से रोकना है, तो भविष्य की ऐसी भयावह कल्पना करनी होगी, जिसमें चारों ओर मरुस्थल, बंजर भूमि, अधिक या कम वर्षा से बाढ़ और सूखाग्रस्त धरती और आसमान से बरसती आग तथा पृथ्वी पर जल प्लावन के दृश्य होंगे। यदि इसे सच में घटित होने से रोकना है, तो आज ही कदम उठाने हैं वर्ना कौन जाने, कल क्या होगा?

## जमशेदपुर की खबरें

# सीएम आज आयेंगे घाटशिला बुरुडीह झील का होगा कायाकल्प

**विधायक ने की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के कार्यक्रम को लेकर शनिवार को विधायक रामदास सोरेन ने विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चर्चा किया। उन्होंने कहा कि रविवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का घाटशिला में तीन स्थानों पर अलग-अलग कार्यक्रम है। इसके लिए अलग-अलग टीम का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गयी। विधायक ने कहा कि मऊभंडार के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान में परिसंपत्ति का वितरण



और 100 करोड रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जायेगा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को विभिन्न प्रखंडों से आने-जाने के लिए 40 बस की व्यवस्था की गई है। बुरुडीह डैम पर प्रमुख सुशीला टुडू के नेतृत्व में क्षेत्र की पंचायत प्रतिनिधि और महिला मोर्चा की सदस्य मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए रहेगी। इसके अलावा शहरी क्षेत्र के युवा मोर्चा के 2 सौ कार्यकर्ता बाइक रैली के साथ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य का पहला मुख्यमंत्री होंगे चंपई सोरेन जिन्होंने राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में चयनित बुरुडीड डैम के विकास के लिए स्वयं स्थल निरीक्षण करने आ रहे हैं। उन्होंने कहा की बुरुडीह डैम पर्यटन स्थल को विकसित करने के लिए हमने सरकार के पास 72 करोड़ का योजना बनाकर भेजी थी इसी के परिपेक्ष में मुख्यमंत्री आ रहे हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार अब बहन बेटी के लिए भी पेंशन योजना ले आई है। 24 वर्ष से 49 वर्ष तक की वैसी जरूरतमंद बहन बेटियों को भी सरकारी 1000 पेंशन देने का घोषणा किया है। विधायक ने कहा कि हम क्षेत्रीय भाषा के लिए घंटी आधारित 40000 मास्टर की बहाली कर रहे हैं। इसके अलावा सरकार अन्य कई जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतरने को ब्लूप्रिंट तैयार कर ली है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो भाजपा की तरह एयरपोर्ट निर्माण के नाम पर झूले वाले जनता को भूमिहीन बना दिया गरीबों की जमीन को पूंजीपतियों के हाथ बेचने के लिए मजबूर किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम, कानू सावंत, गौरांग मोहाली, काली पद गोराई, काजल डॉन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विस चुनाव की तैयारी पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले में तैयारी शुरू होने लगी है।शनिवार को डीसी सह जिला निर्वाचन अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया चुनाव आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार पुनरीक्षण कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण की प्रक्रिया 25 जून से 24 जुलाई तक होगी। इस दौरान प्री रिवीजन एक्टिविटीज होंगे। उसके बाद 25 जुलाई से 20 अगस्त तक रिविजन एक्टिविटी किए जाएंगे।पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जुलाई को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन एवं 20 जुलाई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया इस अवधि में चार चरणों में विशेष अभियान दिवस चला कर नए मतदाताओं को जोड़ने, स्थल परिवर्तन करने, मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया संपादित होगी। इसके तहत 27-28 जुलाई और 3-4 अगस्त को हर बूथ पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। डीसी ने बैठक में शामिल सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा 1 जुलाई को या इससे पूर्व 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में निबंध सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है। साथ ही थर्ड जेंडर, पीवीटीजीएस ग्रुप, सेक्स वर्कर्स, 85 प्लस आयु वर्ग, दिव्यांगजन, आश्रयगृह में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंध किया जाएगा। 30 जुलाई को सभी रैन बसेरों,आश्रय गृह में आवासित पात्र नागरिकों का निबंध हेतु अभियान चलाया जाएगा। 31 जुलाई को पात्र दिव्यांग जनों का निबंध एवं मतदाता सूची में मार्किंग हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। 1 अगस्त को 85 प्लस आयु वर्ग के निबंध हेतु विशेष अभियान चलाया जाना है। विशेष अभियान के तहत घर-घर विजिट कर मतदाता सूची में पूर्व से पंजीकृत उक्त श्रेणी के मतदाताओं का शत-प्रतिशत सत्यापन करते हुए छूटे हुए पात्र नागरिकों का निबंध करना सुनिश्चित किया जाना है। 2 अगस्त को सभी पात्र थर्ड जेंडर एवं सेक्स वर्कर्स का निबंध हेतु अभियान चलाया जायेगा।

# सीएम आज करेंगे देशभर से आये संथाल प्रतिनिधियों को संबोधित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** सिदो कान्हू मुर्मू फुटबॉल मैदान पावड़ा में माझी परगना माहाल धाड़ दिशोम पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था का दो दिवसीय 14वां महासम्मेलन शनिवार को देश पारगना बाबा बैजू मुर्मू ने झांड्डोतोल्लान कर शुभारंभ किया। विधिवत पूजा का अर्चना करते हुए महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर देश परगना बाबा का स्वागत किया गया। माहाल का प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रानिक बाबा मधु सोरेन और लेखा जोखा का पंचानन सोरेन दिया। तत्पश्चात पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था, रीति रिवाज, धर्म, संस्कृति, पूजा पद्धति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक, रोजगार समाज में महिलाओं को सम्मान,भागीदारी और जिम्मेदारी तथा समाज में युवाओं का भागीदारी पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया। रविवार सुबह पुनः डेलिगेट्स सेशन आरंभ होगी और सम्मेलन का समापन समारोह 2 बजे से होगा। इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शामिल होंगे। सेशन में मुख्य रूप से डॉ. जुझार सोरेन, सिविल सर्जन, शंकर मार्डी, अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एक्स जी एम, लेदेम किस्कू, पारगना बाबा दसमत हांसदा, डॉ. राजेंद्र प्रसाद टुडू, छोटा भुजंग टुडू, प्रोफेसर श्याम सुंदर मुर्मू, सेन बासु हांसदा आदि ने योगदान दिया, साथ ही कोल्हान के सभी परगना बाबा माझी बाबा और समाज के हजारों प्रतिनिधि शामिल रहें ।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि आज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सह भाजपा के पितृपुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा महानगर बलिदान दिवस के रूप में मनाएगी। साकची स्थित कार्यालय में रविवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 71वें बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। साथ ही महानगर के विभिन्न मंडल कार्यालय व बूथों पर श्रद्धापूर्वक बलिदान दिवस मनाया जाएगा। भाजपा महानगर के द्वारा बलिदान दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शनिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया बलिदान दिवस की सफलता को लेकर सभी मंडल अध्यक्ष व जिला स्तर के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।**

# टाटा स्टील की खेल सुविधाएं बेहतरीन, लेकिन उन तक आम खिलाड़ियों की पहुंच नहीं: सरयू राय

**खेल आपको अनुशासित रखकर जीतने का जज्बा पैदा करता है: हरभजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा जमशेदपुर क्रीड़ा उद्यान के द्वारा जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की विधायक निधि से निर्मित बास्केटबॉल कोर्ट का पूर्व ओलंपियन हरभजन सिंह के द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक के सतवीर सिंह सहित कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व पूर्व कोच भी शामिल रहे। शनिवार को कार्यक्रम के दौरान दो बच्चियों ने आये हुए सभी मेहमानों को तिलक लगा कर



स्वागत किया। उसके बाद स्वागत गीत प्रस्तुत की। मौके पर नीपू और रोशनी ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत की। इस अवसर पर ओलंपियन हरभजन सिंह ने कहा बीते साल विधायक सरयू राय ने कहा था वह सालभर में बास्केटबॉल कोर्ट तैयार हो जाएगी। उन्होंने ऐसा ही करके दिखा भी दिया है। उन्होंने श्री राय को दिल से बधाई दी। उन्होंने कहा विधायक सरयू राय जनता से जो वादा किया था उसे समय पर निभाया। हरभजन सिंह ने कहा खेल एक ऐसी विधा है जो आपको अनुशासित रखता है। ताकि युवाओ में खेल का क्षेत्र में जीतने का हुनर पैदा हो सके। मौके पर विधायक सरयू राय ने कहा जमशेदपुर व आस पास क्षेत्र के युवाओं में खेल-कूद का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर है। यहां से बड़े खिलाड़ी भी निकले हैं लेकिन ये सब टाटा स्टील के कंट्रोल में है। वहां हर किसी की पहुंच नहीं है। उसमें काफी खर्च होता है। उन्होंने कहा दिमाग में यह बात चल रही थी। कैसे आम खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं मिल सके। फिर सरकार का सहयोग लेने का विचार कर सरकार से बातचीत हुई। लेकिन फिलहाल अपनी विधायक निधि से 76 लाख रुपये से यह कोर्ट बना है। इसी माह आर्चरी कोर्ट, नेटबॉल, हैंडबॉल, टेबल टेनिस, स्नूकर, कैरम खेलने के स्थानों का भी उद्घाटन किया जाएगा। श्री सरयू राय ने कहा सरकार के सहयोग से एक ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना चाहते हैं जिसमे सभी खेल खेला जा सके। जो आम आदमी की पहुंच में हो और जो भी खेल शुरू हो वो लगातार चले। उन्होंने कहा जेएनएससी ने भी अपना दायरा बढ़ाया है। यह खुशी की बात है अब जेएनएसी स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर भी डेवलप करने लगा है। वही उद्घाटन समारोह के बाद एक प्रदर्शनी मैच खेला गया। जिसमें रामकृष्ण मिशन स्कूल और आईएसडब्लूपी की टीमों ने हिस्सा लिया।

### सांसद वीडी राम ने पदाधिकारियों संग बैठक कर संचालित योजनाओं की समीक्षा की, कहा

# अधूरी योजनाओं को ससमय पूरा करें

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** संसद विष्णु दयाल राम माननीय सांसद की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में गढ़वा जिला अंतर्गत केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक संपन्न की गयी। उक्त समीक्षात्मक बैठक में सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 (75) और 343 का फोरलेन सड़क निर्माण, बाईपास और अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना तथा कांडी प्रखंड के श्रीनगर-पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज का निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में सर्वप्रथम सांसद द्वारा सोन-कनहर पाइपलाइन सिंचाई योजना के कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने का कारण पूछा गया। उन्होंने कहा कि इस योजना की प्राप्ति वर्ष 2019 में हो चुकी थी और 2022 तक पूर्ण करने का अवधि निर्धारित था। मौके पर उपस्थित कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा बताया गया कि इस योजना से संबंधित 95% क्षेत्र में कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष अपूर्ण कार्यों के लिए फॉरेस्ट क्लीयरेंस सर्टिफिकेट नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि पीएससी की बैठक में आवश्यक निर्देश मिलने के फलस्वरुप फॉरेस्ट क्लीयरेंस हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है, जिसे एक माह के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। सोन-कनहर पाइप लाइन सिंचाई योजना का अधिकांश भाग वन क्षेत्र होने और भवनाथपुर सेल माइंस का क्षेत्र होने के चलते भी एनओसी सर्टिफिकेट के लिए अग्रेतर कार्रवाई की गयी है। एनओसी मिलते ही जल्द कार्य शुरू करते हुए योजना पूर्ण कर ली जायेगी। सांसद द्वारा इस महत्वपूर्ण योजना को जल्द से जल्द पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया गया, ताकि किसानों को सिंचाई हेतु पानी पाइप लाइन के माध्यम से पहुंचा जा सके।

भारतमाला प्रोजेक्ट के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 (75) एवं 343 का फोरलेन सड़क निर्माण की भी समीक्षा की गयी। साथ ही अन्नराज घाटी में ब्लैक स्पॉट निर्माण कार्य योजना की समीक्षा की गयी। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि योजना के तहत रैयतों के मुआवजा भुगतान हेतु 450 करोड रुपये के स्थान पर 422 करोड रुपये प्राप्त हुए हैं, जिसमें 302 करोड रुपये का भुगतान कर दिया गया है और शेष 120 करोड रुपये के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। अगले दो से तीन माह के अंदर भुगतान संबंधी सारी प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। कांडी प्रखंड के श्रीनगर-पंडुका के बीच सोन नदी पर ब्रिज के निर्माण कार्य को लेकर भी समीक्षा की गयी और इस योजना को ससमय पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान उपस्थित सभी संबंधित पदाधिकारी को सांसद बीडी राम ने गढ़वा जिला अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को साथ समय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो के अतिरिक्त जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गढ़वा, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, रंका और श्री बंशीधर नगर, भूमि सुधार उपसमाहर्ता गढ़वा, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल, अंचल अधिकारी गढ़वा, मेराल, रमना, नगर उंटारी आदि, एनएचएआई के प्रतिनिधिगण समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### नगर उंटारी प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में अनियमितता की शिकायत

# डीसी ने दोषियों से स्पष्टीकरण पूछ, कार्रवाई का दिया आदेश

अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में करायी गयी योजनाओं की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर ।** नगर उंटारी अंतर्गत ग्राम पंचायत-चित्तविश्राम में मनरेगा की योजनाओं से संबंधित प्राप्त शिकायत के आलोक में उपायुक्त, गढ़वा शेखर जमुआर के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर की अध्यक्षता में टीम गठित कर मामले की जांच करायी गयी। जांच दल द्वारा ग्राम पंचायत चित्तविश्राम में मनरेगा की कुल 08 योजनाओं की जाच की गयी। जिसमें से 07 योजनाओं (टी.सी.बी. निर्माण योजना) में अनियमितता पायी गयी। उक्त अनियमितता के फलस्वरूप उपायुक्त, गढ़वा के द्वारा सातो योजनाओं में कार्य से अधिक भुगतान की गयी 12 प्रतिशत ब्याज के साथ राशि की वसूली संबंधित ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया, कनीय अभियंता और मेट से करने का निदेश दिया गया और मेट को हटा दिया गया। साथ ही सभी दोषी कर्मी से स्पष्टीकरण पृच्छा की गयी है। स्पष्टीकरण प्राप्त होने के पश्चात दोषी कर्मी के विरूद्ध संविदा समाप्त/विभागीय कार्रवाई एवं मुखिया की वित्तीय शक्ति जब्त करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

दैनिक रूप से योजनाओं का समीक्षा/पर्यवेक्षण नहीं किये जाने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर उंटारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), नगर उंटारी से मनरेगा की धारा-25 के तहत 1000.00-1000.00 रु० अर्थदंड लगाया गया है।

## स्वर्ण व्यवसायी से लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सवर्ण व्यवासायी के साथ लूटपाट का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि स्वर्ण व्यवसायी राहुल कुमार अपने पिताजी के साथ दुकान बंद कर घर जा रहा था। उसी क्रम में रोहित रसोई दुकान के पास दो मोटरसाइकिल सवार अपराधियों के द्वारा पिस्टल का भय दिखाकर झोला में रखे दुकान के समान को लूटने का प्रयास किया गया, लूटपाट में अपराधी सफल नहीं हो सके। तत्पश्चात अपराधी भागने लगे। भागने के क्रम में एक मोटरसाइकिल नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 12 खजुरी में मझिआंव गढ़वा मुख्य मार्ग पर दुर्घटनाग्रसत हो गया। मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन सवार अपराधी गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं पीड़ित स्वर्ण व्यवसायी राहुल कुमार के द्वारा थाना में आवेदन देने के आधार पर मझिआंव धारा 393/398 पर प्राथमिक दर्ज किया गया। लूटपाट में शामिल अपराधी को गिरफ्तार कर कांड का अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार अपराधियों ने दूसरे राज्यों में भी लूटपाट जैसे अन्य घटनाओं का अंजाम दिया हैं। गिरफ्तार अभयुक्त दिलीप दास उम्र करीब 25 वर्ष, राजेश दास उम्र करीब 25 वर्ष, माइकल कन्हैया उम्र करीब 25 वर्ष सभी जाजपुर थाना जिला जाजपुर उड़ीसा राज्य के रहने वाले हैं। वहीं स्थानीय थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त दोषियों को कदापि नहीं बक्सा जायेगा। उसे कानूनी संगत कठोर से कठोर दंड दिया जायेगा।

## जरूरतमंद लोगों को नहीं मिल पा रहा अबुआ आवास योजना का लाभ : पंसस



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने प्रेस वार्ता कर आगामी 25 जून से ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है। पंसस चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं रहने के कारण योग्य और जरूरतमंद लोगों को आवास का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अबुआ आवास के प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन सभी पंचायत सचिवालय में दीवार लेखन कर नहीं कराने से, उपरोक्त योजना में भ्रटाचार हावी है। जिसके चलते गरीब, गृह विहीन, दिव्यांग, आवास विहीन लोगों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल रहा है। मनरेगा से वर्ष 2018 से अबतक बने पशु शेड, मिट्टी मोरम सड़क, कूप निर्माण योजना का सामग्री मद एवं मेठ, मिस्त्री का पैसा बकाया है, जिससे लाभुक परेशान हैं। राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजना के लाभूको का पिछले पांच माह से पेंशन बकाया रहने से परेशानी हो रही है। पंसस चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि उपरोक्त मुद्दों को लेकर कई बार अधिकारियों को आवेदन दिया गया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस लिए 25 जून से बाध्य होकर ग्रामीणों के साथ आमरण अनशन करने का निर्णय लिया गया है। इसकी सूचना एसडीओ, सीओ, बीडीओ एवं थाना प्रभारी को लिखित रूप से दे दी गयी है। इस मौके पर अरसली दक्षणी पंसस शकील अहमद, अरसली दक्षणी उप मुखिया दयानंद यादव, वार्ड सदस्य मनोज बैठा, घनश्याम शुक्ला, दयानंद प्रजापति, नेपाल साह, प्रदीप गुप्ता सहित अन्य मौजूद थें।

## कांडी में दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किया



**कांडी (आजाद सिपाही)।** खेतों के बजाय सड़कों पर धनरोपनी करने का मामला बरसात के दस्तक देते ही शुरू हो गया। मामला कांडी मुख्य बाजार स्थित कर्पूरी चौक के समीप मुख्य सड़क पर देखने को मिला। जहां उक्त बाजार से होकर गुजरने वाले राहगीरों को अत्यंत नारकीय स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। बहते हुए नाली के पानी से ऐसी बदबू आती है कि लोगों को आने जाने में परेशानी होती है। विदित हो कि सरकार द्वारा कांडी बजार स्थित कर्पूरी चौक से लेकर भवनाथपुर स्थित कर्पूरी चौक तक का निर्माण कार्य 6 वर्षों के बीत जाने के बाद भी पूर्ण नहीं हुआ है। इसमें सरकार, वरीय पदाधिकारी व संवेदक की घोर लापरवाही दिख रही है। शनिवार को कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद प्रसाद के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने सड़क पर धान की रोपाई कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विनोद प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा वर्षों पूर्व कांडी बाजार स्थित कपूर्री चौक से भवनाथपुर स्थित कपूर्री चौक तक सड़क की स्वीकृति मिलने के बावजूद भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका।

# निर्माणाधीन फ्लाइ ओवर से हुई चोरी का पुलिस ने किया उद्भेदन, सभी सामान जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



मकान के पास रखे गये बालू में फ्लाई ओवर निर्माण में ले जानेवाले सामान को छुपाकर रखने की आशंका व्यक्त की गयी थी। आवेदन पर कार्रवाई करते

**मेराल ।** प्रखंड मुख्यालय में चल रहे फ्लाईओवर निर्माण कार्य में सामानों की हुई चोरी को पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में सिक्योरिटी कंपनी परमार सिक्योरिटी सर्विसेज के इंचार्ज अशोक सिंह के द्वारा मेराल थाने में आवेदन देकर कार्रवाई के लिए आग्रह किया गया था। अशोक सिंह के द्वारा थाने में दिये गये आवेदन में कहा गया था कि शुक्रवार की दोपहर में एक गार्ड द्वारा पिलर नंबर ए वन के दक्षिण में पक्का मकान के पीछे खपरैल मकान के पास रखे गये बालू में फ्लाई ओवर निर्माण में ले जानेवाले सामान को छुपाकर रखने की आशंका व्यक्त की गयी थी। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस पदाधिकारी की देखरेख में बालू तथा अनिल साह पिता राजेंद्र साह के खपरैल मकान से छड़ तथा अन्य सामान बरामद किया गया। इसी दौरान पिलर नंबर 5 - 6 के सिक्योरिटी गार्ड द्वारा पक्का मकान के पीछे मनोज जायसवाल के कच्चा कुआं में भी छड़ तथा अन्य सामान होने की सूचना दी गयी। सूचना पर वहां भी पुलिस पदाधिकारी के द्वारा सर्च किया गया। पोकलेन से कुआं में चोरी कर छुपाए गये छड़ तथा अन्य समान को निकाला गया। सभी सामानों की सूची बनाकर पुलिस पदाधिकारी द्वारा अपने जिम्मे लेकर थाना ले गये। बता दें कि भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत खजूरी से विंधमगंज तक फोरलेन सड़क निर्माण कार्य करा रहे एमजीसीपीएल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सुरक्षा तथा सामानों की देखरेख की जिम्मेवारी परमार सिक्योरिटी सर्विसेज को दिया गया है। मेराल थाना मुख्यालय में फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यहां 24 घंटा सिक्योरिटी गार्ड तैनात है ऐसे में बड़ी मात्रा में सामानों की चोरी मेराल में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# नि:शुल्क शिक्षा से वंचित हैं सैकड़ों छात्राएं

डीईओ आकाश कुमार ने बताया कि मामला की जानकारी नहीं है। जल्द ही छात्राओं का नामांकन कराया जायेगा।

नामांकन शुल्क के साथ मासिक शुल्क के साथ पढ़ने पर विवश है छात्रायें।





रवि कुमार मेहता

**रमना।** रमना एक तरफ सरकार छात्राओं के शिक्षित करने को लेकर कई तरह के निशुल्क योजनाएं चला रही है। वहीं दूसरी और प्रखंड मुख्यालय सहित आस पास के सैकड़ों छात्राएं पैसा के अभाव में अपनी समुचित शिक्षा लेने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। वहीं कई छात्राएं पैसा के अभाव में स्कूल से नाता तोड़ रहीं हैं। गौरतलब है कि प्रखंड में राजकीय उच्च विद्यालय रमना की सुविधा होने के बावजूद वर्ष 2020 से आठवीं उतीर्ण छात्राओं का नामांकन नहीं होने के कारण उनका प्रतिभा चकनाचूर हो रहा है। वहीं रमना मुख्यालय सहित आस पास के सैंकड़ो छात्राएं नि:शुल्क रूप से विद्यालय में नामांकन नहीं होने के कारण विवश होकर स्थानीय बालिका उच्च विद्यालय रमना में अपना नामांकन कराने को मजबूर है। जहां पर नामांकन शुल्क के साथ प्रति माह 150 रु मासिक शुल्क देना पड़ता है। जिसके कारण सरकार द्वारा मिलने वाले छात्राओं को छात्रवृत्ति, पुस्तक सहित अन्य तरह के सरकारी सुविधा से वंचित होना पड़ता है। इस संबंध में पीड़ित बाजार निवासी मनोज कुमार, उपेंद्र गुप्ता, राजेश गुप्ता, स्टेशन रोड निवासी शिवलखन प्रसाद, सिलीदाग पंचायत के बिवाटीकर टोला निवासी सुग्रीव साह, भोला साह, मनोज राम, अशोक उरांव आदि ग्रामीणों ने बताया कि वर्ग आठवीं के बाद वित्तीय वर्ष स्थानीय उच्च विद्यालय रमना में नामांकन को लेकर गया था, ताकि पुत्री का नि:शुल्क रूप से शिक्षा मिल सके। लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकारी विद्यालयों में नामांकन नहीं हो रहा है। कहा कि विवश होकर पैसे के बदौलत बालिका उच्च विद्यालय में नामांकन कराना पड़ेगा। पूछे जाने के बाद राजकीय उच्च विद्यालय के प्रभारी अजय सेठ ने बताया कि विद्यालय में चारदीवारी, समुचित शिक्षक नहीं होने के कारण छात्राओं का नामांकन कई वर्षो से नहीं हो पा रहा है। वरीय अधिकारी के निर्देश के बाद ही नामांकन लिया जा सकेगा।

इस संबंध में डीईओ आकाश कुमार ने बताया कि मामला की जानकारी नहीं है। जल्द ही छात्राओं का नामांकन कराया जायेगा।

# डंडई में प्रमुख कांति देवी की अध्यक्षता में हुई पंचायत समिति की बैठक रही हंगामेदार

बोहनी के नाम पर लोगों से राशि की वसूली करने और बीडीसी के फर्जी हस्ताक्षर बना बैठक का मुख्य मुद्दा

बैठक से अनुपस्थित रहे कर्मियों को स्पष्टीकरण के लिए बीडीओ का मिला निर्देश

### फर्जी उपस्थिति पर बीडीओ ने क्या कहा

उधर बीडीसी सदस्यों के फर्जी उपस्थिति के बारे में वीडियो ने कहा कि जिन-जिन लोगों के द्वारा यह कुकृत्य किया गया है। उनके खिलाफ पंचायती राज नियमों के अनुसार नियम संगत कार्रवाई की जायेगी ।

### फर्जीवाड़ा के विषय में नियम संगत कार्रवाई होनी चाहिए: प्रमुख

वहीं प्रमुख कांति देवी ने कहा कि फर्जीवाड़ा के विषय में नियम संगत कार्रवाई होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैंकड़ो पदाधिकारी व कर्मियों की उपस्थिति में इस तरह का फर्जीवाड़ा किसी भी तरह से सही नहीं है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**डंडई।** प्रमुख कांति देवी की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ जागो महतो, बीईईओ प्रतिमा कुमारी, जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर पुष्पा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि उत्तिम देव प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम के साथ-साथ सभी पदाधिकारी व कर्मियों ने भाग लिया। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में आयोजित बैठक पूरी तरह हंगामेदार रहा। पंचायत समिति सदस्य शुरू से अंत तक पदाधिकारीयों के खिलाफ एक से बढ़कर एक सवाल दागते रहे। वहीं उनके सवालों में वे सभी पूरी तरह घिरे रह गये। कई पंचायत समिति सदस्यों की फर्जी उपस्थिति के साथ-साथ उनके जगह पर उनके पति को कुर्सी पर बैठ पदाधिकारीयों से सवाल जवाब करने सहित अन्य पंचायत समिति सदस्यों का फर्जी दस्तक भी चर्चा का विषय बना रहा। बैठक में भाग नहीं लेने वाले प्रभारी बीपीओ, पशुपालन पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, कनीय अभियंता इत्यादि लोगों के खिलाफ बीडीओ जागो महतो के स्पष्टीकरण का निर्देश से शुरू हुई बैठक।

बीपीओ और कनीय अभियंता को प्रखंड से बदलने तक की मांग चलती रही। बैठक में मनरेगा के सहायक रोकड़ पाल को बीपीओ बनाने की मुद्दा को विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम ने प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि गैर कानून ढंग से रोकड़ पाल को प्रखंड का बीपीओ बना दिया गया है। जिला परिषद सदस्य मोहन पासवान ने पानी की समस्या को प्रमुखता से उठाया। बीडीसी तेज बहादुर सिंह ने बोहनी के नाम पर राशि वसूल करने वाले कर्मियों को प्रखंड से हटाने की मांग किया। उनके एक भी सवाल से ना तो पदाधिकारी संतुष्ट देखें और नहीं जनप्रतिनिधि। प्रखंड कार्यालय परिसर में सज धज कर पड़ी हुई छात्राओं की साइकिल के बारे में भी सभी सदस्यों ने प्रमुखता से उठाया। उनकी सवालों का जवाब देते हुए बीडीओ ने कल्याण पदाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार को बुधवार से छात्राओं के बीच साइकिल वितरण करने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीसी अरविंद पासवान ने विरसा सिंचाई कूप की योजना राशि 50000 रुपये को नियमानुसार लाभुकों के खाते में हस्तांतरित करने की मांग बीडीओ से किया। उनके सवालों का जवाब देते हुए बीडीओ ने कहा, संभव नहीं है। प्रखंड के 24 लाभुकों की राशि वेंडर के खाते में भुगतान हो चुका

## सीरियाटोंगर गांव जाकर मृतकों के परिजनों से विधायक भानू प्रताप शाही ने मुलाकात की



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** विधायक भानू प्रताप शाही शनिवार को सीरियाटोंगर गांव जाकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात किया। इस दौरान विधायक ने परिजनों को सांत्वना देते हुए आर्थिक सहायता प्रदान किया। कुछ दिन पूर्व पाल्हे कला स्थित एनएच पर हुए सड़क दुर्घटना में गांव के पांच युवकों की मौत हो गयी थी। ये सभी रोजगार की तलाश में ऑटो से गुजरात के लिए ट्रेन पकड़ने स्टेशन जा रहे थे। इस दौरान विधायक ने परिजनों से कहा कि घटना के वक्त वे बाहर थे। दुखद खबर सुनकर तत्काल डीसी से बात कर सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सरकारी पदाधिकारी को जल्द मुआवजा देने का निर्देश दिया है। बारी-बारी से सभी मृतकों के घर जाकर विधायक ने आर्थिक सहायता देते हुए ढांढस बढ़ाया। उन्होंने कहा कि वे शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़े हैं। इस दौरान भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विकास पांडेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## परिवर्तन रैली से परिवर्तन लायेंगे: गिरिनाथ सिंह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गिरिनाथ सिंह पुनः आगामी विधानसभा के लिए तैयार हैं। गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के मूलचुल परिवर्तन के लिए उन्होंने परिवर्तन रैली का शुभारंभ किया है। गिरिनाथ सिंह शनिवार को चिनिया प्रखंड के हेताड़ कला के पंचायत भवन, बगीचा, मिशन स्कूल, केल्हा झरिया,पंचायत बरवाडीह के पीकेट, सहित सेमर टोला तक पहुंचकर आम जनमानस की सभी प्रमुख समस्या को जान कर यथासंभव समाधान का अस्वसंत दिया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से रामलखन यादव, कैलाश यादव, उमेश सिंह, अताउर मुखिया, सुनील माल, शिवशंकर सोनी, सुलपानी सिंह, शिवनाथ सहित सैंकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश ने विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से की चर्चा



**रंका (आजाद सिपाही)।** बीस सूत्रि जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने शुक्रवार को रंका झामुमो कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा किये और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने रंका में न्यू मेंस ब्यूटी पार्लर का फीता काटकर उद्घाटन किया। तत्पश्चात उन्होंने तमगेकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि राधेश्याम सिंह के दादी के निधन के मौके पर मिलकर हाल चाल जाना। इस अवसर पर मुखिया रिंकी देवी, बीडीसी लिलावती देवी, झामुमो युवा जिलाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह छोटू, खरडीहा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह रंका अनुमंडल युवा अध्यक्ष पप्पू यादव, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा नेता धर्मेंद्र पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से खुलेआम आरा मशीन का संचालन हो रहा



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** विशुनपुरा और मझिआव थाना क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारियों के मिलीभगत से अवैध रूप से खुलेआम आरा मशीन का संचालन हो रहा है। जिससे वन विभाग के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लग रहा है। लोगों में चर्चा है कि विभाग के कर्मी की स संलिप्पता के बगैर अवैध रूप से खुलेआम आरा मशीन का संचालन नहीं हो सकता। समय-समय पर अवैध रूप से संचालित आरा मशीनों पर विभाग द्वारा कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर से उक्त मशीन का संचालन होने लगता है। विशुनपुरा के विष्णु मंदिर के पूर्व दिशा में अवस्थित कर्मदेव शर्मा के घर के सामने तथा माझीआंव थाना क्षेत्र के टड़हे गांव में अवैध रूप से आरा मशीन धड़ले से चलाया जा रहा है। दोनों आरा मशीन के आस पास के जंगलों से बहुमूल्य लकड़ियों की कटाई करने वाले लकड़ी माफिया द्वारा ही लकड़ी का चिराई किया जाता है। आस पास के लोगो ने बताया कि अवैध रूप से संचालित आरा मशीन वन विभाग के अधिकारियों के संलिप्तता से किया जा रहा है। **क्या कहते है अधिकारी :** विशुनपुरा व मझिआव वन क्षेत्र के रेंजर गोपाल चंद्रा ने कहा कि आरा मशीन का संचालन का जानकारी नहीं है। अगर इस तरह का मामला है, तो आरा मशीन जब्त कर संबंधित संचालक पर कार्रवाई किया जायेगा।

# नहाने के दौरान नदी में डूबने से दो छात्राओं की मौत

**शनिवार सुबह आठ बजे मां और अन्य रिश्तेदारों के साथ नहाने के लिए नदी गयी थी। उसी दौरान हादसा हो गया।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के जराकेल गांव के समीप कारो नदी में डूबने से दो छात्राओं की मौत हो गयी। दोनो फूफेरी बहनें शादी समारोह में शामिल होने गांव आयी। शनिवार सुबह करीब आठ बजे मां और अन्य रिश्तेदारों के साथ नहाने के लिए नदी गयी थी। उसी दौरान हादसा हो गया। मृतकों में मुरहू थाना क्षेत्र के दरला जामटोली निवासी स्व जीवन तिडू की 15 वर्षीया पुत्री असरिता तिडू और रनिया थाना क्षेत्र के जराकेल निवासी जेम्स विनोद कोंगाडी की बेटी जेनल रानी कोंगाडी (24वर्ष) शामिल हैं। असरिता खूंटी के एसडीए स्कूल में नौवीं कक्षा की छात्रा थी। जेनल रानी रांची से बीएड कर रही थी।

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया।





असरिता और जेनल की फाइल फोटो।



## शादी समारोह में भाग लेने आयी थीं दोनों फूफेरी बहनें

जराटोली गांव निवासी अजीत कोंगाडी की बुधवार को शादी हुई थी। शादी समारोह में भाग लेने असरिता और जेनल रानी दोनो फुफेरी बहनें गांव आयी थीं। दोनो रांची और खूंटी में रहकर पढाई करती थी। शुक्रवार रात को पार्टी थी। शनिवार सुबह को असरिता अपनी मा मरियम से बोली कि गांव बहुत दिन बाद आयें हैं, आज नदी में नहायेगें। असरिता अपनी मां, बहन और परिवार के अन्य महिला सदस्यों के साथ नदी नहाने गयी थी। बताया गया कि मरियम नदी किनारे एक चटान पर बैठकर कपड़े धो रही थी। असरिता और जेनल दोनो नदी में स्नान करने घुस गयी। मां ने आवाज देकर ज्यादा पानी की ओर जाने से मना भी किया। दोनो बहनें कूछ दूर जाकर नहाने लगे। गांव की दो बच्चियां भी पास में नहा रही थी। इसी बीच चटान से फिसल कर जेनल पानी में गिर गयी और वह डूबने लगी। उसे बचाने के लिए असरिता भी गहरे पानी में चली गयी, लेकिन वह भी डूबने लगी। असरिता को डूबता देख मां चिल्लाते हुए दौडकर वहां पहुंची, तब तक दोनो पानी के अंदर समा गयी थी। दोनो को तैरना नही आता था, जबकि गांव की दो अन्य बच्चियां अनिशा और किशिका तैरकर बाहर निकल गयी। इधर, शोर मचाने पर गांव वाले पहुचें। नदी से दोनो को बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से दोनो को रेफरल अस्पताल तोरपा लाया गया, जहां डॉक्टर रंजीत ने पूरी टीम के साथ दोनो को बचाने का पूरा प्रयास किया, लेकिन दोनो की मौत हो गयी।

मौत की खबर मिलते ही परिजन रोने-बिलखने लगे। गांव में मातम छा गया। इधर झामुमो नेता सुदीप गुडिया घटना के बाद से लगातार मदद में लगे रहे। प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, जिला परिषद सदस्य सुशांति कोंगाडी भी साथ रहे। झामुमो जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद अस्पताल में परिवार वालों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

# निर्वाचन व्यय की फाइनल जांच 29 जून को होगी : उपायुक्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें अभ्यर्थी-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के पदाधिकारी, कर्मी और 11-खूंटी (अजजा) के सहायक लेखा व्यय प्रेक्षक, लेखादल उपस्थित हुए। मौके पर निर्वाचन व्यय से संबंधित प्रपत्र में व्यय का ब्योरा किस तरह से प्रविष्ट किया जाना है, इस संबंध में जानकारी दी गई। मौके पर उपायुक्त ने बताया गया कि 29 जून को निर्वाचन व्यय की फाइनल जांच की जायेगी।

उन्होंने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्षों को निर्देशित किया कि निर्वाचन संबंधित व्ययों के वाउचर आदि की ऑरिजनल कॉपी 29 जून से पूर्व जमा कर दें। उन्होंने कहा की सभी संबंधित व्यय ब्योरा का मिलान कराना सुनिश्चित करेंगे।

# योजनाओं के कार्यान्वयन में कोताही न करें पदाधिकारी : श्याम नारायण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** डीआरडीए के सभागार में शनिवार को उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई, जिसमें जेएसएलपीएस खूंटी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त ने जेएसएलपीएस के डीपीएम सहित अन्य अधिकारियों को कार्य की प्रगति में तेजी लाकर समय पर लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनहित में कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में कोताही न करें पदाधिकारी। बैठक में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित वन धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, फुलो झानो आशीर्वाद योजना, मुद्रा लोन सहित अन्य योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गयी। मौके पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में कार्यरत जेएसएलपीएस के अधिकारी सहित अन्य शामिल थे।

# मंत्रियों-विधायकों के वेतन भत्ते में बढ़ोत्तरी का विरोध

**विधायकों को आवास कें लिए ऋण 40 लाख से 80 लाख कर दिया गया है, मात्र चार फीसदी ब्याज पर।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** झारखंड विकास मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने झारखंड के विधायकों और मंत्रियों के वेतन और भत्ते में की गयी बढ़ोत्तरी का कड़ा विरोध किया है। एक बयान जारी कर दिलीप मिश्रा ने कहा कि झारखंड सरकार ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा गठित विधानसभा की कमेटी की स्वीकृति के बाद विधायकों और मंत्रियों के वेतन और भत्ता में भारी बढ़ोतरी की गयी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचेतक और विधायक सभी के वेतन-भत्ता में करीब 20000 की बढ़ोत्तरी की गयी है। राज्य अलग होने के बाद माननियों के वेतन एवं भत्ता में करीब 17 बार वृद्धि की गयी है, जो किसी भी स्तर पर वैध नहीं है। मुख्यमंत्री, मंत्री एवं विधायकों के वेतन एवं भत्ता तथा प्रभारी भत्ता राज्य के अंदर या बाहर प्रतिदिन तीन से चार हजार कर दिया गया है। विधायकों को आवास कें लिए ऋण 40 लाख से 80 लाख कर दिया गया है चार फीसदी ब्याज पर। मिश्रा ने कहा राज्य के सहायक पुलिसकर्मी सहित अन्य बुनियादी समस्याओं पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

# भर्ती कैंप में 38 अभ्यर्थियों का चयन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, खूंटी में शनिवार को भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। इसमें आरएसएस सेक्यूरिटी सर्विसेज रांची, एनडीए एक्वा एम्यूजमेंट पार्क बेलाहाथी खूंटी ने भाग लिया। नियोजकों द्वारा 186 रिक्तियां प्राप्त हुई थी। भर्ती कैम्प में 125 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें 56 अभ्यर्थियों को शॉटलिस्टेड किया गया और 38 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी खूंटी, नियोजक प्रतिनिधि एवं नियोजनालय कर्मी उपस्थित थे।

## डीएवी बचरा में अंतरसदनीय योग प्रतियोगिता का आयोजन

# योग हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी : रिशु चौधरी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को अन्तर्रसदनीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कुल की प्राचार्य डॉ रिशु चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस के कुल 16 बच्चों ने भाग लिया। प्रत्येक हाउस से चार-चार बच्चे प्रतियोगिता में शामिल हुए। स्कुल के शिक्षक राकेश कुमार के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दयानंद हाउस प्रथम, हंसराज हाउस द्वितीय और विवेकानंद हाउस तृतीय स्थान पर रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य डॉ रिशु चौधरी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है। योग करने से शरीर स्वस्थ रहती है और कई बिमारियो से निजात मिलती है। विद्यालय में इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में योग के प्रति जागरूकता लानी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को योग करना चाहिए और दूसरों को भी योग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## विधायक ने अधिकारियों के साथ की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कांके विधायक समरी लाल ने शनिवार को खलारी प्रखंड कार्यालय मे प्रखंड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक मे खलारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, अंचलाधिकारी प्रणव अंबष्ट और सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे। विधायक समरी लाल ने बारी-बारी से सभी विभागों के पदाधिकारी से प्रखंड में चल रहे योजना कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान पेयजल समस्या, मनरेगा, पशुपालन, स्वास्थ्य, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र सहित सभी कार्यो मे तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान विभागों की ओर से अधिकांश चल रही योजनाओं की मौखिक जानकारी दी गयी। जिस पर विधायक ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को चल रहे योजना के संबंध में प्रतिवेदन बनाकर देने की बात कही। इस मौके पर विधायक समरी लाल ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचे इसके लिए सभी को ईमानदारी से काम करने की जरूरत है । इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सिंह, पशुपालन पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर इरशाद, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गोपाल रामदास, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विनय कुमार गुप्ता, 15वें वित समन्वयक आशित कुमार, किशोर कुज्रूर, तकनीकी प्रबंधक विकास प्रीति रंजन तिर्की, विद्युत विभाग के आशीष कुमार मुंडा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## अवैध बालू लदे दो हाइवा जब्त

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बिरसा विकास समिति के प्रवक्ता नीतीश कुमार पांडेय ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नामकुम थाना क्षेत्र के लालखटंगा पंचायत अंतर्गत रिंकीबुरु पहाड़ के समीप अवैध बालु लदी दो हाइवा को तड़के चार बजे पकड़ने वाली विधायक की धर्मपत्नी द्वारा बीच सड़क पर तिखी बहस हाईवा चालकों से हुई। विभिन्न अखबारों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से ये खबर वायरल हुई। विधायक विकास कुमार मुंडा को सामने आकर इस बात का स्पष्टीकरण देना चाहिए कि आखिर ऐसा क्या हुआ था कि उनकी धर्मपत्नी को अपने समर्थकों के साथ तड़के जाकर हाईवा को जब्त करवाना पड़ा। पांडेय ने कहा कि ये मामला कहीं अवैध वसुली की तो नहीं है। घटनास्थल नामकुम थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आता है तो नामकुम थाना को खबर ना देकर बुंडू डीएसपी और दशम फॉल थाना प्रभारी को फोन कर क्यों बुलाया गया। अगर विधायक की धर्मपत्नी द्वारा बालु कारोबार को रोकने का प्रयास किया गया है तो सराहनीय है। बिरसा विकास समिति मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से इस घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग करती है।

# मैकलुस्कीगंज में मनाया गया आजसू का स्थापना दिवस



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मैकलुस्कीगंज।** आजसू पार्टी का स्थापना दिवस मैकलुस्कीगंज में मनाया गया।स्थापना दिवस कांके विधानसभा स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में के मैक्लुस्कीगंज में वाईबीएन यूनिवर्सिटी के कैंपस में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आंदोलनकारी सह आजसू के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो, केंद्रीय महासचिव पार्वती देवी, कांके विधानसभा प्रभारी अशोक नाग, बुढ़मू जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझु उपस्थित थे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण मुंडा, कांके प्रखंड अध्यक्ष अमननाथ शाहदेव, एतवा उरांव, किशोर महतो, विकास कुमार, अमृत भोगता,सुर मिश्रा, संजीव महतो, रुपाली गाड़ी, राजकुमार गुप्ता, जीतू नोनिया, अमरदीप साव, मुकद्दर कुमार, छोटन भोगता, रवि भोगता, शिवनाथ भोगता, राजेन्द्र भोगता, बालेश्वर भोगता सहित कांके, बुडमू तथा खलारी तीनों प्रखंड के कार्यकर्ता शामिल थे।

## पिपरवार में बलिदान दिवस के रूप में मना आजसू पार्टी का स्थापना दिवस



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित आजसु पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय में शनिवार को पार्टी का स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। पार्टी के पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ विधायक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# महास्नान के बाद एकांतवास में गये भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी

## सात जुलाई को रथयात्रा में भक्तों को देंगे दर्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी ज्येष्ठ पूर्णिमा पर महास्नान के बाद भाई बदभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रपन्द्रह दिनों के लिए एकांतवास में चले गये। सात जुलाई रथयात्रा के दिन प्रभु भक्तों को दर्शन देगें। तोरपा के कोटेंगसेरा स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ महास्नान अनुष्ठान संपन्न कराया गया। सुबह में कारो नदी से कलश में भरकर जल लाया गया। दूध,जल व सुगंधित द्रव्य से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के विग्रहों का स्नान कराया गया और महाआरती की गयी। दोपहर में भोग के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। संध्या आरती के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया गया। रथयात्रा के एक दिन पूर्व नेत्र अनुष्ठान के बाद मंदिर का पट खुलेगा। अनुष्ठान श्रीपाद मंगल निलय दास प्रभु ने संपन्न कराया। संकीर्तन यात्रा निकाली गयी सुबह में संकीर्तन यात्रा निकाली गयी। महिलाएं माथे पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुई। संकीर्तन यात्रा जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर कारो नदी पहुंची। वहां कलश में नदी का पवित्र जल भरा गया। संकीर्तन करते हुए श्रद्धालु वापस मंदिर पहुंचे। स्नान करने से बीमार पड गये जगन्नाथ प्रभु, जडी बुटी से होगा इलाज श्रीपाद निलय दास प्रभु ने बताया कि जगत नियंता भगवान श्री जगन्नाथ महास्नान के बाद बीमार पड जाते हैं। 15 दिनों तक भगवान एकांतवास में रहेगें।

## अनहोनी को आमंत्रित कर रहा बिजली का तार



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर 11 हजार तार से पेड़ की डाली सटी हुई है। अभी बरसात के मौसम आ गया, प्रतिदिन शाम को हवा पानी होने से बिजली कट कर दिया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार हरतालडीह और पूड़ीहेंसा गांव के बीच 11 हजार तार पेड़ से सटा हुआ है, जिससे तार लूज हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार तार कभी भी गिर सकता है। समय रहते तार को यदि मरम्मत नहीं किया गया तो किसी भी दिन घटना घट सकता हैं। ग्रामीण सुभाष चंद्र महतो ने बताया कि इसकी जानकारी बिजली विभाग के कर्मियों को कई बार दिया गया है, परंतु आज तक दुरुस्त नहीं किया गया है। दोनों के लोग सुबह शाम उसी तार के नीचे गुजरते है, जिससे डर का माहौल बना रहता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का घटना घटने से पहले बिजली विभाग तार की मरम्मत कार्य और पेड़ की डाली का कटाई कर लेना चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार का घटना न घंटे।

## आजसू पार्टी का स्थापना दिवस समारोह



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू के बैंकट हॉल में आजसू पार्टी की स्थापना दिवस समारोह को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार मह्रतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के बलिदान देने वाले शहीदों को सम्मान देने में प्रदेश की सरकार विफल रही और उनका सपना आज भी अधूरा है। उन शहीदों के सपनों के हमारी पार्टी ही करेगी। पार्टी के संगठन पर बल देते हुए कार्यकर्ताओं को गांव-गांव में चूल्हा प्रमुख और चुनाव जीतने के लिए चुनाव संचालन कमेटी पूरे विधानसभा स्तरीय करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सुदेश महतो ने झारखंड अलग राज्य के लिए लड़े आंदोलनकारी और पार्टी के समर्पित कार्यकताओं को फूलमाला पहनकर और शाल भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में अवकाश प्राप्त प्रो कृष्ण चंद्र महतो, देवनाथ कुशवाहा, अमर सिंह मुंडा, मकसूद आलम गंगाधर मुंडा, चौधरी महतो के अलावा दर्जनों आंदोलनकारी को सम्मानित हुए . इस मौके पर पार्टी के बुद्धिजीवी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, डॉक्टर मुकुंद चंद्र मेहता, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, गुजल एकिर मुंडा, परमेश्वरी शांडिल, राजकिशोर कुशवाहा, अज्जू पाटनी हरिहर महतो, दिलीप साहू ,काली महतो, हीरा दास, जगदीश गुप्ता, आदि मंच में थे।

## युवाओं को समर्पित बलिदान दिवस के रूप में आजसू ने मनाया स्थापना दिवस



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिलगु स्थित ईचागढ़ विधानसभा प्रधान कार्यालय में केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में आजसू का 38वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आजसू के संस्थापक शहीद निर्मल महतो के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शॉर्ट वीडियो क्लिप के चित्रण के माध्यम से युवाओं को झारखंड आंदोलन के इतिहास तथा आंदोलन में आजसू की भूमिका की जानकारी दी गयी। मौके पर अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में ले चुके आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया। वहीं, इस मौके पर केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, अशोक साव उर्फ माझी साव, गुरुपद सोरेन, मनोरंजन ठाकुर, पुलक सथपति, रमापति महतो, भगीरथ दास, आजसू महिला महासभा जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमला मुर्मू, प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, गोपेश महतो, अरुण महतो, रेणुका पुराण, रेखा प्रमाणिक संबोधित किया।

## प्राचार्य मुकुल ने बारूहातू गांव का दौरा किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान कॉलेज, बुंडू के प्राचार्य मुकुल कुमार के साथ प्राध्यापकों की शिष्टमंडल ने बुंडू प्रखंड क्षेत्र का बारूहातू गांव का दौरा किया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सेवा योजना से पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू के द्वारा बारुहातु और जाड़ेया गांव को गोद लिया गया है। इस दौरान प्राचार्य सह प्रो मुकुल कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि इस बारुहातु गांव का पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू के द्वारा गोद लिया गया है। इस गांव का शिक्षा से जुड़ा समस्या बुनियादी विकास से जुड़ा मामला हो, स्वस्थ से जुड़ा मामला आदि सभी का निदान राष्ट्रीय सेवा योजना पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू द्वारा किया जाएगा। आज से कॉलेज और रा.से.योजना आपके इस गांव का परिवार की तरह है। कुप्रथाओं को दूर करने के लिए आपको शिक्षा लेना जरूरी है। प्रो लखींद्र मुंडा ने भी ग्रामीणों से कहा आज कॉलेज आपके इस गांव को गोद ले रही है, आपके पास जो भी सामूहिक समस्या होगा उससे अवगत कराएं। कॉलेज और रा.से. योजना आपके समस्या का हल करेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण घरों से निकल कर बातें सुना और पांच परगना किसान कॉलेज बुंडू को समस्या से अवगत करने की बात कही।

## पूर्व मंत्री राजा पीटर समस्याओं से हुए रूबरू



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पूर्व मंत्री राजा पीटर बुंडू अनुमंडल कार्यालय स्थित बार कार्यालय में गये जहां वरीय अधिवक्ताओं एवं बार एसोसिएशन में कार्यरत वकीलों व सहायक से मुलाकात कर बार एसोसिएशन की कार्यो को जाना एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। इसी क्रम में वरीय अधिवक्ताओं द्वारा बहुत सारी वयाप्त समस्याओं से पीटर को अवगत कराया। पीटर ने कहा समय आने पर आपकी समस्याओं को दूर करने की भरसक प्रयास करने की कोशिश करुंगा। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता आनंद कुमार महतो, संजय मुखर्जी, दुर्गा प्रसाद राय, धीरेन कोयरी राजा कर्मकार उपस्थित थे।

## जांबाज ब्रदर्स और एफसी तमाड़ का मैच ड्रा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** पाच परगना स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग मैच एफ सी तमाड़ और जांबाज ब्रदर्स के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकावला मे एफ सी तमाड़ और जांबाज ब्रदर्स का मैच 1ः1 गोल से ड्रा हो गया। रविवार को लीग का अंतिम मैच एफ सी आराडीह और मुंडा स्पोटिंग अरहंगा के बीच खेला जायेगा। मैच के दौरान एसोसिएशन के तमाम सदस्य ओर दर्शक मौजूद थे।

## दो युवकों पर जानलेवा हमला

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगड़ी थाना क्षेत्र के मेराल गांव निवासी सोनू पटेल और अमन पटेल (दोनों भाइयों) पर 9-10 युवकों ने लाठी, डंडे, रड और पत्थर से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। साथ ही सोनू के गले से सोने की चेन, अमन की चांदी की चेन और उनके कार में रखे 22 हजार रुपए भी ले गए। पिटाई से दोनों भाइयों के सिर फट गए हैं। शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोट लगी। दोनों के परिजनों के पहुंचने पर सभी युवक उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए बाइकों से भाग गए। घटना 18 जून की रात 11 बजे की है। पर इस संबंध में प्राथमिकी शुक्रवार की शाम को दर्ज करायी गयी। जब घायल युवकों को अस्पताल से छुट्टी मिली। इस संबंध में नगड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत दलादिली ओपी में घायल अमन और सोनू के पिता धर्म देव पटेल ने रांची के आठ युवकों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इधर, दलादिली ओपी प्रभारी अजय कुमार राय ने बताया कि केस दर्ज कर ली गई है। घटना में शामिल युवकों की धर पकड़ के लिए छापामारी की जा रही है। घटना होली में युवकों के बीच धुर्वा में हुए विवाद को लेकर हुई है।

### विकास योजनाओं को लेकर मांडर विधायक ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# कार्य में कोताही बरतनेवाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : शिल्पी तिर्की

- मांटर विस क्षेत्र में व्याप्त बिजली व पानी की समस्या को दूर कर लोगों को राहत दिलाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता


विभिन्न विभागों केअधिकारियों के साथ बैठक करती विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

**इटकी।** प्रखंड सभागार में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विभिन्न विभाग से संबंधित अधिकारियों के साथ शनिवार को समीक्षा बैठक की। जिसमें उपस्थित अधिकारियों को कई निर्देश दिया गया। विधायक ने बिजली विभाग केअधिकारियों को मांडर विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त बिजली की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसे दुरुस्त कर नियमित बिजली बहाल करने का निर्देश दिया। वहीं, जल योजना में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दास्त नहीं करने की हिदायत दी। योजना पर बरती गई अनियमितता की जांच कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने नल जल योजना के संबंधित अधिकारियों को इस कार्य में तेजी लाकर समय रहते ग्रामीणों को लाभ पहुंचाने की हिदायत दी। विधायक ने कुन्दी मध्य विद्यालय जो रेलवे लाइन के करीब है को अविलंब प्रस्ताव डालकर चाहरदिवारी का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। विधायक ने प्रखंड में अबुआ आवास, प्रधान मंत्री आवास, सिचाई कुप, सड़क, वृद्धा पेशन, पीडीएस, मनरेगा,प्रकृतिक आपदा, शिक्षा सहित कई योजनाओं की प्रगति पर संबंधिक अधिकारियों से चर्चा की और विकास कार्यो को जल्द निपटारा कर लाभुकों को लाभ पहुंचाने की बात कही। बैठक में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार, बीएसओ हेमंत टोप्पो, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के अलावा मुखिया व कांग्रेसी सदस्य आदि उपस्थित थे।

## वित्त रहित शिक्षा कर्मियों ने मांडर विधायक को ज्ञापन सौंपा, मिला हरसंभव मदद का आश्वासन



**चान्हो/मांडर (आजाद सिपाही)।** वित्त रहित संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शनिवार को सभी वित्त रहित इंटर कॉलेज और हाई स्कूल के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मिलकर ज्ञापन सौंपा। मांगों में वित्त रहित इंटर कॉलेज और उच्च विद्यालय के सभी शिक्षा कर्मियों को तत्काल सरकारी तौर पर नियमित करने। जब तक नियमित नहीं हो जाते तब तक अनुदान राशि में 80 प्रतिशत की वृद्धि करना शामिल था। इस पर विधायक ने कहा कि कर्मियों की मांगे जायज है। उनकी बातों तो मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएगी। यदि संभव हो तो इस बात को सदन में भी उठाया जा सकता है। इस मौके पर शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज चान्हो, संत अन्ना इंटर कॉलेज मांडर, लापुंग इंटर कॉलेज के डॉ सुशील कुमार मिंज, उमेश कुमार, डॉ बीरसो उरांव, वित रहित संयोजक सफीउल्लाह अंसारी, उप प्राचार्य मोहसिन खान, शिक्षक प्रतिनिधि सुकरमनी उरांव, आशा कुमारी, साबिर अंसारी, जमाल अंसारी, आफताब आलम, अनिल खलखो, सुमन उरांव, हसीब, लालदेव, कृष्ण उरांव आदि उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## रातू टिकरा टोली में बथान पूजा 28 को

रातू (आजाद सिपाही)। प्रखंड के तिगरा पंचायत के टिकरा टोली में 28 जून को प्रसिद्ध बथान पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। मुख्य पुजारी बलदेव महतो एवं सहयोगी पुजारी पूरे विधि विधान से पूजा संपन्न कराने की तैयारी में जुट गए हैं। बतातें चलें कि झारखंड के लगभग सभी गांवों में आषाढ़ मास में ग्राम पूजा, देवी पूजा, आषाढी पूजा सहित अन्य नामों से इसकी पूजा की जाती है। ग्राम तिगरा तिगरा टोली में इस पूजा को बथान पूजा के नाम से धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस पूजा में शामिल होने वाले लोगों की मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती है। गांव में बथान पूजा वर्षों से पीढ़ी दर पीढ़ी करती चली आ रही है। यह परंपरा का प्रारंभ कब हुआ इसका सही जानकारी किसी को नहीं है। वहीं, मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने समस्त झारखंड वासियों को बथान आषाढी पूजा की शुभकामनाएं दीं है। उक्त जानकारी संगठन सचिव सुमेश कुमार महतो ने दी।

## बेड़ो में दिया जायेगा अमीन भू-मापक का प्रशिक्षण

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में नवभारत निर्माण संस्थान की ओर से अमीन (भू-मापक) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसके प्रशिक्षण प्रभारी ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पढ़ लिखकर बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार दिलाने एवं आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना है। इधर, अमीन प्रशिक्षण को लेकर बीडीओ राहुल उरांव द्वारा विज्ञप्ति जारी की गयी है। जिसमें नवभारत निर्माण संस्थान द्वारा चलाए जा रहे अमीन प्रशिक्षण का नामांकन 24 जून से 4 जुलाई तक ही प्रखंड सह अंचल कार्यालय में सुबह 11 से अपराह्न तीन बजे तक लिया जायेगा। प्रशिक्षण लेने वाले की योग्यता नॉन मैट्रिक, मैट्रिक एवं उच्च योग्यताधारी प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण सत्र बेड़ो पंचायत सचिवालय में सात अगस्त से प्रारंभ होगी।

## मॉडल स्कूल, बेड़ो मध्य विद्यालय बालक व उच्च विद्यालय हरहंजी की टीम चैंपियन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय 63वें प्री सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। यहां अंडर-15 आयु वर्ग के मैच में राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेड़ो बालक ने राजकीय कृत मध्य विद्यालय तुको को 2-0 से हराकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, अंडर 17 वर्ग में राजकीय उच्च विद्यालय हरहंजी ने राजकीय उच्च विद्यालय असरो को 3-0 से हरा दिया। अंडर-17 बालिका वर्ग में बेड़ो मॉडल स्कूल राजकीय कृत मध्य विद्यालय तुको को 2-0 हराकर कर चैंपियन बनी। तीनों विजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रखंड के अतिथियों ने परितोषित देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि खिलाड़ियों के खेल की प्रतिभा को निखारने का सुब्रतो मुखर्जी कप का मंच एक सुनहरा अवसर देती है। इसके पूर्व फाइनल मैच का विधिवत उद्घाटन बीडीओ राहुल उरांव, विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव, मुखिया सुशांति भगत, देवनिश तिग्गा, सुशील कच्छप, राखी कुमारी, मृणाल मोहन खलखो, सुषमा टोप्पो, अनामिका तिर्की, प्रकाश पवार, आलोक उरांव, अरुण कुमार साहू व डे बोर्डिंग के प्रशिक्षक अनमोल टोप्पो व सुका उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

## जसपुरिया सेवा केंद्र में जैलेंद्र ने सिलाई मशीन दी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जसपुरिया सेवा केंद्र की ओर से शनिवार को चार कौशल विकास प्रशिक्षित महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण जसपुरिया सेवा केंद्र प्रमुख जैलेंद्र कुमार ने की। उन्होंने बताया कि सभी महिला जसपुरिसा कौशल विकास केंद्र से सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण प्राप्त की है। इन महिलाओं के बीच आय वृद्धि को लेकर केंद्र की ओर से सिलाई मशीन वितरित की गयी। अभी तक करीब 450 प्रशिक्षित महिलाओं के बीच मशीन का वितरण किया जा चुका है। इस मौके पर ग्रामप्रधान उमेश कुमार बड़ाइक, बीसा के प्रथम मुखिया सुषमा देवी, भाजयुमो अनगड़ा मंडल अध्यक्ष संतोष महतो, वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कुमार महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## हहाप में जमीन खुदाई के दौरान मिला बम

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हहाप पंचायत में निर्माणाधीन प्लाट पर मिट्टी में खुदाई के दौरान मोटर बम मिला है। इसकी जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची झारखंड जगुआर की बम डिस्पोजल टीम ने उने नष्ट कर दिया। इस दौरान हुए धमाके से पूरा क्षेत्र गुंज उठा। धमाके की आवाज सुनते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर जुट गए। वहीं, काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य रवि पाहन द्वारा कराया जा रहा है। यह एक एकड़ जमीन बेंगलुरु के रहने वाले सागर बारला नामक व्यक्ति की है। इसी जमीन पर मिट्टी भराया जा रहा है। शुक्रवार शाम को गिरायी गयी मिट्टी को फैलाने के दौरान उक्त मोटर बम को पाया गया था। जिसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गयी थी। बम डिस्पोजल टीम के एसआई गणेश पान ने बताया कि यह 81 मोटर बम है। इसे सेना अपने इस्तेमाल में लाती है। यहीं पास में बारूडीह में सेना का कैंप लगता है। वहीं से लाई गई मिट्टी में बम मिला है। बम डिस्पोजल टीम में प्रभारी एसआई गणेश पान के साथ एसआई जॉन पीटर खलखो, सोनू कुमार सिंह, निखिल मिश्रा, राहुल तिवारी आदि थे।

## आजसू के संघर्ष के बल पर मिला अलग झारखंड: हसन अंसारी

आजसू के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया, किया गया 500 पौधों का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा/नगड़ी।** हेसल पंचायत के मिलन चौक स्थित सभागार में शनिवार को आजसू ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी के अलावा के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव, राजेन्द्र शाही मुण्डा, जितेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह भोगता, राजू नायक, जलनाथ चौधरी, सरिता देवी, वीणा देवी, अनिता गाड़ी, आतिश महतो, संजीव सिंह, रामधन बेदिया, रोशनलाल मुंडा, अजीत महतो, ज्योतिष महतो आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर हसन अंसारी ने झारखंड के वीर सपूतों को याद करते हुए कहा कि झारखंड राज्य स्वभाविक नहीं, बल्कि यहां के आंदोलनकारियों के बलिदान की देन है। आजसू के संघर्ष की बदौलत यह राज्य मिला है। आने वाले समय में आजसू जनमानस को बेहतर सुशासन देने के लिए तैयार है। वहीं, केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव ने कहा कि झारखंड राज्य वीरों की धरती है। पार्टी इन्हें नमन करती है। उन्होंनें कार्यकर्ताओं को झारखंड के नवनिर्माण को लेकर मिशन 2024 की तैयारी में लग जाने का निर्देश किया। पारसनाथ उरांव ने युवा कार्यकर्ताओं को झारखंड आंदोलन के वीर योद्धाओं के संघर्ष और बलिदान का एक वीडियो क्लिप दिखाया। साथ ही उनके बीच 500 पौधों का वितरण किया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी मुजफ्फर आलम, राजेश पाहन, जगन्नाथ महतो, प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, सज्जाद आलम, ज्योतिष महतो, काशीनाथ महतो, दिगंबर महतो, सावित्री देवी, अर्जुन राम, पारसनाथ महतो, भुनेश्वर बेदिया, जगदीश भोगता आदि मौजूद थे। वहीं, नगड़ी के लाल गुटवा बैंक्विट हॉल में आजसू ने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। जिसमें हटिया विधानसभा प्रभारी भारत काशी साहू, वर्षा गाड़ी आदि ने बलिदानियों को याद कर नमन किया। पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि झारखंड के चौतरफा विकास के लिए ही आजसू का गठन हुआ है।

## खेलकूद से बौद्धिक का भी विकास होता है : अनुपमा देवी

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन ओरमांझी के एसएस हाई स्कूल प्लस टू स्टेडियम में हुआ। प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में छह विधालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। अंडर-17 में प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की बालिका टीम विजय हुई। जबकि 17 बालक वर्ग में आदर्श उच्च विद्यालय पांचा विजय हुआ। अण्डर 15 बालक वर्ग में एक ही टीम के पहुंचने के कारण पिस्का राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय विजेता बना। वहीं, प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी ने कहा कि खेल कूद से शारीरिक- मानसिक के साथ बौद्धिक विकास होता है।

## आचार्य में ज्ञान व शील होना जरूरी: डॉ आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता




**पिस्कानगड़ी।** विद्या विकास समिति के तत्वावधान में बीस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग सह संस्कृति बोध माला पुस्तकों का लोकार्पण शनिवार को आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय श्री कृष्ण चंद्र गांधी नगर कुदलुम में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि ज्ञान एवं शील आचार्य में होना चाहिए। आचार्य का दायित्व है कि युवा पीढ़ी को वह संवार सके। गुरु पूरे विद्यालय परिवार के बीच समन्वय रख सकें। छोटे बालकों को राष्ट्रभक्त बनाएं। मुख्य वक्ता विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा कि आचार्य के मन में विचार आता है कि देश के लिए क्या-क्या करें। महिला आचार्य का दायित्व है कि छात्र-छात्राओं को मातृत्व प्रदान करें। मीराबाई जैसी भक्ति, पन्नाधाय जैसा त्याग, फूलों झानों जैसे वीरांगनाओं को अंग्रेजों से लड़ने की शक्ति और पूरा परिवार देश के लिए समर्पित हो जाने की शक्ति चाहिए। लक्ष्मीबाई, जीजाबाई और अहिल्याबाई जैसे कर्तृत्व चाहिए। भगिनी निवेदिता जैसा भक्ति चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉक्टर ब्रजेश कुमार, डोरंडा महाविद्यालय रांची, भौतिक विभाग के विभाग अध्यक्ष और राज्य एनएनएस के प्रभारी ने कहा कि कार्य का एक लक्ष्य होता है। हमारा लक्ष्य है कि विद्या भारती संगठन के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव लाया जा सके। हमारा पुराना शैक्षिक वातावरण लौटेगा। कहा कि देश में आजादी के बाद जो शिक्षा थोपी गई इससे शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्रों के भविष्य को बदलेगा। हम आचार्य की भूमिका इसमें बहुत बड़ी है।

## प्रेमी युगल की थाने में करायी गयी शादी



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नवागढ़ गॉव के दो प्रेमी युगल को नवागढ़ पंसस फाल्गुनी शाही की पहल पर सिकिदीरी थाना में शनिवार को परिनय सूत्र में बांध दिया गया। विदित हो कि मनीषा कुमारी पिता स्व जूही मिर्धा एवं रोहित पांडेय पिता श्री पूर्ण शशी पांडेय के बीच लगभग डेढ़ साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमी मनीषा कुमारी जब शादी के लिए लड़के को बोली तो उसने शादी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद लड़की ने न्याय के लिए सिकीदिरी थाना जा कर गुहार लगाई और शादी करवाने के लिए एक आवेदन सौंपा। जिसके अधार पर लड़की व लड़का दोनों को थाना बुला कर थाना प्रभारी ने पूछताछ की। इस पर रोहित ने प्रेम की बात स्वीकार करते हुए लड़की से शादी करने को तैयार हो गया । लेकिन लड़के के घर वाले इसके लिए तैयार नहीं थे। दोनों बालिग होने के कारण वे अपना निर्णय ले सकता था। बाद में पंसस फाल्गुनी शाही की उपस्थिति में सिकीदिरी शिव मंदिर में उनकी शादी करावा दी गयी। मौके पर अनिल हजम, सुलेन करमाली , सुरेश करमाली, मंटू मिर्धा, मनोज करमाली, घनस्याम मिर्धा आदि उपस्थित थे।

## मारुति सुजुकी समेत नामी कंपनियों में टूलरूम के छात्रों का हुआ चयन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टूलरुम से प्रशिक्षण प्राप्त कर झारखंड के युवा न केवल देश, बल्कि पूरे विश्व में अपनी सेवाएं उत्कृष्ट स्थानों पर दे रहे है। सुदूर इलाकों से निकल कर कई युवा अपने घरों से दूर होकर प्रशिक्षण पूरा कर प्लेसमेंट के सहयोग से अपनी जिंदगी बदल चुके है। डिप्लोमा टूल एंड डाई के अधिकांश युवाओं का चयन देश की उत्कृष्ट कंपनियों जैसे मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, जिंदल स्टील एंड पावर, एएसबी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, जय भारत मारुति ग्रुप, रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड आदि कंपनियों में होता रहा है। यह झारखंड राज्य के युवाओं का साहस और प्रदर्शन का परिणाम है कि देश की उत्कृष्ट कंपनियां टूलरुम रांची के युवाओं को नौकरी देने के लिए आगे आ रही है। टूलरुम के युवा सिर्फ मशीनों को सीखते ही नही बल्कि उन्हें बना भी सकते है। यहां के युवा एक उद्योग के माहौल में ढ़ल जाते है। उनकी पाठयक्रम की दिनचर्या ठीक उसी प्रकार बनाई जाती है। भविष्य में इसका परिणाम यह होता है कि उन्हें बहुत सारी चुनौतियों से फर्क नही पड़ता और वे अपने कार्य को आसानी से कर पाते है। संस्थान में एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त डिप्लोमा टूल एंड डाई के 8 छात्रों का चयन मारुती सुजूकी में जूनियर इंजिनियर और जेबीएम ने डिप्लोमा के 5 युवाओं को ग्रेजुएट इंजिनियर ट्रेनी के पद पर चयन किया है। वहीं, एएसबी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड ठाने महाराष्ट्र में 22 लोागों का चयन हो चुका है।

## महिलाओं ने नशा के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में महिला समूह की दीदीयों के नेतृत्व में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें मुखिया आंगनबाड़ी सेविका समेत कई महिलाएं शामिल हुई। इस दौरान काकरिया में मुखिया बिरसमनी देवी, उप मुखिया सिलीमा देवी पंचायत स्तरीय जेनरल सीआरपी बिरजुनिया बारला, सीसी श्याम जोनको की मौजूदगी में नशा मुक्ति से संबंधित लेख लिखें तख्ती व नारे लगाते हुए मुख्य सड़क तक पहुंच कर समाप्त हुई। दूसरी ओर देवंगाव पंचायत में मुखिया दुर्गा उरांव चांदमुनी देवी आदि ने जागरूक किया।

### एयर एंबुलेंस सेवा एवं अस्पताल प्रबंधन की दिखी लापरवाही

# समय पर नहीं पहुंची एयर एंबुलेंस, छात्र की मौत

सांसद आदित्य साहू एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन की पहल पर कंपनी ने लौटाया किराये की 50 फीसदी राशि

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** राजधानी रांची में एयर एंबुलेंस सेवा एवं अस्पताल की घोर लापरवाही सामने आयी हैं। कंपनी को किराए का पूरा भुगतान करने के बावजूद एयर एंबुलेंस सेवा समय पर अस्पताल नहीं पहुंचा। जिस कारण 18 वर्षीय एक छात्र की मौत हो गई। परिजनों नें मौत के लिए एयर एंबुलेंस कंपनी और अस्पताल प्रबंधन को जिम्मेवार ठहराया है। मृतक छात्र के पिता विपीन प्रसाद ने कहा कि यदि समय पर एयर एंबुलेंस एवं अस्पताल का एंबुलेंस उपलब्ध हो जाता तो शायद उनके बेटे की जान बच जाती। बताया गया कि ग्राम खिजुर टोला, थाना सदर रांची निवासी विपिन प्रसाद के पुत्र नमन कुमार की तबियत अचानक बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए 18 जून को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज की हालत में कोई सुधार नहीं होता देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे हैदराबाद एआईजी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इसके बाद 19 जून को पिता विपिन प्रसाद ने एजेंट नोबिद जोसेफ के माध्यम से एयर एंबुलेंस रेडबर्ड एयरवेज प्रालि को ऑनलाईन बुक किया। एंबुलेंस का किराया 8 लाख 25 हजार और एयर लिफ्ट का समय अपराह्न तीन बजे निर्धारित हुआ। इसके बाद कंपनी को 4 लाख 25 हजार रुपये ऑनलाइन भुगतान किया गया, जबकि शेष चार लाख रुपये नकद राहुल कुमार नामक एजेंट को मेडिका अस्पताल के बिलिंग काउंटर में कैश मशीन से जमा कर दिया गया। एयर एंबुलेंस के साथ अस्पताल का एंबुलेंस भी निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पाया। इस दौरान कई बार कंपनी को फोन किया गया पर उधर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा था। इस बीच नमन की हालत बिगड़ने लगी और अंततः शाम 5.30 बजे उसने अस्पताल में ही दम तोड़ दिया। उसकी मौत की सूचना तुरंत उक्त एजेंट को दी गई लेकिन उसने इसे गंभीरता से नहीं लिया और किराया वापसी में आनाकानी करने लगा। बाद में सांसद आदित्य प्रसाद साहू एवं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन की पहल पर कंपनी नें किराए का 50 फीसद राशि पीड़ित पिता को वापस लौटा दिया।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस रूप में मनाया




चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बीजुपाडा के समीप स्मार्ट बैंक्वेट हॉल में आजसू का 38वां स्थापना दिवस बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला परिषद अध्यक्षा निर्मला भगत उपस्थित हुई । उन्होंने कहा कि आजसू शुरू से ही झारखंड अलग राज्य की मांग करती रही थी। कार्यकर्ताओं ने तन मन धन लगाकर झारखंड को अलग कराया। इसलिए आजसू ही झारखंड का भला कर सकती है। वहीं आजसू के केंद्रीय सचिव आशुतोष तिवारी ने कहा कि पार्टी 9 अगस्त को पूरे झारखंड में विश्व आदिवासी दिवस को व्यवस्थित रूप से जगह-जगह मनाएगी। साथ ही झारखंडियों की हर समस्या का समाधान करने के लिए आजसू ने कॉल सेंटर की भी व्यवस्था की है। जिस तरह से पार्टी की लोकप्रियता बढ़ रही है। आनेवाले समय में पूरे झारखंड में अपना परचम लहराएगी। सभा को आदिल अजीम, परमेश्वर भगत, राजकुमार सिंह, बीडी महतो आदि ने भी संबोधित किया। आगंतुकों को एक पौधा दिया गया। संचालन जिला उपाध्यक्ष कमलू साहूने किया। मौके पर जितेंद्र उरांव मुन्ना पांडे रामदयाल साहू, गोलू आदि मौजूद थे।

**नाराजगी :** पलामू में बिजली, पानी एवं मूलभूत सुविधाओं को लेकर भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन

# बिजली-पानी व बालू की समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो होगा बड़ा आंदोलन : मनोज सिंह

**समाहरणालय का घेराव कर प्रदर्शन, इंश्वर चंद्र चंद्रवंशी ने सरकार पर लगाया विकास कार्यों में बाधक बनने का आरोप**

## घर बनाने के लिए भी बालू खरीदने पर पुलिस-प्रशासन वसूल रहा पैसेः आलोक चौरसिया

## चंपाई सरकार बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधा देने में भी विफल : पांकी विधायक

## झारखंड में मची है खनिज संपदाओं की लूट, सरकार हर मोर्चे पर विफलः पुष्पा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में बिजली, पानी, बालू, खाद, बीज और चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे जन मुद्दे को लेकर शनिवार को पलामू भाजपा की ओर से आक्रोश रैली निकाल कर समाहरणालय का घेराव किया गया। आक्रोश रैली की शुरूआत मेदिनीनगर रेड़मा काली मंदिर के सामने इरिगेशन ऑफिस के मैदान से हुई जो रेड़मा चौक ओवर ब्रिज होते हुए कचहरी में प्रवेश करते हुए समाहरणालय तक पहुंचा। जहां भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ ही बिजली-पानी एवं बालू आदि की समस्या से त्रस्त आम लोग भी शामिल होकर प्रदर्शन किये। भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि पलामू में झुलसाने वाली गर्मी के बीच बिजली की कटौती और बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। पलामू प्रमंडल के जलापूर्ति मंत्री होते हुए भी पलामू के लोग पानी के एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं और सरकार



भाजपा की आक्रोश रैली में शामिल विधायक, नेता-कार्यकर्ता और अन्य।

बेफिक्र है। बालू की समस्या इतनी विकराल हो चुकी है कि बोरा से बालू लाने पर भी प्रशासन उनसे पैसे वसूल रहा है। पलामू चारों ओर से नदियों से घिरा हुआ है फिर भी लोग बालू के लिए तरस रहे हैं। सभी निर्माण कार्य ठप पड़ चुके हैं और स्थानीय मजदूर पलायन करने पर मजबूर हो गए हैं। वहीं, जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि यह सरकार महिला, किसान और मजदूरों की विरोधी है। चेताते हुए कहा कि यदि बिजली, पानी, बालू, गिरती स्वास्थ्य व्यवस्था और खाद्य बीज के वितरण की स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो भाजपा इससे भी बड़ा और उग्र आंदोलन करेगी। वहीं, डाल्टनगंज के विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि अगर आक्रोश प्रदर्शन के बाद भी सरकार ने कारगर कदम नहीं उठाया और बिजली-पानी, बालू, खाद्य-बीज एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार नहीं करती है तो आगे इससे भी बड़ा आंदोलन के लिए तैयार रहे। आरोप लगाया कि लोग घर बनाने के लिए भी बालू लाते हैं तो स्थानीय प्रशासन उनसे पैसे वसूल रहा और मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक को कमीशन पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है। किसी भी अंचल कार्यालय में बिना पैसे दिए कोई कार्य नहीं होता है। जनता को यह जानने की जरूरत है कि आज जमीन को लूटने में अगर किसी का हाथ है तो वह अंचल कार्यालय के अधिकारियों का है। पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने चंपाई सोरेन सरकार पर कई तरह के संगीन आरोप लगाए। कहा कि राज्य की चंपाई सोरेन सरकार जनता के लिए सबसे जरूरी बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य सुविधा देने में विफल रही है। मुख्यमंत्री राज्य के विकास की जगह अपने परिवार और चहेते विधायकों के विकास में लगे हुए हैं। छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा की लूट मची है। रघुवर सरकार में जहां प्रतिदिन 22 घंटे बिजली मिलती थी, वहीं वर्तमानें में चंपाई सोरेन सरकार में जनता पानी और बिजली के लिए तरह रही है। वहीं, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि झारखंड सरकार निकम्मी हो गई है। विकास से इनका कोई लेना देना नहीं है। इस अवसर पर प्रदेश कर समिति के सदस्य विनोद सिंह, अविनाश वर्मा, अजय तिवारी, विभाकर नारायण पांडे, कर्नल संजय सिंह, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य श्याम नारायण दूबे, उदय शुक्ला, दुर्गा जौहरी, मंगल सिंह, विजय ओझा, जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ज्योति पांडे, अभिमन्यु तिवारी, शिवकुमार मिश्र, सोमेश सिंह, धीरेंद्र दूबे, विजय ठाकुर, रूप सिंह, सीटू गुप्ता, मंजू गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, सुमन सिंह, रूबी सिंह, शंकर गुप्ता, अविनाश सिंह छोटू, सुनील पांडे, शशि भूषण पांडे, जवाहर चंद्रवंशी, विजय पाठक, बबन राम, अमरेश तिवारी, संजय सिंह, संतोष पांडे, राकेश पांडे आदि उपस्थित थे।

# पुस्तकालय है ज्ञान का अथाह समंदरः अविनाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पुस्तकालय ज्ञान का अथाह समंदर है। जहां से असीमित ज्ञान रूपी मोती निकाला जा सकता है। बस अपने दिनचर्या में पुस्तकें पढ़ना को शामिल किया जाए। मेदिनीनगर भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोतर वृद्धि कर रहा है। नित्य नए नए लाइब्रेरी का खुलना इस बात का प्रमाण है। उक्त बातें संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कही। वे देवम इंस्टीट्यूट के कैंपस में स्पेयरेंट लाइब्रेरी का उद्घाटन करते हुए बोल रहे थे। इस दौरान पुस्तकालय के निदेशक प्रमोद जी ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर अविनाश देव ने कहा कि पुस्कालय खुलना शहर के शिक्षा विकास का द्योतक हैं। देवम इंस्टीट्यूट के बच्चें भी ट्यूशन के बाद शांति माहौल में अपनें लक्ष्य प्राप्ति के लिए अध्ययन जारी रख सकते है। मौके पर देवम इंस्टीट्यूट के निदेशक आरएन सिंह, यूएस चौबे, प्रवीण दूबे, प्रमोद सिंह, अधिवक्ता ओंकार नाथ तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# चैनपुर सीओ ने लेस्लीगंज थाने में दर्ज करवाया एफआईआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पितांबरपुर।** लेस्लीगंज थाने में चैनपुर के अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल की ओर से आवेदन देकर फर्जी तरीके से एलपीसी निर्गत करने के मामले में तीन नामजद कंप्यूटर ऑपरेटर शिव कुमार, बाबूलाल शर्मा और दीपक कुमार सिंह के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाया है। साथ ही अतिरिक्त कुछ अज्ञात लोगों पर फर्जी एलपीसी बनाने में मदद किरने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी ने केस नंबर 76/2024 में भादवि की धारा 420, 467, 468, 471, 120- बी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि चैनपुर अंचल अधिकारी (तत्कालीन अंचल अधिकारी नीलांबर पितांबरपुर) द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 16 सितंबर 2022 से चार जुलाई 2023 तक मैं नीलांबर पितांबरपुर में अंचल अधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्ति था। वर्तमान में वहां के राजस्व उप निरीक्षक द्वारा मुझे सूचना दिया गया कि मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर गलत तरीके से एलपीसी निर्गत किया गया है। चूंकि यह सभी एलपीसी मेरे



कार्यकाल का नहीं है। इसलिए मैंने डीसी महोदय से मिलकर उन्हें सूचना दिया। साथ ही उनके निर्देशानुसार जिला भूमि सुधार उपसमाहर्ता सदर मेदिनीनगर, अंचल अधिकारी नीलांबर पितांबरपुर एवं उन्होंने अंचल कार्यालय में जाकर जांच की तो पाया कि फर्जी एलपीसी बनाया गया है एवं अंचल कार्यालय का ईमेल का दुरुपयोग करते हुए पलामू निबंधन कार्यालय को एलपीसी प्रेषित किया गया है। इस आलोक में अपने पदाधिकारी का संयंत्र पूर्वक फर्जी हस्ताक्षर बनाना, सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ करना, कार्यालय का ईमेल पासवर्ड का दुरुपयोग करने संबंधी मामले में एफआईआर दर्ज कराया गया है। उन्होंने आवेदन में भूमि क्रेता की भी भूमिका संदिग्ध होने की बात कही है।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

## शव सड़क पर रखकर लोगों ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के एनएच 39 पर जोड़ा सतबरवा भूसा दुकान के पास शुक्रवार की रात 8.30 बजे पिकअप के धक्के से तुम्बागड़ा निवासी वीरेंद्र प्रसाद (35) गंभीर रूप से घायल हो गया था। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से उसे तुम्बागड़ा के नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान देर रात एक बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। वहीं, शव का अंत्यपरीक्षण करा कर लौट के बाद परिजनों ने शनिवार को शव को सड़क पर रखकर एनएच-39 रांची



मेदिनीनगर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और मुआवजे की मांग करने लगे। करीब तीन घंटे तक सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। इसकी सूचना पाकर सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की व थाना प्रभारी अंकित कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों को समझा बुझाकर जाम हटाने की कोशिश की, लेकिन आक्रोशित लोग नहीं माने। उसके बाद सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की द्वारा पारिवारिक लाभ और मुआवजा की घोषणा करने पर आक्रोशित लोगों ने प्रदर्शन बंद कर जाम हटा दिया। जाम हटाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बतातें चलें कि वीरेंद्र अपने पीछे दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। उसकी पत्नी वह परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# हुसैनाबाद एसडीओ ने किया मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एसडीओ पीयूष सिंहा ने शनिवार को शहर के राजकीय मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सरकार की ओर से मुहैया कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मध्याह्न भोजन के बारे में जानकारी ली। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी। बच्चों से किताब के बारे में पूछा। तब बच्चों ने बताया कि अबतक किताब नहीं मिली है। बताया गया कि बीआरसी से अभी किताब नहीं मिला है। इस पर एसडीओ ने फोन पर बीइइओ को यथाशीघ्र बच्चों को किताब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। एसडीओ ने विद्यालय



की साफ-सफाई आदि का भी अवलोकन किया। साथ ही कई कक्षाओं में बच्चों से विषयगत प्रश्न पूछा। उन्होंने अलग कक्षाओं में अलग-अलग विषयों के बारे में सीखने के मंत्र दिए। विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। कहा कि आज ईमानदारी से मेहनत करेंगे, तभी कल बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि अच्छी मेहनत के साथ सुंदर लिखावट भी जरूरी है। अपने मेहनत का खुद अवलोकन करें। उन्होंने शिक्षकों को बेहतर व सरल शिक्षण देने की बात कही। वहीं, शैक्षणिक माहौल कायम व बेहतर प्रबंधन की दिशा में कई निर्देश दिया।

# योगा से जीवन को आनंदमय बना सकते हैं : डॉ एके सिंह

**आक्सफोर्ड में हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ करते हुए प्राचार्य डॉ एके सिंह ने सभी छात्रों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि तन, मन और मस्तिष्क में नई सोच, नया ज्ञान एवं नए विषय पर ध्यान-केंद्रित करने के लिए हमें योग करना चाहिए। यह केवल एक दिन करने की क्रिया नहीं है




इसे प्रत्येक दिवस प्रातः काल खाली-पेट करने से हमारे शरीर के अनेक रोगों का नाश होता है। नवीन कार्य के प्रति रुचि रहता है। इससे हम समुचित रुप से अपने जीवन को सुखद और आनंदमय बना सकते हैं। जीवन में योग को अवश्य आत्मसात करना चाहिए। इस वर्ष का योगा थीम 'महिला सशक्तिकरण के लिए योग' रहा। वहीं, रागिनी द्वारा योग शपथ दिलाई गई। कक्षा 12वीं की छात्रा प्रिया ने योग दिवस पर प्रकाश डाला। शारीरिक प्रशिक्षक नीलम सरोज एवं अनिता यादव ने विभिन्न प्रकार के योगासन कराए।

# एकडरी मध्य विद्यालय में मुखिया ने किट बांटा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकडरी में शनिवार को मुखिया नरेश पासवान व प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने एक से आठ तक के विद्यार्थियों के बीच रब्बर, कट्टर, पेन, पेंसिल, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स आदि का वितरण किया। मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि स्टेशनरी किट मिलने से विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य में काफी सुविधा होगी। वहीं, प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन का हमेशा सकारात्मक प्रयास होता है कि बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए उपयोगी हर संसाधन उपलब्ध कराया जाए। मौके पर प्रबंधन समिति की अध्यक्ष आरती देवी, संयोजिका ललिता कुमारी, उपेंद्र, लक्ष्मी, असलम, पूनम आदि मौजूद थीं।

# योगाभ्यास से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बना रहता है: पद्माकर लाल दास

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर रेहला की ओर से कन्या उच्च विद्यालय प्रांगण में बालिकाओं एवं शिक्षकों के लिए योगाभ्यास शिविर आयोजित किया गया। शिविर के शुभारंभ पर ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला के मानव संसाधन प्रमुख पद्माकर लाल दास ने कहा कि योग हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है। प्रतिदिन नियमित रूप से योगाभ्यास करने पर शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बना रहता है। मस्तिष्क को शांत रखता है, एकाग्रता बढ़ती है और पढ़ाई लिखाई करने एवं निर्णय लेने में बहुत ही सहायक होता है। उन्होंने कहा कि योग लोगों को समाज को जोड़ने का काम करता है एवं नकारात्मकता को खत्म कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं चेतना का संचार करता है। वहीं, वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र चौबे ने ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व रेहला का इस आयोजन के लिए विद्यालय की ओर से आभार प्रकट किया। वहीं, छात्राओं द्वारा योग को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। योगाभ्यास में विद्यालय की 200 छात्राओं के अलावा आसपास के लोगों ने भी भाग लिया। वहीं, आर्ट ऑफ लिविंग डालटनगंज के योग प्रशिक्षक रमेश चंद्र प्रसाद एवं पायल लाठ ने छात्राओ को योग का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के अनिल गिरि, डॉ पीपी पांडेय,विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजनंदन तिवारी,शिक्षक चंद्रकांती शुक्ला, कहकशा नाज, कुमारी हेमलता आदि उपस्थित थे।

# आर्चरी में महिला कंपाउंड टीम ने जीता लगातार चौथा वर्ल्ड कप

**तुर्की (एजेंसी)।** तुर्किये के अंताल्या में हुए तीसरे वर्ल्ड कप में भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया। इससे पहले भारतीय कंपाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई में हुए इस साल के पहले वर्ल्ड कप और मई में येचियोन में हुए साल के दूसरे वर्ल्ड कप में गोल्ड जीता था। आर्चरी में एक साल में चार वर्ल्ड कप होते हैं। उसके बाद वर्ल्ड चैंपियनशिप होता है। इस साल का चौथा वर्ल्ड कप पेरिस में होना था, लेकिन पेरिस में ओलिंपिक गेम्स होने की वजह से अब चौथा वर्ल्ड कप नहीं होगा।

## सेमीफाइनल में तुर्की को हराया था

भारत ने क्वार्टर फाइनल में एल साल्वाडोर को 235-227 से और सेमीफाइनल में तुर्किये को 234-227 से हरा कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। वहीं फाइनल में पहले राउंड में भारतीय तिकड़ी ने 58-57 की बढ़त ली। दूसरे राउंड में दोनों टीमों ने 57-57 शॉट लगाए। जिसके बाद एक्सट्रा पांच शॉट मिले, जिसमें भारतीय टिकड़ी एक अंक से आगे रही। वहीं आखिरी राउंड में भी भारतीय तिकड़ी ने 58 शॉट लगाए, जबकि एस्टोनिया की टीम 57 शॉट ही लगा पाई।


## कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा

**राजस्व जलकरों का अल्पकालीन बंदोबस्ती की सूचना।**

कोडरमा जिला अंतर्गत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 तथा बिहार/झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समितियाँ अधिनियम 1996 के तहत निबंधित एवं वर्तमान में कार्यरत पंचायत स्तर, प्रखण्ड स्तर एवं जलाशय स्तर के मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के पत्रांक 1325 दिनांक 11.10.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक की अवधि हेतु कोडरमा जिला अन्तर्गत स्थित सरकारी जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु इच्छुक कार्यरत् समितियों से बंदोबस्ती का प्रस्ताव दिनांक 06.07.2024 तक निम्नलिखित कागजातों के साथ माँग की जाती है :–

1. राजस्व जमा प्रतिवेदन वर्ष :– 2024–25 तक। (रसीद की छायाप्रति संलग्न करे)
2. राजस्व बकाया रहित प्रमाण पत्र।
3. आम सभा की कार्यवाही का प्रतिवेदन। (पारित प्रस्तावित जलकरों की सूची सहित)
4. अद्यतन अंकेक्षण प्रतिवेदन (2023–24)
5. निर्वाचन प्रतिवेदन की अभिप्रमाणित छाया प्रति।
6. सदस्यता सूची की सत्यापित छायाप्रति। (प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहायक निबंधक के द्वारा)
7. सहायक निबंधक सहयोग समितियों/जिला सहकारिता पदाधिकारी, कोडरमा से स्वछच्ता प्रमाण–पत्र। (सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410 दिनांक 29.06.2011 के कंडिका 07 के अनुरूप)
8. कार्यकारिणी का प्रस्ताव/आम सभा।

संबंधित कागजातों को जमा करने के पश्चात ही समितियों के साथ बन्दोबस्ती करने पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक जलकरों का बन्दोबस्ती का प्रस्ताव समिति द्वारा सभी अहर्त्ताओं के साथ प्राप्त नहीं होने पर जलकरों की बन्दोबस्ती खुले डाक से करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

नोट :– विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR.NO.327380 Fish(24-25):D

## कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)

**द्वितीय अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–03/2023–24**

दिनांक–22.06.2024

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01& 03 | Const. of drain with cover from vikki saw house sarkari pain infront of naga baba mandir via primery school. | 3479391.00 | 69600.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | 02 | Const. of 300 ft. sidhi and shed near tako aahar. | 3608766.00 | 72500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | 13 | Const. of pcc road and drain with cover from maheshpur bajrangbali to pond near doman sundi house via kedar sundi house. | 3664264.00 | 73500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 4 | 02 | Const. of guard wall, drain, pcc from middle school durodih to shivsagar road via block boundry. | 13574037.00 | 271500.00 | 10000.00 | 6 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 25-06-2024 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 03-07-2024 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 05-07-2024 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 9430497772 | |

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 327437 Urban Development(24-25)#D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 23 जून, 2024
www.azadsipahi.in
11

### आजसू कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया

# मूलवासियों को अधिकार मिलने पर ही बनेगा बलिदानियों के सपनों का झारखंड : उमाकांत

आजाद सिपाही संवाददाता



आजसू के स्थापना दिवस पर पौधारोपण करते पूर्व मंत्री उमाकांत रजक व अन्य।

**बोकारो।** आजसू की स्थापना दिवस पर चंदनियारी स्थित पार्टी कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारियों एवं अमर शहीदों को सम्मान देने के उद्देश्य से बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर झारखंड के पूर्वमंत्री उमाकांत रजक मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि बलिदान दिवस विशेष रूप से युवाओं को समर्पित है। कहा कि युवाओं को अलग झारखंड राज्य आंदोलन की पीड़ा, संघर्ष और बलिदान को याद कर गौरवशाली इतिहास के प्रति नवीन ऊर्जा का संचार करना है। झारखंड में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, पर युवा बेरोजगार होकर पलायन को विवश हो रहे हैं। झारखंड सरकार को विशेष रूप से युवाओं के प्रति गंभीर होना चाहिए। कहा कि खनिज संपदाओं से भरे झारखंड में जब मूलवासियों को हक, अधिकार और युवाओं को रोजगार मिलेगा, तभी अमर शहीदों और वीर बलिदानियों के सपनों का झारखंड बनेगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि चंदनकियारी के गांव-गांव की समस्या से मैं अवगत हूं। जब तक चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के हर गांव से लेकर गली तक का विकास और बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। लोगों के मान, सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश महतो एवं संचालन राजेश भगत ने किया। मौके पर भोलानाथ गोप, विश्वनाथ महतो, शत्रुघ्न महतो, भोलानाथ शर्मा, जवाहरलाल महतो, उर्मिला देवी, राजीव रंजन झा, अश्विनी महतो, हासिम अंसारी, सुषेन रजवार, रमा देवी, महाराज महतो, परशुराम महतो, खुदीराम सिंह चौधरी, हुबलाल रजवार, दिनेश मोदी, मुख्तार आलम, रम्भा देवी, मथुर गोप, असीत मिस्त्री, मनोज शर्मा, राजकुमार गोराई, विकास सिंह, कुलदीप ठाकुर, सुरेश महतो, हीरालाल कुम्भकार, अश्विन शर्मा और मधुसूदन महतो आदि मौजूद थे।

## साइबर ठगी के मामले में तीन गिरफ्तार



**धनसार/झरिया (आजाद सिपाही)।** ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से लोगों को ठगने वाले तीन शातिर साइबर अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से मिले पासबुक में एक करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन का पता चला है। इसकी जानकारी देते हुए सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र प्रसाद राउत ने शनिवार को बताया कि एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि झरिया के बनियाहीर 10 नंबर निवासी रविरंजन कुमार ठाकुर कुछ लोगों के साथ मिलकर ऑनलाइन गेमिंग के जरिए साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। वह फर्जी एटीएम व सिम कार्ड बनाकर लोगों को झांसा देकर ठगी कर रहा है। इसके बाद सिंदरी एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर छापामारी की गयी और रविरंजन ठाकुर व उसके दो साथियों किशोर सिंह व सुहैल अली अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास से मोबाइल फोन, फर्जी एटीएम व सिम कार्ड, क्यूआर कोड, बैंक पासबुक, चेकबुक समेत अन्य कागजात बरामद किए गए हैं। जांच में यह भी पता चला है कि गिरोह का मास्टरमाइंड राज्य व देश से बाहर रहकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिलाता है। छापेमारी में एसडीपीओ भूपेन्द्र प्रसाद राउत, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा, झरिया थाना प्रभारी व जवान शामिल थे।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता के महत्व को लेकर प्रदर्शनी का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सीएसआइआर केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआइएमएफआर) ने धनबाद के दलदली स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्रों के लिए आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस एंड इट्स रोल इन अकैडमिक एक्सलेन्स 'द बीगिन्निंग ऑफ अ न्यू एरा' पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना था। इसमें आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस का परिचय, इसके प्रयोग, फायदे, नुकसान और भविष्य की संभावनाओं को शामिल किया गया था। विद्यार्थियों ने उत्सुकता और रुचि के साथ इस आयोजन में भाग लिया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय से कुल 53 छात्र और दो शिक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवस पर मानव संसाधन विकास विभाग जिज्ञासा के प्रमुख दिलीप कुम्भकार एवं कौशल के मार्गदर्शन में अनंत स्टीफन बेसरा, रूपा सिंह, मनीष पाठक, सुनीता कुमारी और स्वेता कुमारी ने छात्रों को शिक्षा में आर्टिफिश्यल इंटेलिजेंस के उपयोग पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि कैसे एआई शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ा सकता है। व्यक्तिगत शिक्षण अनुभवों को अनुकूलित कर सकता है और अनुसंधान व नवाचार को प्रोत्साहित कर सकता है, जो छात्रों के भविष्य के करियर आकांक्षाओं के साथ मेल खाता है। एआई को शिक्षकों और छात्रों के लिए एक अनिवार्य उपकरण के रूप में प्रस्तुत किया गया। जिससे सीखने के परिणामों में सुधार, ज्ञान अर्जन और अधिक दक्षता प्राप्त हो सके।

## जीटीए आउटसोर्सिंग में वादाखिलाफी के खिलाफ झामुमो ने किया चक्का जाम

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल गोविंदपुर क्षेत्र संख्या-3 अंतर्गत जीटीए आउटसोर्सिंग कंपनी में शनिवार को झामुमो के बैनर तले फिर एक बार चक्का जाम कर आंदोलन का शंखनाद किया गया। आंदोलन के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कतरास पुलिस ने आउटसोर्सिंग के आसपास भारी संख्या में महिला एवं पुरुष सशस्त्र बलों को तैनात कर दिया है। वहीं, झामुमो नेता शहजाद अंसारी ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी बार-बार समझौता से मुकर रही है। हर बार आश्वासन देकर मजदूरों को बरगना रही है। अब मजदूरों का सब्र जवाब दे रहा है। आउटसोर्सिंग कंपनी अपने लठैतों के बल पर आउटसोर्सिंग चलाना चाहती है। पर अब मजदूर भी आरपार की लड़ाई का मूड बना चुके हैं। बताया कि इसके पूर्व समझौता में कंपनी ने सभी मजदूरों को एचपीसी के तहत भुगतान करने, पहचान पत्र उपलब्ध कराने और अन्य मांगों को मानने की बात कही थी। लेकिन अब मुकर रही है। इसके पहले भी 10 दिन का समय दिया गया था, लेकिन आउटसोर्सिंग कंपनी ने इस बीच कोई वार्ता नहीं की। मजबूरन मजदूरों को आउटसोर्सिंग का चक्का जाम करना पड़ा। इस मौके पर राजा अंसारी, अल्ताफ आलम, जहीर अंसारी, मिनाज अंसारी, राहुल यादव और जितेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

# वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का बना आधार कार्ड

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के सचिव राकेश रोशन की पहल पर शनिवार को सबलपुर, सहयोगी नगर सेक्टर 3 स्थित ओल्ड एज होम में आधार सेवा केंद्र के सेंटर मैनेजर प्रदीप कुमार एकघरा व सिस्टम ऑपरेटर भोलानाथ महतो की ओर से आधार कैंप लगाया गया। जिसमें 16 बुजुर्गों का आधार संबंधीत समस्याओं का निराकरण किया गया। प्रदीप कुमार एकघरा ने बताया कि आधार कार्ड के बन जाने से बुजुर्गों को केंद्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता मिल सकेगी। बतातें चलें कि रविवार को लोहार बरवा टुंडी रोड स्थित लाल मनी वृद्ध आश्रम में आधार कैंप का आयोजन किया जाएगा एवं वहां रह रहे सभी बुजुर्गों के आधार कार्ड से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। इस कैंप को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने में आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी की अहम भूमिका थी। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व डालसा के सचिव राकेश रोशन कुमार बुजुर्गों की सुध लेने आश्रम आए थे। इसी दौरान मैंने उनसे कहा कि बहुत से अनजान लोग आश्रम के दरवाजे पर बुजुर्गों को छोड़कर चले जाते हैं जिनका कोई आधार कार्ड नहीं होता। इस बाबत मेरे आग्रह पर उन्होंने सभी बुजुर्गों का आधार कार्ड संबंधित विभाग से बनवाने का आश्वासन दिया था जो ओल्ड एज होम में आज पूर्ण हुआ। आधार कार्ड बनने के उपरांत भारत सरकार से मिलने वाली सहायता से आश्रम के सभी बुजुर्ग लाभान्वित होंगे। वहीं, शिविर के आयोजन पर कुमार मधुरेंद्र सिंह,ओंकार मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, एस पंडित और संध्या देवी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रोशन कुमार का आभार प्रकट किया।

# रंगदारी नहीं देने पर कोयला ले जा रहे बाइक सवार युवकों की पिटाई

**मेहताब शेख सहित पांच आरोपितों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** रंगदारी नहीं देने पर कोयला ले जा रहे बाइक सवार एक युवक की बुरी तरह पिटाई कर लहूलुहान कर देने का मामला प्रकाश में आया हैं। घटना महुदा थाना क्षेत्र के कांडरा बस्ती में घटित हुई। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह प्रतिदिन की तरह मधुबन थाना व खरखरी ओपी क्षेत्र से कुछ लोग अपनी बाइक में कोयला लादकर उसे बेचने के लिए कांडरा बस्ती होकर जा रहे थे। तभी आधा दर्जन युवकों ने कोयला ले जा रहे बाइक सवार युवकों को रोक कर उनसे रंगदारी मांगी। नहीं देने पर उन पर हमला कर दिया और बुरी तरह पिटाई कर दी। बताते चलें कि कुछ लोग बाइक पर कोयले की बोरियां लादकर उसे गांवों में जाकर घर-घर व ईंट-भट्ठो में बेचकर अपना एवं परिवार का पेट पालते हैं। उनलोगों से रंगदारी के लिए मारपीट किए जाने से आक्रोषित लोगों ने भारी संख्या में महुदा थाना पहुंच कर प्रदर्शन किया। साथ ही मारपीट करने वालों के खिलाफ महुदा थाना प्रभारी से अविलंब कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान झामुमो नेता कारू यादव भी थाना पहुंच गये। चिंता व्यक्त करते घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी ने भी आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

### डीइओ और बीडीओ ने कई विद्यालयों का किया निरीक्षण

# अनुपस्थित शिक्षकों से किया जायेगा जवाब तलबः डीइओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरोचट्टी।** बोकारो के जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरन्नाथ लोहरा और गोमिया प्रखंड के बीडीओ महादेव महतो ने शनिवार को संयुक्त रूप से कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इससे शिक्षकों में हड़कंप मच गया। डीइओ और बीडीओ ने संयुक्त रूप से उत्क्रमित मध्य विद्यालय बडकीचिदरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चिलगो, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चतरोचट्टी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुरलुंग का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षक व छात्र उपस्थिति पंजी का जायजा लिया। डीइओ ने बताया कि अनुपस्थित शिक्षक से जवाब तलब किया गया है। वहीं, गोमिया के बीडीओ महादेव महतो ने स्कूल में बच्चों से सवाल-जवाब किया और पढ़ाया भी। बीडीओ को बच्चों को पढ़ाता देख शिक्षक हैरत में दिखे। बीडीओ ने छात्रों के साथ संवाद करते समय बताया कि जल्द ही कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए साइकिल का एक हफ्ते के अंदर वितरण किया जाएगा। वहीं, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरन्नाथ लोहरा ने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी विद्यालय के बच्चे नामांकन के लिए आ रहे हैं उसे शत-प्रतिशत नामांकन किया जाए। शिक्षण कार्य के दौरान पाठ योजना तैयार कर कक्षा लेने को कहा गया। वहीं छात्रों से 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होने की बात कही। विद्यालय में कमरों की समस्या को देखते हुए जल्द ही जिला प्रशासन से बात कर कमरों की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।

## इस्कॉन कुसुम विहार की ओर से मनाया गया श्री जगन्नाथ स्नान उत्सव

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इस्कॉन कुसुम विहार की ओर से शनिवार को श्री जगन्नाथ स्नान उत्सव मनाया गया। उत्सव रिजॉर्ट में आयोजित कार्यक्रम में आए भक्तो ने भगवान के अभिषेक, महाभोग, कथा एवं कीर्तन का आनंद लिया। कथावाचक सुंदर गोविंद प्रभु ने भक्तो को स्नान यात्रा की लीला का व्याख्यान किया। बताया कि आज स्नान यात्रा के दिन ही ब्रह्मा जी द्वारा पूरी में सर्वप्रथम भगवान श्री जगन्नाथ का विग्रह स्थापित किया गया था। आज के दिन पूरी में भगवान मंदिर से बाहर आते है और उनका अभिषेक किया जाता है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा**

**"भर्त्ती कैम्प–2024"–ः सूचना ः–**

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : **27 जून, 2024** को **जिला नियोजनालय, कोडरमा में** पूर्वाह्न **10:00** बजे से अपराह्न **02:00** बजे तक एक दिवसीय "**भर्त्ती कैम्प– 2024**" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S. No | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification | Age | Pay & Allow. | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Phoenix Solutions, (Outsource Company Of KTPS, DVC,Koderma) | Asst. Electrician (Semi Skilled) | 01 | ITI, (Trade Electrician) | 20 to 30 Yrs. | 16470 P.M | ----- |
| | | Field Operator (Semi Skilled) | 03 | Inter Pass | 20 to 30 Yrs. | 16470 P.M | ----- |
| | | Un-Skilled | 01 | Matric/Non Matric | 20 to 30 Yrs. | 14094 P.M | ----- |
| 02 | Manoranjan Singh, (Outsource Company Of KTPS, DVC,Koderma) | Drain Cleaner/Chamber Cleaner | 04 | Non- Matric | 18-40 Yrs | 12096 P.M | ------ |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त "**भर्त्ती कैम्प– 2024**" में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। **झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा साथ ही KTPS, DVC, Banjhedih, Koderma के द्वारा विस्थापन से संबंधित प्रमाण पत्र/कागजात अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।** वैसे उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में "**भर्त्ती कैम्प– 2024**" में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह/0
जिला नियोजन पदाधिकारी, कोडरमा

**PR 327384 Labour Employment and Traning(24-25)#D**



झारखण्ड सरकार
कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

**जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–04रा(वि0), दिनांक–30.05.2024(तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वित्तीय वर्ष 2024–25) द्वारा जिला–लोहरदगा के मत्स्य कृषकों के लिये विभिन्न योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है। संबंधित योजनाओं हेतु राज्यादेशानुसार अहर्त्ता रखने वाले सुयोग्य मत्स्य कृषकों/मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है। योजनाओं हेतु आवेदन प्रपत्र/आवेदन का प्रारूप जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। म0जी0स0स0/सदस्यों द्वारा सादे कागज पर लिखित आवेदन भी मान्य होगा। सभी वांछित कागजातों के साथ प्राप्त आवेदन ही चयन प्रकिया में सम्मिलित किये जायेंगे। दिनांक–06.07.2024 को कार्यालय समयावधि तक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

योजनाओं की विवरणी निम्नलिखित है:–

| क0 | योजना का नाम | इकाई | काटि | इकाई लागत | राज्य सरकार का अनुदान | लाभुक अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 796 | | | | |
| 1 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिये चप्पू नाव | सं0 में | 2 | मो0 33,000/– रु0 मात्र | मो0 30,000/– रु0 प्रति नाव | मो0 3000/– रु0 प्रति नाव | संबंधित योजनाओं में राज्यादेशानुसार अहर्त्ता रखने वाले आवेदकों को चयन में सम्मिलित किया जाएगा। योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में आकर ली जा सकती है। |
| 2 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के लिये मोटरचालित नाव | सं0 में | 1 | मो0 4,14,000/– रु0 मात्र | 90% अर्थात् मो0 3,72,600/– रु0 मात्र | 10% अर्थात् मो0 41,400/– रु0 मात्र | |
| 3 | मत्स्य जीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिये गिल नेट | सं0 में | 5 | मो0 590/– रु0 मात्र प्रति किग्रा | 90% अर्थात् मो0 2,655/– रु0 मात्र प्रति 5 किग्रा | 10% अर्थात् मो0 295/– रु0 मात्र प्रति 5 किग्रा | |
| 4 | नए रिवराईन फिश फार्मिंग/ओपन एरिया फार्मिंग | सं0 में | 5 | मो0 86,000/– रु0 मात्र | पूर्ण अनुदान | – | |
| 5 | केज रिपेयरिंग | सं0 में | 10 | अनुमानित लागत मो0 35,000/– रु0 मात्र | अधिकतम मो0 25,000/– रु0 मात्र अथवा वास्तविक व्यय | लागत की शेष राशि | |
| 6 | केज रिमॉडलिंग | सं0 में (केज बैटरी) | 5 | मो0 1,82,000/– मात्र | 90% अर्थात् मो0 1,64,250/– रु0 मात्र | 10% राशि | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 327346 (Fish) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03 वर्ष 2024–25**

1. कार्यालय का नाम :– लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 28.06.2024 के 1:00 बजे अपराह्ण तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 29.06.2024 के 3:00 बजे अपराह्ण तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29.06.2024 के 3:30 बजे अपराह्ण तक।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला। 2. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 3. सहायक अभियंता, लघु सिंचाई अनुमण्डल, सिसई, कैम्प, लघु सिंचाई प्रमण्डल गुमला के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
8. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला।
9. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पालकोट थाना में 01 यूनिट बैरक (16'X64') का निर्माण कार्य | पालकोट | 2490699.91 | 49850.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 2 | कामडारा थाना में 01 यूनिट बैरक (16'X64') का निर्माण कार्य | कामडारा | 2490699.91 | 49850.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 3 | बसिया थाना में 01 यूनिट बैरक (16'X64') का निर्माण कार्य | बसिया | 2490699.91 | 49850.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 4 | गुमला थाना अंतर्गत कोटाम पुलिस पिकेट में 01 यूनिट बैरक (16'X64') का निर्माण कार्य | गुमला | 2490699.91 | 49850.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 5 | रायडीह थाना में 01 यूनिट बैरक (16'X64') का निर्माण कार्य | रायडीह | 2490699.91 | 49850.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 6 | घाघरा थाना में 01 यूनिट बैरक (16'X64') का निर्माण कार्य | घाघरा | 2490699.91 | 49850.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 7 | घाघरा थाना एवं कोटाम पुलिस पिकेट (गुमला थाना) में 01 यूनिट मेस एवं 01 शौचालय का निर्माण कार्य | घाघरा /गुमला | 2069193.55 | 41400.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 8 | बसिया थाना में 01 यूनिट मेस एवं कामडारा थाना अंतर्गत रेरवा पिकेट में 05 यूनिट शौचालय का निर्माण कार्य | बसिया /कामडारा | 2069193.55 | 41400.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 9 | कामडारा थाना में 01 यूनिट मेस एवं 05 यूनिट शौचालय का निर्माण कार्य | कामडारा | 2069193.55 | 41400.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 10 | कोटाम पुलिस पिकेट (गुमला थाना) में 01 यूनिट मेस एवं 05 यूनिट बाथरुम का निर्माण कार्य | गुमला | 2069193.55 | 41400.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 11 | पालकोट थाना अंतर्गत गुरमा पुलिस पिकट में 05 यूनिट शौचालय एवं पालकोट थाना में 05 यूनिट शौचालय एवं 05 यूनिट बाथरुम का निर्माण कार्य | पालकोट | 1862099.86 | 37250.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 12 | बनपुर पुलिस पिकेट (कामडारा थाना अंतर्गत) में 02 यूनिट मोर्चा एवं 05 यूनिट शौचालय एवं 180.00 मीटर गहरी बोरिंग एवं कामडारा थाना में 01 यूनिट बाथरुम का निर्माण कार्य | कामडारा | 2118399.81 | 42400.00 | 5000.00 | 4 माह |
| 13 | बिशुनपुर थाना में 01 यूनिट बैरक (16'X64') का निर्माण कार्य | बिशुनपुर | 2490699.91 | 49850.00 | 5000.00 | 4 माह |

निविदा की शर्तेः– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकघर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न हैः– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mail ID- eemidgum@gmail.com

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**PR 327376 Minor Irrigation(24-25).D**

2,3 BHK FLAT AVAILABLE
FOR SALE
At Bootymore & Tatisilwai
(Residential & Commercial)
On Road, Project Near & Smart Point Booty More, Ranchi
Contact Now
8521980977

# सोआ को मिले टाइम्स नाउ बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड समेत सात सम्मान





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च (आइटीइआर) और इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज (आइबीसीएस) को पूर्व भारत के सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेजों और प्रबंधन कॉलेजों के रूप में बुधवार को कोलकाता में सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग कॉलेजों के रूप में टाइम्स नाउ बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। आइटीसी रॉयल बंगाल होटल में आयोजित टाइम्स नाउ बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड-ईस्ट 2024 कार्यक्रम में सोआ के इन दोनों शैक्षणिक संस्थानों को पूर्व भारत के सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक संस्थानों के रूप में मान्यता दी गयी है। इसी तरह, सोआ प्रबंधित इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम हॉस्पिटल के ऑन्कोलॉजी, कार्डियोलॉजी और कार्डियक सर्जरी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभागों को ओड़िशा के नंबर एक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल के सर्वश्रेष्ठ विभाग के रूप में सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेता एवं निर्देशक एवं प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता सोनू सूद, बॉलीवुड एवं बंगाली फिल्म जगत के प्रसिद्ध अभिनेता एवं निर्देशक परमब्रत चटर्जी एवं अलायंस फ्रानकेस डु बेंगले के निदेशक निकोलस फासिनो शामिल हुए और सोआ को ये सात सम्मान प्रदान किये। सोआ की ओर से परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर मंजुला दास और जनसंपर्क अधिकारी शुभदर्शिनी मिश्र ने अतिथियों से सम्मान प्राप्त किया।

इस अवसर पर इमामी समूह के निदेशक आदित्य वी अग्रवाल, अंबुजा नेवतिया समूह के अध्यक्ष हर्षवर्धन नेवतिया, आइआइटी खड़गपुर के पूर्व निदेशक प्रो पार्थ प्रतिम चक्रवर्ती, टाइम्स नेटवर्क के अध्यक्ष और सीओओ रोहित चड्ढा और टाइम्स नेटवर्क के सहायक उपाध्यक्ष बिमान दत्त उपस्थित थे।

# डॉ अच्युत सामंत आइएसटीइ लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से किये गये सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** देश में तकनीकी शिक्षा के प्रमुख निकाय इंडियन सोसाइटी फॉर टेक्निकल एजुकेशन (आइएसटीइ) का 53वां सत्र आज किट-डीयू में किट और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान करने के साथ शुरू हुआ।

इस सम्मेलन की मेजबानी कलिंग सामाजिक विज्ञान संस्थान (किस) द्वारा की जा रही है और किट-डीयू द्वारा समर्थित है। इस अवसर पर आइएसटीइ की मानद फेलोशिप आइआइटी दिल्ली के निदेशक रंगन बनर्जी; वीटीयू के क्षेत्रीय निदेशक प्रो बासवराज गाडगे; एआइसीटीइ के सलाहकार राजेंद्र बलिराम काकडे; बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार डॉ अनिल कुमार और मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) मेजर महेश कुमार हाडा को प्रदान की गयी।

आईएसटीइ सर्वश्रेष्ठ तकनीकी विश्वविद्यालय पुरस्कार वेल टेक रंगराजन डॉ सगुंथला आर एंड डी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई के वीसी को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रशासक के लिए आइएसटीइ राष्ट्रीय पुरस्कार किट-डीयू के वीसी प्रो सरनजीत सिंह को दिया गया और आइएसटीइ सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ और हरित परिसर पुरस्कार किट-डीयू को भी दिया गया।

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand
Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY D-PHARM
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com



स्नान मंडप में चतुर्धा मूर्ति : शनिवार को महाप्रभु के स्नान वेदी में स्नान यात्रा और हाती बेश के मौके पर लोकरण्य सिंहद्वार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

# टाटा स्टील मेरामंडली का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने संयंत्र में और आस-पास के गांवों में समुदाय के बीच उत्साह के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने अपनी प्रोजेक्ट रिश्ता टीम के साथ समन्वय में, ओडापड़ा ब्लॉक के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) और स्कूलों में किशोरों के साथ कार्यक्रम आयोजित किए। स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को योग के लाभों से परिचित कराना, शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देना और किशोरों में सामुदायिक भावना को बढ़ावा देना है।।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों को योग के अभ्यास और लाभों से परिचित कराना, योग अभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देना, सामुदायिक और एकजुटता की भावना को बढ़ावा देना और व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण के लिए योग के महत्व को उजागर करना था।

संयंत्र परिसर के अंदर प्रशासन विभाग द्वारा किसिंडा क्लब और जी-4 कॉलोनी में श्रमिकों के लिए एक आकर्षक योग सत्र का आयोजन किया गया था। 50 से अधिक कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने सत्रों में भाग लिया, जो प्रमाणित योग प्रशिक्षकों द्वारा आयोजित किये गये थे। इस कार्यक्रम में टीएसएम के प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति देखी गई, जिनमें वेद प्रकाश ठाकुर, चीफ शेयर्ड सर्विसेज, टीएसएम, राजेश अग्रवाल चीफ इलेक्ट्रिकल टीएसएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

## न्यूज रील्स

### रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट अब जीएसटी के दायरे से बाहर

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। जीएसटी परिषद् ने रेलवे की ओर से आम लोगों को दी जाने सेवाओं पर बड़ा फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म टिकट लेने के अलावे डॉरमेट्री, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम और बैट्री ऑपरेटेड वाहनों के इस्तेमाल जैसी सुविधाओं को जीएसटी से बाहर कर दिया गया है। अब ऐसी सुविधाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने पर भी अब जीएसटी नहीं देना होगा। किसी खास समाज की ओर से चलाये जा रहे हॉस्टल पर भी जीएसटी देय नहीं होगा, अगर कोई व्यक्ति वहां 90 दिन लगातार रहते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए जीएसटी परिषद ने विभाग की ओर से अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, उच्च न्यायालय के लिए 1 करोड़ रुपये और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को जीएसटी परिषद् की बैठक के बाद ये बातें कहीं।

## भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ को मिली बड़ी सफलता

# 2.48 करोड़ के सोने के साथ तीन तस्कर रंगेहाथ गिरफ्तार

- बीएसएफ डीआइजी ने की सींमावर्ती क्षेत्र में रहनेवालों से तस्करों की सूचना देने की अपील




आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत बोर्नबेरिया सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ 8वीं बटालियन के जवानों ने खुफिया विभाग की सूचना पर कार्रवाही करते हुए पश्चिम बंगाल के नदिया जिला के सीमावर्ती इलाके में सोने की तस्करी को विफल करते हुए तीन तस्करों को रंहेगाथ दबोच लिया। उनके पास से सोने के 30 बिस्कुट बरामद हुआ, जिनका वजन 3.4 किलो है। इसका बाजार मूल्य दो करोड़ 48 लाख 49 हजार 920 रुपये है। तस्कर सोने के बिस्कुटों को बांग्लादेश से भारत में तस्करी कर आगे डिलीवरी के लिए ले जा रहे थे। बीएसएफ से मिली सूचना के अनुसार इंटेलिजेंस विभाग ने बोर्नबेरिया सीमा चौकी के जवानों को सोने की तस्करी के बारे में सूचना दी थी, जिसके आधार पर जवानों ने कुलगाछी गांव के पास संदिग्ध इलाके में घात लगाया। इसी बीच बीएसएफ जवानों ने तीन व्यक्तियों को सोने की खेप को सौंपन के दौरान दबोच लिया। उनके पास से दो बाइक और एक देशी वैन भी जब्त किया गया। इसके बाद बीएसएफ ने पकड़े गये तस्करों और जब्त सोने के बिस्कुटों के साथ आगे की कार्यवाही के लिए बोर्नबेरिया सीमा चौकी ले आयी। उनकी पहचान रोहन दास, अर्णव कर्माकर एवं छोटन के रूप में हुई है। तीनों तस्कर पश्चिम बंगाल के नदिया के रहने वाले है।

रोहन दास ने पूछताछ में बताया कि वह बानपुर के किसी अज्ञात तस्कर के लिए पिछले कुछ दिनों से काम कर रहा था। सोने की खेप को आगे डिलीवरी के लिए गोल्ड कुरियर को दे देता था, जिसके लिए उसे पैसे मिलते थे। अर्णव कर्माकर एवं छोटन गोल्ड कुरियर का काम कर रहे थे। दोनों ने आगे बताया कि बानपुर के किसी अज्ञात व्यक्ति के लिए वे सोने की डिलीवरी के लिए काम कर रहे थे, जिसके लिए उन्हें अच्छे खासे पैसे मिलते थे। दोनों ने सोने की खेप को बनगांव में किसी अज्ञात व्यक्ति को सौंपना था पर बीएसएफ ने उन्हें सोने की खेप लेने के दौरान ही पकड़ लिया। वहीं, पकड़े गये तीनों तस्करों व जब्त सोने को आगे की कार्रवाही के लिए कोलकाता डीआरआइ को सौंप दिया है।

उधर, बीएसएफ, दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी डीआईजी एके आर्य ने बीएसएफ की सफलता पर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने तस्करी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए बीएसएफ की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने सीमावर्ती निवासियों से आग्रह किया कि वे सोने की तस्करी से संबंधित किसी भी तरह की सूचना बीएसएफ के सीमा साथी हेल्पलाइन नंबर 14419 या व्हाट्सएप मैसेज या वॉयस मैसेज के जरिए 9903472227 पर दे सकते हैं। ठोस जानकारी के लिए उचित इनाम दिया जायेगा। साथ ही सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# फिच रेटिंग्स ने 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 0.2 प्रतिशत अंक बढ़ा कर 7.2 प्रतिशत किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** फिच रेटिंग्स ने अनुमान लगाया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 7.2 प्रतिशत रहेगी। यह फिच रेटिंग्स द्वारा मार्च 2024 की रिपोर्ट में भारत के लिए उल्लेख किये गये अनुमानित 7 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि से 0.2 प्रतिशत अंक अधिक है। 18 जून को जारी इसकी नवीनतम वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण (जीइओ) रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत घरेलू मांग के कारण वित्तीय वर्ष (एफवाइ) 2023-24 के दौरान भारत की वास्तविक जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निवेश में भी 9.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उपभोक्ता खर्च में 4.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हमें उम्मीद है कि वित्तीय वर्ष 24-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 7.2 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि होगी (मार्च जीइओ से 0.2 प्रतिशत अंक अधिक)। उपभोक्ता विश्वास उच्च स्तर पर बना हुआ है, जिसके कारण उपभोक्ता खर्च में सुधार की उम्मीद है। फिच रेटिंग्स की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे सामान्य मानसून की उम्मीद से विकास को बढ़ावा मिलेगा और मुद्रास्फीति में स्थिरता रहेगी, हालांकि हाल की भीषण गर्मी से जोखिम पैदा हुआ है।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वर्ष की शुरुआत से ही उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर में कमी दर्ज की जा रही है। मई में सालाना आधार पर महंगाई दर 4.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि दिसंबर 2023 में यह 5.7 प्रतिशत थी। कोर मुद्रास्फीति लगातार कम हो रही है, जो दिसंबर के 3.8 प्रतिशत से गिरकर मई में 3.0 प्रतिशत रह गयी है। हालांकि, खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अब भी उच्च स्तर पर टिकी हुई है, जो चालू वर्ष के पहले पांच महीनों में औसतन 7.8 प्रतिशत आंकी गई है। पूर्वानुमानों के अनुसार, जून से लेकर सितंबर तक बारिश औसत से अधिक रहने की उम्मीद है, जिससे खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की वजह से महंगाई बढ़ने के जोखिम को कम करने में काफी मदद मिलेगी।

हेडलाइन मुद्रास्फीति में गिरावट जारी रहने की उम्मीद है जो वर्ष के आखिर तक 4.5 प्रतिशत के स्तर पर आ जायेगी और वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 में औसतन 4.3 प्रतिशत रहेगी और जो कि इसकी लक्ष्य सीमा (4% +/- 2%) के मध्य-बिंदु से थोड़ी अधिक है।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU
Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY)
4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE
3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT
B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**